दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 349 | जयपुर | बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से कहा

# यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार



बढ़ता राजस्थान

**कज़ान ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और उनसे कहा कि वे यूक्रेन संघर्ष के शीघ्र, शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं और उन्होंने कहा, भारत हमेशा शांति लाने में मदद करने के लिए तैयार है। मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा, मैं रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के विषय पर लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना ??है कि समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से किया जाना चाहिए।

हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं। हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी गई है। भारत आने वाले समय में हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले तीन महीनों में रूस की उनकी लगातार यात्राओं ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया है। उन्होंने बैठक के दौरान कहा, मैं आपकी मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए दिल से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कज़ान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। कज़ान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से ये संबंध और मजबूत होंगे।

### यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार

प्रधानमंत्री ने पुतिन से कहा यूक्रेन विवाद को सुलझाने के लिए भारत हरसंभव सहयोग देने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कज़ान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। द्विपक्षीय बैठक में प्रधानमंत्री ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हरसंभव सहयोग देने की भारत की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे विवाद के विषय पर मैं लगातार आपके संपर्क में रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले कहा है, हमारा मानना ??है कि समस्याओं का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान किया जाना चाहिए। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र स्थापना का पूरा समर्थन करते हैं।

हमारे सभी प्रयासों में मानवता को प्राथमिकता दी जाती है। भारत आने वाले समय में हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले तीन महीनों में रूस की अपनी दो यात्राओं को भी याद करते हुए कहा कि वे हमारे घनिष्ठ समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाती हैं। पुतिन के अलावा प्रधानमंत्री के चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने और अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की संभावना है। यह शिखर सम्मेलन रूस-यूक्रेन युद्ध और मध्य पूर्व संकट सहित चल रही वैश्विक अशांति के मद्देनजर हो रहा है।

### मोदी का रूस में लड्डू और ब्रेड नमक से स्वागत

इससे पहले जब मोदी एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका स्वागत लड्डू और ब्रेड नमक के साथ किया गया। साथ ही वो यहां प्रवासी भारतीयों से भी मिले। इसके बाद कजान के होटल पहुंचने पर उन्होंने भारतीय पोशाक पहने रूसी कलाकारों का डांस भी देखा। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। वे आज शाम में ब्रिक्स लीडर्स के साथ डिनर में शामिल होंगे। डिनर के दौरान उनकी यहां कई लीडर्स के साथ अनौपचारिक बातचीत हो सकती है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी बुधवार को ब्रिक्स की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। यह दो सेशन में होगी। सबसे पहले सुबह क्लोज प्लेनरी यानी बंद कमरे में बातचीत होगी। इसके बाद शाम को ओपन प्लेनरी होगी। इस दौरान पीएम मोदी कई नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।



## जयपुर एयरपोर्ट पर प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

### बम होने की सूचना, सीआईएसएफ के जवानों ने की घेराबंदी, 183 यात्री सवार थे




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम को इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। इंडिगो की फ्लाइट कोलकाता से जयपुर आ रही थी। इस दौरान पायलट को जानकारी मिली की फ्लाइट में बम है। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम से बातचीत कर पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट के टैंगो टैक्सी एरिया में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई है। यहां फ्लाइट की जांच जारी है। दरअसल, मंगलवार दोपहर 2 बजकर 58 मिनट पर इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई - 394 ने कोलकाता से जयपुर के लिए उड़ान भरी थी। इसमें कुल 183 यात्री मौजूद थे। विमान की 5:19 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग होनी थी। लैंडिंग से कुछ वक्त पहले ही पायलट को फ्लाइट में बम होने की जानकारी मिली। इसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए 5:14 पर ही जयपुर एयरपोर्ट के टैंगो टैक्सी एरिया पर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई है। इसके बाद सीआईएसएफ स्टाफ ने फ्लाइट के चारों तरफ 100 मीटर दूर घेराबंदी कर फ्लाइट की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल फ्लाइट में 183 यात्री मौजूद है। जिन्हें जांच पूरी होने के बाद सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा।

## राजस्थान-यूएई सरकार के बीच 3 लाख करोड़ का एमओयू

### 60 गीगावॉट कैपेसिटी का बिजली उत्पादन प्लांट लगाएगी यूएई की कंपनियां




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने यूएई सरकार के साथ मंगलवार को 3 लाख करोड़ रुपए का एमओयू साइन किया है। इस एमओयू के तहत यूएई की सरकार और वहां की कंपनियां राजस्थान के पश्चिमी बेल्ट में 60 गीगावॉट कैपेसिटी के सोलर, विंड और हाइब्रिड एनर्जी जनरेशन प्लांट स्थापित करेगी। ये एमओयू मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की उपस्थिति में हुआ। इस एमओयू पत्र पर यूएई के निवेश मंत्री और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा- अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में 500 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान को 250 गीगावॉट के सोलर प्लांट लगाने होंगे। आज इस एमओयू से यूएई के साथ हुई साझेदारी से इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, एसीएस ऊर्जा आलोक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राइजिंग राजस्थान समिट के लिए न्यौता

एमओयू के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में होने जा रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में यूएई के मंत्री सुवैदी को आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री ने यूएई के निवेश मंत्री को राजस्थान में अक्षय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, वितरण के साथ-साथ होटल एवं पर्यटन, और अवसंरचना विकास परियोजनाओं में निवेश की संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया।

## झारखंड में कांग्रेस की पहली लिस्ट में 21 उम्मीदवार

### 17 विधायकों में से 15 को टिकट; जेल में बंद आलमगीर और उमाशंकर अकेला होल्ड पर

बढ़ता राजस्थान

**रांची।** झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 21 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। कांग्रेस ने जामताड़ा से इरफान अंसारी को टिकट दिया है। रामगढ़ से ममता देवी को उम्मीदवार बनाया है। हजारीबाग से मुन्ना सिंह, जमशेदपुर पूर्व से डॉक्टर अजय कुमार, हटिया से अजय नाथ सहदेव, सिमडेगा से भूषण बारा को टिकट मिला है। पार्टी ने 17 विधायकों में से 15 को फिर से टिकट दिया है। पाकुड़ के विधायक आलमगीर आलम और बरही विधायक उमाशंकर अकेला का नाम होल्ड पर रखा गया है। आलमगीर आलम जेल में हैं। उनकी जगह पत्नी या बेटे को टिकट मिलने की संभावना है। हालांकि, अकेला पर संशय बना हुआ है।




### 21 कैंडिडेट्स में 5 महिलाएं

पार्टी ने पांच महिलाओं को भी चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें दीपिका पांडेय सिंह, अंबा प्रसाद साहू, ममता देवी, पूर्णिमा नीरज सिंह और शिल्पी नेहा तिर्की हैं। इनमें से चार पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस टिकट पर जीती थीं, जबकि शिल्पी उपचुनाव जीतकर विधायक बनी थीं।

Rajdhani Battery
LUMINOUS Inverter • UPS • Battery
EXIDE INDUSTRIES LIMITED
Deals in:
All Vehicle Battery, inventor & Inverter Batteries & SMF Batteries
Mohd. Islam 9314625427
Mohd. Nasir 9982625427
Email: rajdhanibattery@gmail.com
Tonk Road, Near Gow Shala, Sanganer, Jaipur




## डॉक्टर्स की हड़ताल ने राजस्थान में हालात बिगाड़े

### रात में मरीजों को देखने के लिए डॉक्टर्स नहीं, 225 ऑपरेशन टले; कोटा में नहीं हुई हड़ताल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर समेत राजस्थान के अन्य शहरों में मंगलवार को भी रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल जारी रही। इस कारण जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल में आईपीडी, ओटी, ओपीडी और इमरजेंसी सेवा प्रभावित रहीं। मंगलवार को जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में ही छोटे और गैर जरूरी (जिन्हें टाला जा सकता है) 100 से ज्यादा ऑपरेशन नहीं हुए। इस हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव रात के समय जनरल वार्ड, आईसीयू और इमरजेंसी में पड़ रहा है। यहां नाइट शिफ्ट में मरीजों को संभालने के लिए डॉक्टर्स नहीं हैं। इधर, कोटा में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल पर नहीं जाने का फैसला लिया है। सोमवार को भी यहां के रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर नहीं थे। उन्होंने हड़ताल का समर्थन नहीं करने का भी फैसला लिया है।

### 50 डॉक्टर्स की ड्यूटी वार्डों में लगे, तब कंट्रोल में आए व्यवस्था

सरकार ने जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कल जिन 50 डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई है। खास बात यह है कि इन डॉक्टर्स की ड्यूटी इवनिंग और नाइट में वार्डों, आईसीयू और इमरजेंसी में नहीं लगाई गई, जबकि हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव वहीं देखने को मिल रहा है। दिन के समय ओपीडी और वार्डों में फेकल्टी और दूसरे जूनियर डॉक्टर्स के उपलब्ध रहने के कारण इतनी समस्या नहीं रहती, लेकिन शाम और रात में रेजिडेंट्स के नहीं होने से परेशानी बढ़ जाती है।



### मरीज को भर्ती किया, लेकिन दो दिन डॉक्टर ही नहीं आए

एसएमएस हॉस्पिटल के जनरल मेडिसिन वार्ड यूनिट 9 में भर्ती एक मरीज के परिजन ने बताया- 20 अक्टूबर की शाम 4 बजे मरीज को भर्ती किया था। हालात खराब थी इसलिए उन्हें भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने दवाइयां भी लिख दीं, लेकिन वार्ड में उन्हें 22 अक्टूबर रात तक किसी डॉक्टर ने देखा तक नहीं। कल देर रात किसी परिचय से फोन करवाने के बाद एक डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने देखा और डॉक्टर के बताए इंजेक्शन और दवाइयां दीं।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# प्रसिद्ध गीतकार मनोज मुंतशिर ने लिया रामाज रिसोर्ट के खाने का आनन्द

## साथ ही रिसोर्ट की खुबसूरती और राजस्थानी मेहमान-नवाजी की तारीफ





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रसिद्ध गीतकार और कवि मनोज मुंतशिर मंगलवार को रामाज रिसोर्ट टोंक रोड पहुंचे । रिसोर्ट ऑनर मोहित टेलर ने मनोज मुंतशिर का राजस्थानी परम्परा में साफ़ा और तिलक लगा के माला पहना के स्वागत किया और साथ ही रिसोर्ट की सुंदरता और उत्कृष्ट सेवा की सराहना की। बॉलीवुड के हिट गानों 'तेरी मिट्टी' और 'गलियां' जैसे गीतों के रचयिता मुंतशिर ने यहां बिताए समय को बेहद खास बताया। रिसोर्ट की हरी-भरी उद्यान, आरामदायक पूल एरिया और शुद्ध शाकाहारी बहु-व्यंजन रेस्तरां में पनीर मलाई टिक्का , रामाज् स्पेशल नूडल आदि शानदार भोजन व्यंजन का आनंद लेते हुए उन्होंने कहा, 'रामाज रिसोर्ट राजस्थान में एक ऐसा स्थान है जहां बहु -लग्जरी और शांति का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। यहां का माहौल बहुत सुकूनभरा है और मेहमानों का स्वागत दिल से किया जाता है।' मनोज मुंतशिर ने रिसोर्ट के प्रबंधन और रामाज् रिसोर्ट के सभी टीम की भी तारीफ की और यहां के अनुभव को यादगार बताया। उनके इस दौरे ने न केवल रिसोर्ट की प्रतिष्ठा को और भी बढ़ाया है, बल्कि यह भी साबित किया कि रामाज रिसोर्ट सभी वर्ग के लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है।

## रोडवेज बस ने सवाई मानसिंह अस्पताल में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कुचला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** खोह नागोरियान थाना इलाके में मंगलवार को राजस्थान रोडवेज की बस ने सवाई मानसिंह अस्पताल में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को कुचल दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घयल युवक को अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि हादसे में अनिल कुमार (32) निवासी जेडीए कॉलोनी पालडी मीणा कानोता की मौत हो गई। जो सवाई मानसिंह अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। जो मंगलवार को आगरा रोड पर प्रेम नगर के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान राजस्थान रोडवेज की बस ने जाम देखकर तेज रफ्तार बस डिवाइडर से गलत दिशा में काट ली। बस चालक ने गलत साइड में बस ले जाते समय सड़क पार करते अनिल कुमार बस के आगे के पहिए के नीचे आ गया। हादसे के बाद बस चालक सवारियों से भरी रोडवेज बस को कुछ दूरी पर दौड़ा ले गया और फिर बस को वहीं छोड कर फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर रोडवेज से ड्राइवर के बारे में जानकारी मांगी है। हादसे की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में अनिल को जेएनयू अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि अनिल कुमार दोपहर में घर जाने के लिए प्रेम नगर तिराहे पर किसी वाहन से उतर कर सड़क पार कर रहा था। वहीं राजस्थान रोडवेज की बस जयपुर से भरतपुर की तरफ जा रही थी।

## पडौसी ने किया महिला पर धारदार हथियार से हमला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में आपसी विवाद के बाद पड़ोसी के महिला पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में महिला का हाथ में गहरी चोट आई है। उसमें 12 टांके आए है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुरेश सिंह ने बताया कि शिवदासपुरा के स्वप्निल अपार्टमेंट मथुरावाला में रहने वाले रजनी शर्मा (34) पर धारदार हथियार से हमला हुआ। वह अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित फ्लैट में परिवार के साथ रहती है। शुक्रवार रात को अपार्टमेंट मैनेजमेंट ने मेंटेनेंस जमा नहीं कराने वालों के फ्लैट की लाइट काट दी थी। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में लाइट काटने की बात को लेकर विवाद चल रहा था। मैनेजमेंट के लोगों के पूछने पर महिला को बताया कि जिन्होंने मेंटेनेंस जमा नहीं कराया, उनकी लाइट चालू नहीं करें या फिर उनका भी मेंटेनेंस का पैसा लौटाया जाए। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों की आपसी बातचीत के दौरान थर्ड फ्लोर पर रहने वाले रामसहाय ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। गाली-गलौज से मना करने पर आरोपी पड़ोसी रामसहाय ने अपने घर से धारदार हथियार निकालकर रजनी पर हमला कर दिया। धारदार हथियार से सिर पर मारने के दौरान रजनी ने खुद को बचाने के लिए अपना हाथ ऊपर कर दिया। धारदार हथियार लगते ही हाथ बुरी तरह से कट गया। लहूलुहान हालत में रजनी नीचे जमीन पर गिर गई। खून से लथपथ हालत में देखकर आरोपी पड़ोसी वहां से भाग निकला। घायल रजनी को परिवारवालों ने आस-पड़ोसियों की मदद से तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। हाथ में गहरा घाव होने के चलते 12 टांके आए है। डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद रजनी को छुट्टी दे दी।

## अपहरण कर नाबालिग से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** करधनी थाना इलाके में मिलने बुलाकर आरोपी नाबालिग का अपहरण कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने दिल्ली में दबिश देकर नाबालिग को छुड़वाया। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपी पड़ोसी को भी गिरफतार किया है। थानाधिकारी हरीश चन्द्र सोलंकी ने बताया कि करधनी में रहने वाले परिजनों ने करीब 15 दिन पहले मामला दर्ज करवाया था कि उनकी नाबालिग बेटी किसी काम से घर से बाहर गई थी, उसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाशने के बाद भी नाबालिग बेटी का पता नहीं चला। पुलिस ने नाबालिग लड़की की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाई। पुलिस ने घर के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों व मोबाइल लोकेशन के आधार पर सर्च शुरू किया। पुलिस जांच में पड़ोसी युवक के अपहरण कर नाबालिग लड़की को दिल्ली ले जाने का पता चला। पुलिस की एक टीम को सोमवार सुबह दिल्ली भेजा गया। दिल्ली में दबिश देकर पुलिस ने नाबालिग लड़की को छुड़वाने के साथ अपहरण करने वाले पड़ोसी को पकड़ लिया। दिल्ली से दोनों को लेकर पुलिस जयपुर पहुंची। नाबालिग पीड़िता ने अपने बयान में आरोपी पड़ोसी के दुष्कर्म करने की बताया। पुलिस ने अपहरण कर लाई गई नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी युवक को अरेस्ट किया।

## नकली होने के संदेह में किशनगढ़ रेनवाल मंडी में भारी मात्रा में सरसों का स्टॉक सीज



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी (जयपुर जिला कलेक्टर ) के द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में मंगलवार को नरैना और किशनगढ़ रेनवाल में विभिन्न स्थानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। नरैना के शंकर मिष्ठान भंडार से मैदा का पेठा व फीका मावा का नमूना लिया गया। किशनगढ़ रेनवाल की क़ृषि उपज मंडी में शिकायत के आधार पर निरीक्षण करके नकली होने के संदेह पर 125 बोरी में भरी हुई लगभग 76.50 क्विंटल सरसों का स्टॉक मंडी अधिकारियों और पुलिस की उपस्थिती में नमूनीकरण पश्चात सीज किया गया। उक्त सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटखरी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी द्य इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, नंदकिशोर कुमावत और राजेश कुमार नागर शामिल रहे ।

## नगर निगम ग्रेटर और आईसीएलईआई यूएसए और आईसीएलईआई दक्षिण एशिया के बीच किया गया एमओयू

### महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने एमओयू पर किये हस्ताक्षर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नगर निगम ग्रेटर ने राइजिंग राजस्थान के मध्यनजर एतिहासिक पहल करते हुये मंगलवार को दक्षिण एशिया क्लीन एनर्जी फोरम की ओर से आयोजित हुये कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा एमओयू हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू नगर निगम ग्रेटर और आईसीएलईआई यूएसए और आईसीएलईआई दक्षिण एशिया की ओर से आयोजित हुये कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा एमओयू हस्ताक्षर किया गया। यह एमओयू नगर निगम ग्रेटर और 1- सतत ऊर्जा संक्रमण 2- ऊर्जा दक्षता 3- अपशिष्ट जल उपचार/जल उपचार 4- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 5- वायु प्रदूषण में कमी विषयों पर कार्य किया जायेगा। यह नगर निगम ग्रेटर के लिये एक बड़ा अवसर है। जिसके तहत यूएस के प्रातों के साथ एमओयू किया गया है जिससे दोनों देशों के स्वायत्त निकाय एक दूसरे के तकनीक, नवाचार और प्रशासन के लिये एकजुट होकर कार्य करेंगे। यह एमओयू दोनों देशों के बीच एक एतिहासिक पहल होगी जिससे शहरीकरण में आ रही चुनौतियों का सामना करने व वैदेशिक आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर शहर के आधुनिकिरण के साथ तीव्र व सुव्यवस्थित विकास के रास्ते खुलेंगे और साथ ही सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया जायेगा एवं व्यवस्थाओं में सुधार करने के प्रयास होगे तथा आम नागरिकों के जीवन को भी सुगम बनाया जा सकेगा। महापौर ने इस अवसर पर यू.एस.-दक्षिण एशिया मेयरल मंच सतत शहरों पर विषय पर अपने विचार रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों को नगर निगम ग्रेटर द्वारा किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किये गये कार्यो की भी जानकारी दी इसके साथ ही नगर निगम ग्रेटर द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले जयपुर समारोह में आने का भी न्यौता दिया। कार्यक्रम में 15 से भी अधिक देशों के प्रतिनिधि अब्बू धाबी, कोलम्बस, सिटी ऑफ फैयरमाउन्ट, श्रीलंका, राजकोट,बाल्टीमोर शहर, कोलापुर, पटना,आईसीएलईआई दक्षिण एशिया की एकज्यूकेटिव डायरेक्टर इमानी कुमार,आईसीएलईआई यू.एस.ए. की पूर्व एकज्यूकेटिव डायरेक्टर एंजी मोरे सहित अन्य विदेश से आये प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## झालावाड़ से मादक पदार्थ लाकर जयपुर में सप्लाई करने वाले तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामनगरिया थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले चार बदमाशों को पकड़ा है। जो झालावाड़ से मादक पदार्थ लाकर जयपुर में सप्लाई करते है। पुलिस उनके पास से सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झालावाड़ से मादक पदार्थ स्मैक लाकर जयपुर में सप्लाई करने वाले आरोपित मुकेश कुमार,सुरेश कुमार और मोतीलाल को गिरफ्तार किया है।

## आंखों में मिर्च पाउडर डाल कर लूटपाट करने वाले बदमाश आए पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आखों में मिर्च पाउडर डाल कर लूटपाट करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस मामले में एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों से लूटी गई कार भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपियों ने राजापार्क से कैब बुक करवाकर प्रतापनगर में वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आखों में मिर्च पाउडर डाल कर लूटपाट करने वाले सूर्य प्रताप सिंह उर्फ सोनू (22) निवासी मालाखेडा जिला अलवर हाल आदर्श नगर जयपुर,बालकृष्ण शर्मा उर्फ गोलू (23) निवासी हिण्डोन जिला करौली हाल प्रताप नगर जयपुर और अरविन्द चौधरी (19) निवासी हिण्डौन जिला करौली हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। साथ ही बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।



## एकेडमिया वर्ल्ड एड्यु फेयर : कवयित्री अनामिका जैन अंबर की चेतना व उत्साह से परिपूर्ण कविताओं के साथ संपन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् द माहेश्वरी समाज, जयपुर के द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में द्विदिवस तक आयोजित हुआ एकेडमिया वर्ल्ड एड्यु फेयर - 2024 अनेक उपलब्धिंपूर्वक स्टार कवयित्री अनामिका जैन अंबर की उत्साह व चेतना से भरी कविताओं व उनके प्रेरक उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ। प्रातः 9 बजे से 3:30 तक आमंत्रित स्पीकर्स के द्वारा सीए., मास कम्युनिकेशन, इवेंट मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, वेब डिजाइनिंग जैसे विषयों पर 8000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ कॅरियर निर्माण को लेकर विशेष संवाद किया गया। द्विदिवसीय कॅरियर फेयर - 2024 कई विशेष उपलब्धियों से भरा रहा, जिसके अंतर्गत दो दिनों में अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ 80 से अधिक स्पीकर्स द्वारा 75 से अधिक सत्रों में कॅरियर निर्माण से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। देषभर के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों ने कॅरियर फेयर में सम्मिलित होकर 15000 से अधिक विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रमों की जानकारी से अवगत कराया। प्रिज्म थीम पर आधारित कौशल विकास से जुड़ी प्रदर्शनी सभी के लिए विविध प्रकार की जानकारियों से अवगत कराने वाली सिद्ध हुई। कॅरियर फेयर - 2024 के समापन समारोह के अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के साथ ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री केदारमल जी भाला,महा सचिव शिक्षा श्री मधुसूदन जी बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए अनिल जी शारदा, कंवीनर सीए. गणेश जी बांगड़, को-कंवीनर श्री अजय जी सारड़ा, तथा एड्यु फेयर - 2024 की कॉर्डिनेटर श्रीमती रीटा भार्गव की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। ईसीएमएस के अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा अपने विशेष उद्बोधन द्वारा कॅरियर फेयर के महत्वपूर्ण उद्देश्यों से अवगत कराया। इसी क्रम में महासचिव शिक्षा द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को कॅरियर फेयर जैसे अवसरों का जागरूकता के साथ लाभ उठाते हुए अपने कॅरियर निर्माण हेतु एक सही योजना बनानी होगी, तभी अपने उन्नत लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

सम्मानित अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में सादर आमंत्रित स्टार कवयित्री डॉक्टर अनामिका जैन अंबर ने समाज, राष्ट्र, नारी सम्मान, कॅरियर निर्माण व अन्य जागरूकता से जुड़े विषयों पर मन को छू लेने वाली कविताओं की प्रस्तुति देकर संपूर्ण कार्यक्रम को एक विशेष चेतना व ऊर्जा प्रदान करने का कार्य किया।

कॅरियर फेयर - 2024 का संपूर्ण आयोजन कई प्रकार के रचनात्मक कार्यों व ज्ञानात्मक संदेशों से परिपूर्ण रहा। कोऑर्डिनेटर श्रीमती रीटा भार्गव ने करियर फेयर की दोनों दिवस की सफलता के हाइलाइट्स पर अतिथियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आमंत्रित अतिथियों व करियर फेयर की सफलता में सभी सक्रिय प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

## पहली बार रोबोटिक सर्जरी से सफल किडनी ट्रांसप्लांट सीके बिरला हॉस्पिटल में हुआ रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शहर के सीके बिरला हॉस्पिटल में राजस्थान की पहली रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर रीनल ट्रांसप्लांट डॉ. देवेंद्र शर्मा ने यह सफल ट्रांसप्लांट किया।

डॉ. देवेंद्र ने बताया कि 50 वर्षीय सुरेशचंद्र (परिवर्तित नाम) क्रोनिक किडनी डिजीज से ग्रस्त थे। वे लंबे समय से डायलिसिस पर निर्भर थे। उनकी स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी, जो उनका अंतिम विकल्प था। परिवार के सदस्य ने उन्हें किडनी डोनेट की। डॉ. देवेंद्र शर्मा और उनकी टीम ने इस सर्जरी में अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया। डोनर से किडनी की लेप्रोस्कोपिक रिमूवल की गई और ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया रोबोटिक सर्जरी से की गई। ट्रांसप्लांट सर्जरी लगभग तीन घंटे चली। डोनर से ली गई किडनी एक स्पेशल पोर्ट से रेसिपिएंट के पेट में डाली गई। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान छोटे से चीरे के माध्यम से ऑपरेशन किया गया। जिससे मरीज को न केवल कम दर्द महसूस हुआ, बल्कि उनकी रिकवरी भी तेजी से हो पाई।

डॉ. देवेंद्र शर्मा ने इस सर्जरी के फायदे बताते हुए कहा कि आमतौर पर किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को 10 से 15 दिनों तक चलने-फिरने में कठिनाई होती है, लेकिन रोबोटिक सर्जरी की बदौलत मरीज अगले ही दिन बिस्तर पर बैठने में सक्षम थे और केवल दो दिनों में उन्होंने चलना-फिरना शुरू कर दिया।

रोबोटिक सर्जरी से न केवल चीरा छोटा होता है, बल्कि इससे रिकवरी का समय भी काफी कम हो जाता है। मरीजों को सर्जरी के बाद सामान्य दिनचर्या में लौटने में ज्यादा समय नहीं लगता और सर्जरी के दौरान होने वाला दर्द भी काफी हद तक कम हो जाता है। इस सर्जरी में डॉ. प्रतीक, डॉ. महेश, डॉ. गौरव, डॉ. निखिल और एनेस्थेसिया टीम में डॉ. अतुल पुरोहित और डॉ. रुचि बैद का विशेष सहयोग रहा। दिल्ली से आए डॉ. अनंत कुमार इस प्रोसीजर के मेंटर रहे।

# जिला कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत की कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर,( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत द्वारा जिला स्तरीय मीटिंग में निर्देश दिए गए कि ब्यावर जिले में दिवाली एवं त्योहारी सीजन पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जावे और सभी प्रकार के खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की जावे । इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा अजमेर डॉ ज्योत्सना रंगा एवं सीएमएचओ ब्यावर डॉ संजय गहलोत के निर्देश पर आज खाद्य सुरक्षा अजमेर व रसद विभाग ब्यावर की संयुक्त टीम ने शहर की मिठाई की दुकानों एवं कारखानों का निरीक्षण किया । खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल एवं केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि बाजार में मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयों की निर्माण में अच्छी क्वालिटी की सामग्री उपयोग में लेने एवम् सफाई व्यवस्था सुधारने हेतु पाबंद किया गया ।निरीक्षण के दौरान रसद विभाग ब्यावर से डीएसओ अब्दुल सादिक तथा ईओ हरिप्रसाद वर्मा साथ रहे । दल ने जालिया रोड स्थित श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार की निर्माण इकाई का निरीक्षण किया तथा मावा मिठाई का एक नमूना लिया। टीम द्वारा कलेक्ट्रेट में आई शिकायत पर एक अन्य कार्यवाही करते हुए जलिया रोड आईओसी पम्प स्टेशन के पास किराना स्टोर से चावल का एक नमूना भी लिया गया ।

दल द्वारा उदयपुर रोड पर एकिशा मिनिमार्ट से धनिया पाउडर का नमूना और दरबार मार्ट से घी का नमूना लिया गया । दरबार मार्ट पर लगभग 75 किलो एक्सपायर्ड सामग्री जिसमे 15 किलो बिस्किट व नमकीन ,51 किलो तेल तथा अन्य सामग्री जैसे चिप्स, शरबत , इंस्टेंट मिक्स इत्यादि मिले जिन्हे मौके पर नष्ट किया गया । सभी नमूनों को खाद्य प्रयोगशाला अजमेर में जाँच वास्ते भेजा जाएगा और खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी ।आगे भी दिवाली के त्यौहार के मध्यनजर टीम की विजिट निरंतर जारी रहेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल व केसरी नंदन शर्मा एवम सहायक राजकुमार शामिल रहे।



## रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स द्वारा ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस कार्यशाला आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स के द्वारा ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस पर राजकीय मींरा गर्ल्स कॉलेज हॉस्टल में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.दीपक माहेश्वरी अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। क्लब अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र बहल ने बताया कि इस अवसर पर हॉस्टल की 132 छात्राओं ने कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मदन मोहन मालवीय आयुर्वैदिक कॉलेज उदयपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अनु थी। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए ब्रेस्ट कैंसर के कारण निवारण तथा उचित खानपान की सलाह दी तथा उनके साथ आई डॉ अनीता माल व डॉ लिपाक्षी अग्रवाल ने ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की। मुख्य अतिथि के तौर पर मधु सरीन ने भी छात्राओं को संबोधित किया तथा हर महीने सेल्फ ब्रेस्ट असेसमेंट करने की सलाह दी। हॉस्टल की वार्डन डॉ स्नेहा बाबेल खोखावत ने भी सभी छात्राओं को संबोधित किया तथा इस बीमारी के बारें में सजग रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सीनियर मेंबर प्रमिला बहल ने किया तथा क्लब के सभी सदस्य सेक्रेटरी हिमांशु कौशल, डॉक्टर ज्योत्स्ना कुमावत, अनुराधा बहल,खुशबू कौशल भी उपस्थित रहे।

## राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट जिला कलक्टर की सीए - सीएस के साथ बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जिला कलक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को समिति कक्ष में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट मीट के संबंध में चार्टर्ड अकाउंटेट और कंपनी सेक्रेटरी के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने 24 अक्टूबर को प्रस्तावित इन्वेस्टमेंट मीट में निवेश हेतु निवेश प्रस्ताव आमंत्रित किए। बैठक में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने निवेश के प्रति सकारात्मक के साथ आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिजनेस में रुकावटें आती रहती है, जिनमें सुधार को लेकर सुझाव दें। प्रशासन निवेशकों के मुद्दों, उनकी समस्याओं के प्रति सकारात्मकता के साथ सुधार के प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि निवेशक अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी कार्यालय आकर मिल सकते हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा ने सभी से अधिक से अधिक एमओयू करने का आह्वान किया। जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक राहुल देव सिंह ने अवगत कराया कि उक्त इन्वेस्टर मीट में अब तक लगभग 140 एमओयू हो चुके है जिसमें 4200 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। इसके अलावा भी कई और उद्यमी भी एमओयू करने में रूचि दिखा रहे हैं जिनसे वार्ता की जा रही है लगभग 10000 करोड़ के एमओयू होने है जिसमें टेक्सटाईल, ग्रीन एनर्जी, सोलर एनजी, रियल स्टेट, होटल्स, फर्टिलाईजर्स, खनन सेक्टर सहित हिन्दंस्तान जिंक के उत्पाद की सहायक इकाईयां सम्मिलित है। बैठक में सीए – सीएस संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राहुल देव सिंह, यूआईटी सचिव सहित विभागीय अधिकारी और सीए – सीएस संस्थाओं के प्रतिनिधि नितेश सेठिया, आकाश डोढाणी, पीयूष अग्रवाल, सद्दाम हुसैन, अशोक सोमानी, गोपाल कृष्ण मुंदड़ा, कुलदीप पोखरना, प्रकाश मुरोटिया, साहिल सिपानी आदि उपस्थित रहे।

## श्री सम्मेद शिखर जी में निकली भव्य शोभायात्रा में उमड़ी जनमेदिनी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जेएसजीआईएफ मेवाड रिजन के तत्वावधान में आयोजित सकल जैन समाज की 12 दिवसीय श्री सम्मेद शिखर जी की धार्मिक तीर्थ यात्रा आज दसवें दिन आनन्ददायक यात्रा सम्पन्न होने की खुशी में वहां भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मेवाड़ रिजन के चेयरमैन अनिल नाहर ने बताया कि आज दसवें दिन तीर्थयात्रियों ने कल पवित्र पहाड़ की यात्रा सफल एवं सुगम होने की खुशी में विश्व विख्यात भगवान पार्श्वनाथ के मंदिर मे स्थित कोड़ियाँ धर्मशाला से पुरूष पीले वस्त्र एवं महिलाए लाल चुन्दर पहने एकरूपता प्रदर्शित करते हूए बेण्ड बाजों के साथ भक्ति गीतों पर झुमते हुए शोभायात्रा में साथ चलें। यह शोभायात्रा लगभग 1.5 किलोमीटर विभिन्न मार्गो से होते हुए पुज्य क्षैत्रपाल भोमिया जी के मंदिर पर समाप्त हुई। जहां का वातावरण तीर्थयात्रियों का उत्साह,जोश ,एवं भक्ति से सरोबार गगनभेदी जयकारो से गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व यात्रियों द्वारा मेवाड रिजन के चेयरमेन अनिल नाहर मंजु नाहर मुख्य संघपति मनमोहन सिंघवी संघपति दिलीप सुराणा महावीर चोधरी शांतिलाल वेलावत संयोजक पिंकी माण्डावत विजय सिसोदिया का बहुमान किया गया। इस शोभायात्रा में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन,पुर्व विधान सभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत सहित कई गणमान्य शामिल हुए। यात्रा को सफल बनाने में विजय सिसोदिया, प्रकाश कोठारी, गुणवंत वागरेचा, अरविंद बडाला सचिव महेश पोरवाल, पारस ढेलावत आदि की प्रभावी भूमिका पर चेयरमेन अनिल नाहर ने आभार व्यक्त किया।

## सृजन कौशल कार्यशाला सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** स्वामी शरणम् शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित एस. एस. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन द्वारा महाविद्यालय परिसर में सृजन कौशल कार्यशाला सम्पन्न हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूर्णिमा नराणिया ने कार्यक्रम का ब्योरा देते हुए बताया कि दीपावली के पूर्व सप्ताह पर महाविद्यालय के चित्रकला प्राध्यापक श्रीमान् शिव प्रसन्न सिंह राठौर के निर्देशन में महाविद्यालय में सृजन कौशल कार्यशाला के अन्तर्गत महाविद्यालय की बी. एड़. प्रथम वर्ष एव बी.एड़. द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक माण्डनों का सृजन किया गया साथ ही माण्डनों पर लिप्पन कला का समावेशन कर नवाचार रचनात्मक अंकन किया गया। सृजन कला में महाविद्यालय की बी. एड. प्रथम वर्ष की माया कंवर, पायल डामोर, चैतन्या कंवर, हीना कुमारी, दीपा मीणा, अंजु मीणा, तारा वैष्णव, निर्मला मेघवाल एव बी.एड़. द्वितीय वर्ष की ज्योति मेघवाल, सुनिता मीणा, नीलू चौहान सदफ मकरानी, नेहा भगोरा, विमला कुमारी, दीपमाला कटारा एवं खुशी कुमारी ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्रीमती रंजना भटनागर, श्रीमती हीना जैन, डॉ. कोमल कटारिया, डॉ. पायल पानेरी एवं श्री पूर्णेश कोठारी उपस्थित रहे।

चूरू की दीवारों पर स्वच्छता का मांडणा

## दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन जिले राज्य भर से आए कलाकारों ने की वॉल पेंटिंग

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देश पर नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह का नवाचार

शहर के विभिन्न स्थानों पर कर रहे पेंटिंग, विजेताओं को जिला कलक्टर करेंगे पुरस्कृत



बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** चूरू जिले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की मंशा पर चूरू नगर परिषद की ओर से किए गए नवाचार के तहत राज्य भर से आए कलाकारों ने शहर की दीवारों पर आकर्षक चित्रा बनाए। विभिन्न विषयों पर बनाए जा रहे चित्रा दिनभर राहगीरों के आकर्षण का केंद्र रहे। शहर में दिनभर इस नवाचार की भरपूर चर्चा रही और नागरिकों ने इस नवाचार को सराहा। नगर परिषद कमिश्नर अभिलाषा सिंह ने बताया कि चूरू शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने एवं आमजन की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से आयोजित वॉल पेंटिंग कम्पीटिशन के पहले दिन बड़ी संख्या में चित्रकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि चूरू शहर में टीवीएस एजेंसी के सामने, सानिवि रेस्ट हाउस के पास, सूचना केंद्र के पास, न्यायिक आवास और ऑफिसेस के पास, सिविल कॉलोनी, एफसीआई गोदाम, नेचर पार्क वाली गली, केवी दीवार, कैंटीन, अंबेडकर सर्किल के पास पेट्रोल पंप के सामने सहित विभिन्न स्थानों पर यह चित्र बनाए गए। उन्होंने बताया कि इस पेंटिंग के लिए कलाकारों का उत्साह देखते ही बना। आने-जाने वालों ने उत्सुकता दिखाई और कलाकारों का हौसला बढाया। प्रतियोगिता बुधवार दोपहर 3 बजे तक जारी रहेगी। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ 5 प्रतिभागियों को चूरू के नेचर पार्क के स्वामी गोपालदास मुक्ताकाश मंच पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण के आतिथ्य में आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पारितोषिक एवं प्रमाण पत्रा देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रथम विजेता को 21 हजार, द्वितीय को 15 हजार तथा तृतीय को 11 हजार नकद दिए जाएंगे। चतुर्थ व पंचम स्थान पर रहने वाले प्रतियोगियों को पांच-पांच हजार रुपए की पारितोषिक राशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

## सेठानी जोहड़े के सौन्दर्यकरण पर हो काम : सुराणा

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिला मुयालय स्थित सेठानी जोहड़ा का किया अवलोकन, दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सेठानी का जोहड़ा का अवलोकन किया और नगरपरिषद के अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जोहड़े के सौन्दर्यकरण पर काम किये जाने की जरूरत है। सेठानी का जोहड़ा जिले की ऐतिहासिक विरासत में खासा महत्व रखता है। इसलिए इसके हैरिटेज लुक को बरकरार रखते हुए अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जोहड़ा परिसर में श्रमदान करें और सफाई करें।

इसी के साथ रोशनी आदि की व्यवस्थाओं के इंतजाम देखें। परिसर को पर्यटन के लिहाज से आकर्षक बनाने के लिए प्लान बनाएं। आवश्यक सुविधाएं दिए जाने के बाद यहां चौपाटी विकसित की जा सकती है। इस दौरान आयुक्त अभिलाषा सिंह, एक्सईएन पूर्णिमा यादव, एईएन सुनील सोनी, जेईएन कैलाश डूडी, एसआई मनीराम सहित नगर परिषद की टीम मौजूद रही।

## जैनम ड्रायफ्रुट्स का शुभारंभ, एक ही परिसर में ढेरों उत्पाद मिलेंगे



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** अशोक नगर मार्ग पर जैनम ड्रायफ्रुट्स का शुभारंभ ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर तख्तसिंह शक्तावत, पुखराजसिंह राजपुरोहित, ललित सिंह सिसोदिया, कमलेंद्र सिंह पंवार, भाजपा शहर अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, भंवर पंचोरी, कमलेश हाथी आदि थे। शोरूम के संचालक चिराग पंचोरी ने बताया कि शोरूम पर शहर के लोगों को एक ही परिसर में ड्रायफ्रुट्स के ढेरों विकल्प मिलेंगे। साथ ही बेरीज, गिफ्ट हैम्पर्स, दिवाली गिफ्ट आइटम , चॉकलेट ड्राइ फ्रूट्स, मुखवास , मसाले आदि भी उपलब्ध होंगे।

## त्यौहारो के मध्येनजर खाद्य पदार्थो में मिलावट पर कार्यवाही जारी

सनवाड़, बड़गांव व केलवाड़ा में खाद्य कारोबारियों के यहां हुई कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( के. के. सनाढय )।** त्यौहारो के मध्येनजर खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार द्वारा शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत राजनगर के सनवाड़, कुम्भलगढ़ ब्लॉक के बड़गांव व केलवाड़ा में टीम ने कार्यवाही कर खाद्य पदार्थो के नमुने लिये तथा प्रथम दृष्टया दूषित एवं बदबूदार पाये जाने पर खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव व टीम ने सनवाड़ स्थित देवनारायण गृह उद्योग से मिल्क पेड़ा का नमुना लेकर वहां पेकिट व ट्रे में रखा लगभग 100 किलो मिल्क पेड़ा जो कि देखने व सुंघने पर दूषित पाया गया मौके पर नष्ट करवाया गया। टीम ने बड़गांव में क्षेत्रपाल रेस्टोरेंट से मिल्क केक व बालाजी टी एण्ड नास्ता सेंटर पर बेसन चक्की का नमुना लिया।

टीम ने केलवाड़ा कस्बे से जोधपुर मिष्ठान भण्डार से कलाकंद का नमुना लिया तथा लगभग 10 किलो दूषित मिठाई जो पुरानी थी को मौके पर ही नष्ट करवाया तथा जोधपुर मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन का नमुना जांच हेतु लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारीयों के यहां साफ - सफाई एवं स्वच्छता को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिये गये।



## राजगढ़ में 160 किलो मिलावटी व दूषित मिल्क केक करवाया नष्ट, मावा, घी, दूध, पनीर व क्रीम के कुल 14 नमूने लिए

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( नि.स. )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार त्यौहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के जांच दल ने मंगलवार को जिले के राजगढ़ में मैसर्स श्री भवानी मावा भण्डार का 120 किलोग्राम मिलावटी व दूषित मिल्क केक तथा मैसर्स कृष्णा मावा भण्डार से 40 किलोग्राम मिलावटी व दूषित मिल्क केक नष्ट करवाया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि टीम ने मैसर्स श्रीभवानी मावा भण्डार से मिल्क केक, मैसर्स न्यू बाबा पनीर भंडार से क्रीम व पनीर, मैसर्स श्रीबाबा पनीर भण्डार से घी व पनीर, मैसर्स बाबा पनीर भण्डार से पनीर व दूध, मैसर्स वीर तेजाजी भंडार से मावा और रसगुल्ला, मैसर्स कृष्णा मावा भण्डार से मावा, मैसर्स बालाजी मावा भण्डार से मीठा मावा, मैसर्स सादुलपुर फूड पॉइंट से सोहन पपड़ी, मैसर्स बाबा मावा पनीर भण्डार से घी व पनीर तथा मैसर्स दुर्गा मावा भण्डार से मावा के कुल 14 नमूना लेकर प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए गए। खाद्य पदार्थ की जांच रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ टीम ने दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व मिठाईयां तैयार करने वाले दुकानदारों को साफ- सफाई रखने व गुणवत्तायुक्त खाद्य समग्री को काम में लेने हेतु पाबंद किया।



## चित्तौडगढ जिला टेबल टेनिस के चुनाव सम्पन्न

शैलेन्द्र अग्रवाल अध्यक्ष एवं लोकेश तिवारी सचिव नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** चितौडगढ जिला टेबल टेनिस संघ के चुनाव निर्धारित तिथि के अनुसार संघ के निर्वाचन अधिकारी सुनिल शर्मा की अध्यक्षता में ऋतुराज वाटिका में सम्पन्न हुए जिसमें जिला ऑलम्पिक संघ की ओर से पर्यवेक्षक जी.एन.एस.चौहान, जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर एवं राजस्थान टेबल टेनिस संघ के पर्यवेक्षक कुशल सुराणा की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। सर्वसम्मति से चित्तौडगढ जिला टेबल टेनिस के निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अनुसार मुख्य संरक्षक अनिल शर्मा, अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर शर्मा, उपाध्यक्ष सब्रत बोस, गिरिश भटनागर, अविनव शर्मा, कमलेश ठेलावत, सचिव लोकेश तिवारी, संयुक्त सचिव घनश्याम पलोड, आरिफ मोहम्मद खान, सदस्य राजेन्द्र मालू, महिला प्रतिनिधि ऋतु भटनागर को निर्वाचित घोषित किया गया।

## सम्पादकीय

# रिश्तों की बर्फ का जमना और पिघलना

पाकिस्तानी हुक्मरान यह मानकर चल रहे थे कि एससीओ यानी शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की बैठक में भारत अपने नुमाइंदे तो भेजेगा, लेकिन यह उम्मीद किसी को नहीं थी कि वहां भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर खुद भाग लेने पहुंचेंगे। यही कारण है कि पाकिस्तान की पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खान ने तत्काल कहा– 'स्मार्ट मूव!' भारतीय विदेश मंत्री के स्वागत में पाकिस्तान ने कोई कोर– कसर बाकी नहीं रखी। मुझे पिछले साल गोवा में हुई एससीओ की बैठक याद आ रही थी, जिसमें बिलावल भुट्टो भाग लेने आए थे और भयंकर तनातनी की स्थिति थी। उसकी शुरूआत भी भुट्टो ने ही की थी, लेकिन जयशंकर की बात बिल्कुल अलग है। वे मंजे हुए कूटनीतिज्ञ और प्रभावी विदेश मंत्री हैं। उन्होंने इस्लामाबाद में अपनी बात तो बहुत प्रमुखता से रखी लेकिन पाकिस्तान पर कोई प्रहार नहीं किया। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का सुर भी बेहद नरम था। उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं की जिससे भारत आहत होता, यहां तक कि राग कश्मीर भी नहीं छेड़ा। कुल मिलाकर माहौल बिल्कुल सद्भावनापूर्ण रहा। सामान्यतौर पर किसी देश के प्रधानमंत्री दूसरे देश के अपने समकक्ष से ही मिलते हैं या स्वागत करते हैं लेकिन शहबाज तो जयशंकर से आगे बढ़कर मिले भी और उनका स्वागत भी किया। यही कारण है कि भारत लौटने के बाद जयशंकर ने खुद की खातिरदारी के लिए शहबाज को सोशल मीडिया पर शुक्रिया कहा, शहबाज ने भी उन्हें पाकिस्तान आने के लिए शुक्रिया कहा, बैठक के अलावा सामान्य शिष्टाचार की जो तस्वीरें मैंने देखी हैं, उनसे भी माहौल के बेहतर होने के संकेत मिलते हैं। लंच के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री उनके साथ बैठे थे और दोनों के बीच खुशनुमा माहौल में बातचीत भी हो रही थी। लंच के मौके पर शहबाज से भी जयशंकर की बात हुई।


आपको याद दिला दें कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयॉर्क में हुई बैठक में जयशंकर और शहबाज एक–दूसरे पर खूब गरजे थे, तो व्यवहार में इस बदलाव को क्या बेहतर संकेत माना जा सकता है? मुझे लगता है कि दुश्मनी चाहे कितनी भी लंबी चले, वह स्थायी नहीं होती। दो पड़ोसी यदि मिलकर रहें तो दोनों को ही फायदा होता है। आर्थिक कठिनाइयों के लंबे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान को भी अपनी स्थिति का अंदाजा है। उसका फायदा इसी में है कि वह हकीकत को स्वीकार करें और अपने लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश करें। हम भारतीय या आम पाकिस्तानी अवाम तो बेहतर रिश्तों के लिए लालायित हैं, लेकिन असली समस्या आईएसआई और वहां की सेना है जिसकी बुनियाद ही भारत विरोध पर टिकी है। भारत से रिश्ते सुधारने की कोशिश करने वाले इमरान खान की हालत इस बात की गवाह है, इसलिए मुझे रिश्तों की बर्फ पिघलने की उम्मीद की किरणें फिलहाल बहुत उत्साहित नहीं कर रही हैं। दोनों मुल्कों को और गर्मजोशी पैदा करनी होगी और अब चलिए चर्चा करते हैं कनाडा–भारत के रिश्तों में जमी नई बर्फ के सख्त होते जाने की।

# वैश्विक स्तरपर न्यायपालिकाओं के पर कतरने में नया अध्याय

## जुड़ा पाकिस्तान में 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित-न्याय व्यवस्था के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी

**अगर हम 26 वें संविधान संशोधन विधेयक को समझने की करें तो,अधिनियम 2024 को मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति का अधिकार संसद के हाथ में देने के लिए लाया गया है। संशोधन पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश के कार्यकाल को तीन साल तक सीमित करता है। इससे पहले न्यायिक नियुक्तियों में योग्यता और अनुभव के आधार पर संभावित रूप से लंबे कार्यकाल की इजाजत मिलती थी। वहीं चीफ जस्टिस की नियुक्ति के लिए एक 12सदस्यीय आयोग की स्थापना की गई है। इस आयोग में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम जज, दो सीनेटर और नेशनल असेंबली के दो सदस्य शामिल होंगे, जिनमें विपक्ष का एक सदस्य भी शामिल है।**

**क़र विशेषज्ञ स्तंभक़ार एडवोकेट**
**किशन सनमुख़दास भावनानीं,गोंदिया महाराष्ट्र**



वैश्विक स्तरपर दशकों से हर लोकतांत्रिक देश की नींव के चार स्तंभ विधायिका कार्यपालिका न्यायपालिका व मीडिया होते है, जिसपर उस देश की पूरी व्यवस्थाएं खड़ी होती है। हर स्तंभ पारदर्शिता से अपनी– अपनी जवाबदेही जवाबदारी व अपने कर्तव्य का निर्वहन सटीक रूप से करते आ रहे हैं, परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं कि कार्यपालिका का रुतबा बाकी के तीन स्तंभों से कुछ बढ़ता हुआ महसूस किया जा रहा है। हम देखते हैं कि कार्यपालिका यांनें जिसकी सत्ता होती है वह विधायिका में भी जुगाड़ जंतर से अनेक विधेयकों को पारित करवा लेते हैं, किसी ना किसी तरह मीडिया पर भी नियंत्रण हो जाता है और न्यायपालिका द्वारा पारित आदेश को नए अध्यादेश निकालकर उसका प्रभाव समाप्त कर दिया जाता है, जो हम दिल्लीवाले केस सहित अनेको मामलों में देख चुके हैं, या फिर लोकतंत्र के दोनों सदनों में न्यायिक सुधार बिल पारित कर न्यायपालिका के पर कतरने व नकेल कसने का अधिकार भी सुरक्षित कर लिया जाता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मीडिया के माध्यम से हमने देखे व सुने कि किस तरह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान ने आनन फानन में रविवार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को देर रात्रि 11.26 बजे 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक सदन में चर्चा के लिए रखा व लंबी चर्चा के बाद रविवार सुबह 5 बज़े यह बिल 225/336 मतों से पारित कर आनन फानन में राष्ट्रपति की साइन करा लिया और वह बिल अब कानून बन चुका है। यह संशोधन सुप्रीम कोर्ट के ऊपर नकेल कसने के लिए किया गया है, जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। बता दें ऐसा कानून इजराइल व भारत में ज्यूडिशल रिफॉर्म्स एक्ट के नाम से लाया गया था परंतु दोनों देशों की सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें खारिज कर दिया। यानें अब सवाल उठता है कि कार्यपालिका, न्यायपालिका को अपने नियंत्रण में क्यों लेना चाहती है,यह गंभीर प्रश्न पूरी दुनियाँ में उठा हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वैश्विक स्तरपर न्यायपालिकाओं के पर कतरने में नया अध्याय जुड़ा पाकिस्तान में 26 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित,न्याय व्यवस्था केताबूत में आखिरी कील साबित होगी,व लोकतंत्र के चार स्तंभों न्यायपालिका कार्यपालिका विधायिका, प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया को अपने कार्यों को निर्वहन करने में स्वतंत्रता ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम पाकिस्तान में सोमवार दिनांक 21 अक्टूबर 2024 सुबह 5 बजे 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित कर राष्ट्रपति क़े हस्ताक्षर होने की करें तो पाकिस्तान की संसद ने विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक सदन में पारित कर दिया है, जिसके बाद वहां के चीफ जस्टिस का कार्यकाल 3 साल का हो जाएगा,इस विधेयक को पास कराने के लिए वहां सदन की बैठक रविवार–सोमवार की आधी रात को चली, जिसके बाद सोमवार की सुबह 5 बजे इस बिल पर मुहर लग गई। दरअसल पाकिस्तान ने अपना 26वां संविधान संशोधन किया है। इस विधेयक को पास कराने के लिए 336 सदस्यों वाले सदन में पक्ष में 225 वोट पड़े, जबकि सदन में विधेयक को पारित कराने के लिए केवल 224 वोटों की जरूरत थी।पाकिस्तान के अपर हाउस ने इसे 65–4 से पास कर दिया। सीनेट में इस बिल को पास कराने के लिए 64 वोटों की आवश्यकता थी। इसके बादपाकिस्तान के राष्ट्रपति ने विधेयक पर अपनी सहमति दे दी और उनके हस्ताक्षर के बाद ये कानून बन गया।मीडिया के हवाले से आई खबर में कहा गया है कि इस विधेयक को सदन के पटल पर कानून मंत्री ने रखा था।उन्होंने सीनेट में बिल पेश करते हुए कहा कि इस नए आयोग में मुख्य न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश दो सीनेटर और दो नेशनल असेंबली सदस्य शामिल होंगे। जिनमें से प्रत्येक में एक मेंबर विपक्ष का होगा।इस विधेयक पर विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरी कवायद का उद्देश्य, मौजूदा सीजेपी फैज ईसा कीसेवानिवृत्ति पर न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह को मुख्य न्यायाधीश बनने से रोकना है।बता दें कि पाकिस्तान पीटीआई और एसआईसी ने नेशनल असेंबली में इस संशोधन का विरोध किया। वहीं पीटीआई के समर्थन से बैठे 6 इंडिपेंडेंट सदस्यों ने विधेयक का समर्थन किया है।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम इस बिल को पास कराने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, आखिरकार वो समय आ गया, जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे निर्दलीय उम्मीदवारों ने विधेयक का किया समर्थन। संशोधन का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों को कम करना है। इस संविधान संशोधन में जजों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए उन्हें नंबर भी मिलेंगे। इसके लिए एक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली शुरू की गई है। पीटीआई नेता ने संशोधन को न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर घातक प्रहार करार दिया और बताया कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार सरकार को देने से न्यायपालिका का राजनीतिकरण होगा। साथियों बात अगर हम इज़राइल ज्यूडिशल रिफॉर्म बिल पारित होने व सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज़ करने की करें तो,जुलाई में सरकार ने एक विधेयक पारित किया जिसे अब तर्कसंगतता विधेयक के नाम से जाना जाता है।इससे इजराइल के सर्वोच्च न्यायालय और निचली अदालतों के पास सरकार के उन निर्णयों को रद्द करने की शक्ति समाप्त हो गई, जिन्हें वे अत्यंत अनुचित मानते थे।इस कानून ने व्यापक आक्रोश और विभाजन पैदा कर दिया, जिसके कारण सैकड़ों हज़ारों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर सुधारों को रद्द करने और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफ़े की मांग की। आयोजकों ने कहा किसाप्ताहिक विरोध प्रदर्शन इज़रायल के इतिहास में सबसे बड़ा सड़क प्रदर्शन था।1 जनवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट ऑफ जस्टिस के रूप में अपनी भूमिका में 8–7 मतोंसे इस विधेयकको खारिज कर दिया न्यायाधीशों ने 12–3 मतों से यह भी फैसला सुनाया कि न्यायालय के पास मूल कानूनों को पलटने का अधिकार है। साथियों बात अगर हम भारत मेंज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल पास करने व सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने की करें तो, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के ज्यूडिशियिल रिफॉर्म के प्रयास को यह कहते हुए झटका दिया था कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया कॉलेजियम सिस्टम से ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने तब नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया था।सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के फैसले में कलेक्टिव विजडम के सिद्धांत पर जोर दिया। इसका मतलब यह था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति का निर्णय केवल मुख्यन्यायाधीश पर निर्भर न होकर,सर्वोच्च न्यायालय के अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीशों की सामूहिक सहमति पर आधारित होना चाहिए। इस फैसले के तहत कॉलेजियम सिस्टम की स्थापना की गई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्चन्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। ये पांचों न्यायाधीश सामूहिक रूप से हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति और प्रमोशन का निर्णय लेते हैं।केंद्र में सरकार और एनजेएसी का गठनवर्ष 2014 में लोकसभा के चुनाव हुए और 2014 में ही नैशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन एक्ट संसद से पारित करवा दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया और कॉलेजियम प्रणाली को बहाल रखा,और सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी को कर दिया रद्द सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के लाए एनजेएसी एक्ट को असंवैधानिक करार दे दिया। साथियों बात अगर हम लोकतंत्र के चार स्तंभों की करें तो (1)विधायिका– संसद,विधानसभाएं। इनका कार्यकानून बनाना है।(2) कार्यपालिका– मंत्रिपरिषद। इनका कार्य विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन कराना है।(3) न्यायपालिका– सर्वोच्च न्यायालय, राज्यों के उच्च न्यायालय।इनका कार्य विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की संवैधानिकता की विवेचना करना है। कार्यपालिका द्वारा उन कानूनों के पालन करने में मनमानी को रोकना है।(4)प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया– इसका काम भी उपरोक्त तीनों स्तंभों के कार्यों पर नजर रखना हैलोकतंत्र में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है जनमत। मीडिया जनमत निर्माण का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य करता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वैश्विक स्तरपर न्यायपालिकाओं के पर कतरने में नया अध्याय जुड़ा–पाकिस्तान में 26 वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित–न्याय व्यवस्था के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृष
आप में आज आत्मविश्वास कूट–कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

### मिथुन
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

### कर्क
आज आपका स्वास्थ्य नरम–गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है। वाहन सुख मिलेगा।

### कन्या
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है। आपकी मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### तुला
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान–पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

### वृश्चिक
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

### धनु
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद–विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

### मकर
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास–पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

### कुंभ
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

### मीन
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई–बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं डॉ.अरविंद गेट जाकि आजकल मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी,खैरथल के पद को सुशोभित बनाए हुए हैं। ढाणी जैतपुर बावल, रेवाड़ी हरियाणा में 8 अगस्त सन 1982 को जन्में डॉ अरविन्द गेट शुरू से ही कुछ कर गुजरने का मादा रखते थे। ऐसे में झुंझुनू व बावल व जयपुर से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी कर एमबीबीएस अल्माटी विश्वविद्यालय रूस 2009 को की इसके साथ ही एमडी सामुदायिक चिकित्सा एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से सन 2017 में हुई। 2011 से 2013 तक हिंदू राव मेडिकल कॉलेज दिल्ली में जूनियर रेजीडेंसी के रूप में लोगों को अपनी सेवाए दी। 2013 में राज सरकार में शामिल हुए पीएचसी मनका मुंडावर में 2017 तक 2017 से 2020 एसएमएस 2020 से 2024 आरसीएचओ अलवर रहे और सरकार के निर्देश पर अब मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी,खैरथल पद को सुशोभित कर रहे हैं। (सीएमएचओ )खैरथल। बहुत ही शानदार व्यक्तितत्व के धनी हैं डॉ.गेट। अलवर आरसीएचओ के पद पर रहते हुए टीकाकरण योजनाओं को पंख लगाकर टॉरगेट पूरे करने और आमजन को चिकित्सा सेवाओं से लाभान्वित करवाने वाले एक बेहतरीन अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। ऊर्जावान चिकित्सक के रूप में नजर आते हैं,बेहतरीन मैनेजमेंट के रूप में अपनी कार्य कुशलता को अपने अधिनस्थ कर्मचारी व अधिकारियों को कुछ सीखाने व संदेश देने का कार्य किया है।



डॉ.अरविन्द गेट
( मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी, खैरथल )

आज खैरथल/तिजारा जिले की जनता को राजस्थान सरकार की चिकित्सा सेवाओं से लाभन्वित करवाना उनके उद्देश्य में शामिल है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 23 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में 1764 को पराजित हुआ।
- महिलाओं के अधिकारों को लेकर पहली बार अमेरिका में नेशनल वुमेन राइट कॉनवोकेशन 1850 में शुरू हुआ।
- ब्लांश एस स्कॉट अमेरिका में 1910 में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं।
- न्यूयार्क में लगभग 25,000 महिलाओं ने मतदान के अधिकार की मांग को लेकर 1915 में प्रदर्शन किया।
- जर्मन सेना ने 1922 में सैक्सनी का अधिग्रहण किया और वहाँ के सोवियत गणराज्य को कुचल दिया।
- बीबीसी रेडियो ने 1922 में दैनिक समाचार प्रसारण शुरू किया।
- अल अलामीन के युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने 1942 में जर्मन सेना को पराजित किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उत्तरी मिस्र के क्षेत्र अलमैन में ब्रिटिश व जर्मन सेनाओं के 1942 में मध्य युद्ध हुआ।
- नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 में आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की।
- त्रिग्वेली (नार्वे) सं.रा. संघ के प्रथम महासचिव 1946 में नियुक्त।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में 1946 को पहली बार बैठक।
- गेर्टी कोरी और उनके पति कार्ल कोरी पहले ऐसे दंपति थे, जिन्हें 1947 में चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उन्हें ये पुरस्कार कार्बोहाइड्रेट साइकल के सिद्धांत के लिए दिया गया था।
- हंग्री की जनता ने 1956 में पूर्व सोवियत संघ के वर्चस्व के विरुद्ध संघर्ष आरंभ किया।
- रूसी कवि एवं उपन्यासकार बोरिस पास्तरनाक को 1958 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार।
- अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन वाटरगेट मामले में 1973 को टेप जारी करने पर सहमत हुए।
- लेबनान में 1983 को मुसलमान संघर्षताओं द्वारा अमरीकी व फ़्रांसीसी अतिग्रहणकारियों के ठिकानों पर शहादत प्रेमी आक्रमणों में 241 अमरीकी और 58 फ़्रांसीसी सैनिक मारे गए।
- चीन और जापान ने 1978 में चार दशकों से चले आ रही शत्रुता को औपचारिक रूप से समाप्त किया।
- सोवियत संघ के प्रधानमंत्री अलेक्सी एन कोसीजिन ने 1980 में इस्तीफे की घोषणा की।
- लीबिया एवं सीरिया द्वारा 1980 में एकीकरण की घोषणा।
- हंगरी ने स्वयं को 1989 में गणराज्य घोषित किया।
- हंगरी सोवियत संघ से 1989 में 33 वर्षों के बाद आजाद होकर एक स्वतंत्र गणराज्य बना।
- पाकिस्तान ने 1998 में कश्मीर समस्या का समाधान आत्म निर्णय से करने की मांग दोहरायी।
- जापान ने 1998 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया।
- अमेरिकन विदेशी मंत्री मेडलिन अल्ब्राइट की 2000 में उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ली से ऐतिहासिक मुलाकात।
- नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने 2001 में मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की।
- एप्पल ने 2001 में आईपॉड बाज़ार में उतारा
- 30 से 35 परमाणु बम होने की पुष्टि 2003 में की।
- माओवादी हिंसा ने 2003 में नेपाल के पूर्व मंत्री का आवास बम से उड़ाया।
- भारत और बुल्गारिया ने प्रत्यर्पण संधि पर 2003 में हस्ताक्षर किये।

**विशेष आलेख**

# महिला सशक्तिकरण की राह




**अनिल माथुर**

**जोधपुर (राजस्थान)।** महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का प्रतीक है, जो महिलाओं को उनकी क्षमताओं, अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक करता है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रशस्त करता है, बल्कि पूरे समाज को लाभान्वित करता है। सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, और न्याय के क्षेत्र में समान अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान करना है।

### शिक्षा का महत्व

महिला सशक्तिकरण की नींव शिक्षा पर टिकी होती है। जब एक महिला शिक्षित होती है, तो वह न केवल अपने जीवन में सुधार लाती है, बल्कि वह अपने परिवार और समाज के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बनती है। भारत में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाएं लड़कियों को शिक्षित करने के लिए चलायी जा रही हैं, जिससे उनका आत्मनिर्भर बनना सुनिश्चित हो सके।

### आर्थिक सशक्तिकरण

महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू है। रोजगार और स्वरोजगार के अवसर महिलाओं को अपने निर्णय स्वयं लेने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता करते हैं। स्वयं सहायता समूह, लघु उद्योग, और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना इस दिशा में प्रमुख कदम हैं। डिजिटल प्लेटफार्म भी महिलाओं को वैश्विक बाजारों तक पहुंचने में मदद कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य और स्वच्छता

महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मातृत्व देखभाल, प्रजनन स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता जैसे मुद्दों पर ध्यान देकर महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकता है। सरकार ने इस दिशा में कई योजनाएं चलाई हैं, जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और उज्ज्वला योजना, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार कर रही हैं।

### कानूनी अधिकार और सुरक्षा

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी और सुरक्षा का प्रावधान होना आवश्यक है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कानून और जागरूकता अभियान महिलाओं को सुरक्षित और संरक्षित महसूस कराते हैं। निर्भया फंड और महिला हेल्पलाइन जैसी सरकारी योजनाएं सुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी कदम हैं।

### सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाएं

महिला सशक्तिकरण की राह में सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाएं हैं। बाल विवाह, दहेज प्रथा, लिंग भेदभाव, और रूढ़िवादी मानसिकता जैसे मुद्दे सशक्तिकरण की प्रक्रिया को धीमा करते हैं। इनसे निपटने के लिए जागरूकता अभियान और सामाजिक सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना और पारिवारिक सहयोग प्राप्त करना सशक्तिकरण के मार्ग में अहम भूमिका निभाता है।

### राजनीतिक सशक्तिकरण

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी समाज में उनकी स्थिति को मजबूत बनाती है। पंचायत स्तर से लेकर संसद तक, महिलाओं को राजनीति में समान अवसर मिलना चाहिए। 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन ने ग्रामीण और शहरी निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की व्यवस्था की, जिससे वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल हो सकें।

### निष्कर्ष

महिला सशक्तिकरण न केवल महिलाओं के लिए, बल्कि संपूर्ण समाज के विकास के लिए अनिवार्य है। यह एक ऐसा प्रयास है जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाता है, उनके अधिकारों की सुरक्षा करता है, और उन्हें समान अवसर प्रदान करता है। जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो उनका योगदान समाज, परिवार और राष्ट्र के विकास में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए हर छोटे कदम से एक सकारात्मक और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार



# किसान संघ ने जताया जलदाय मंत्री का आभार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारतीय किसान संघ की मालपुरा शाखा ने मालपुरा क्षैत्र में अति पृष्टि से खराब हुई फसल का प्रतिशत 50 से 60 प्रतिशत तक खराबा धोषित होने पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट किया है। मंगलवार को संघ के अध्यक्ष गोपीलाल गोदारा के नेतृत्व में किसानो का दल टोडारायसिंह पहुंच कर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नीजि कार्यालय पहुंच कर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान किसान संघ ने मालपुरा क्षैत्र में अतिवृष्टि से खराब हुई फसल का प्रतिशत 50 से 60 प्रतृिशत तक धोषित होने पर आभार प्रकट किया। संघ की ओर से बताया कि अतिवृष्टि से खराब हुई फसलो के पीड़ित किसानो को मुआवजा मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इस दौरान कैलाश जांगिड़, पन्नालाल कारवाल, चन्दन सिंह सहित अन्य कई किसान मौजुद रहे।

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद हुई शुरू

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** क्रय विक्रय सहकारी समिति मालपुरा द्वारा मंगलवार से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद केन्द्र का विधिवत शुभारम्भ हुआ। मंगलवार को कृषि उपज मण्डी समिति परिसर स्थित समिति के खरीद केन्द्र पर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद कार्य का शुभारम्भ समिति प्रशासक उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी व समिति चेयरमेन भंवरलाल मुवाल ने किया। खरीद कार्य शुरू होने से पूर्व पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना हुई। साथ ही समिति की ओर से खरीद के लिए लगाए कांटे की भी पूजा हुई। इस दौरान समिति प्रशासक उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने समिति मैनेजर ओमप्रकाश चौधरी को पूरी पारदर्शिता एवं नियमो की पालना करते हुए खरीद कार्य किया जाए। साथ ही खरीद कार्य में निर्धारित नियमो का पूर्ण रूप से पालन कर किसानो को समर्थन मूल्य पर खरीद कार्य का लाभ दिया जाए। चौधरी ने इसके अलावा गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार से समझोता नहीं करने के निर्देश दिए। समिति प्रशासक को जानकारी देते हुए समिति व्यवस्थापक ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि इस बार सरकार की ओर से मूंग खरीद के लिए 8 हजार 682 रूपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा ऑनलाईन पंजीयन के बाद ही मूंग की खरीद करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। सरकार की ओर से प्राप्त होने वाले आगामी आदेशो तक समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद का कार्य किया जाएगा। मैनेजर चौधरी ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार एक किसान से अधिकतम 25 क्विटंल मूंग खरीद किए जा



सकेगें। खरीद के लिए निर्धारित प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीद का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजो के साथ ऑन लाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण के बाद सम्बन्धित किसान के पास मोबाईल पर मेसेज आएगा। मेसेज के अनुसार किसानो को निर्धारित दिवस के दिन अपना माल मण्डी स्थित समिति के खरीद केन्द्र पर लाना होगा। समिति के विशेषज्ञो के दल द्वारा लाए गए मूंग की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। समिति प्रशासक विधिवत रूप से खरीद की शुरूआत करने के बाद मोजुद किसानो से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। अंत में मण्डी सचिव जितेन्द्र यादव अतिरिक्त सचिव सहित समिति अधिकारियो व कर्मचारियो को खरीद केन्द्र पर किसानो के लिए आवश्यक सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अधिकारियो कर्मचारियो के अलावा किसान मौजूद रहे।

## चौथे दिन एक उम्मीदवार ने भरा नामांकन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** विधानसभा उपचुनाव-2024 (देवली-उनियारा) के तहत मंगलवार को देवली-उनियारा विधानसभा सीट के लिए एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया है। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी हनुमान मीणा ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव में नामांकन दाखिल करने के चौथे दिन देवली-उनियारा विधानसभा सीट के लिए राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी योगेश कुमार शर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

## बाल मंदिर कॉलोनी में जब्त की अवैध बजरी से भरी एक ट्रोली

### शिवाड़ क्षेत्र में चार आरोपी गिरफ्तार

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को पुलिस ने अवैध बजरी खान एवं परिवहन रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का अंतर्गत बाल मंदिर कॉलोनी में सूचना मिलने पर अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रोली को जब्त किया। माउनटाउन थानाधिकारी जगदीश जाट ने बताया कि जब्त की गई ट्रोली को माउनटाउन थाना में रखा गया है। इसी प्रकार चौथ का बरवाड़ा थाना पुलिस ने 9 अक्टूबर को शिवाड़ क्षेत्र में टापुर ईंट भट्ठे के पास अवैध बजरी खनन मामले में ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त की गई लेकिन आरोपी भाग गए थे पुलिस ने पहचान कर आरोपी हनुमान गुर्जर निवासी निमोद थाना बौंली, महेश तल्या सेन निवासी निमोद थाना बौंली, विनोद गुर्जर निवासी निमोद थाना बौंली एवं हरकेश गुर्जर को गिरफ्तार किया है। साथ ही ट्रैक्टर ट्राली भी जब्त की है।

## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का यात्रा कार्यक्रम स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** राजभवन से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का बुधवार, 23 अक्टूबर को उपखंड निवाई के डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय में आयोजित 7 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है।

## सती माता के मंदिर पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर राजपूत समाज की हुई बैठक

### 6 नवंबर को होगा विशाल आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** ग्राम पंचायत पलेई में जुझार जी महाराज के स्थान पर सती माता के मंदिर पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर राजपूत समाज की बैठक आयोजित हुई। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि निवाई स्थित सती माता मंदिर पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे राजपूत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को लेकर सर्वसम्मित से 6 नवंबर को विशाल आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। आंदोलन को लेकर गांव गांव में राजपूत समाज द्वारा बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में राजपूत समाज की महिला व पुरुषों ने निर्णय लेते हुए राजपूत समाज पर हो रहे अत्याचार को लेकर आंदोलन में भाग लेंगे और सती माता के मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उप चुनाव में राजपूत समाज का साथ देने वाले को ही मतदान करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर गोपालसिंह चौहान, गोविंदसिंह चौहान, हितेशसिंह चौहान, दीपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, कन्नू बना, जयसिंह चौहान, आशुतोष सिंह, राजवीर सिंह, भंवर सिंह व भूपेंद्र सहित कई लोग मौजूद थे।

## रैगर समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर आयोजित हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रैगर समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर जिला मुख्यालय पर स्थित छात्रावास में आम सभा की बैठक रामगोपाल सेवलिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समाज का पांचवा प्रतिभा सम्मान समारोह देवली में आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले की 700 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाओं को दिए जाने वाले स्मृति चिन्ह गोपाल दबकिया एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र उमराव मल बांसीवाल द्वारा भेंट किए जाएंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा होंगे विशिष्ट अतिथि एडीजे दिनेश कुमार जलुथरिया, आईपीएस जयनारायण शेर, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के मोहनपुरिया, सेवानिवृत्त आई ए एस रामनिवास, एडीएम रामरतन सौंकरिया टोंक, राष्ट्रीय महामंत्री रामकिशोर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा होंगे कार्यक्रम में बूंदी, भीलवाड़ा, केकड़ी, जयपुर, सवाईमाधोपुर, दौसा महासभा के जिलाध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान व्यवस्थाओं को लेकर समितियां भी बनाई गई।

# शहर में दिपोत्सव की नि:शुल्क सजावट का काम हुआ शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा शहर को दिपोत्सव के दौरान नि:शुल्क आकर्षक सजावट का काम शुरू हो चुका है। नगरपालिका मालपुरा द्वारा दिपोत्सव पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सजावट करने के उद्धेश्य से लगभग 19 लाख रूपये की निविदाऐं जारी की थी। लेकिन पालिका की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी का पदभार उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी द्वारा संभालते ही सजावट के टेण्डर निरस्त कर दिए। सजावट के टेण्डर निरस्त होने के साथ ही शहरवासियो में मायूसी छा गई थी। लेकिन होना कुछ ओर ही था। ठेण्डर निरस्त होने के बाद ईओ उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने शहर के युवा टेन्ट व्यवसायी समाजसेवी व भामाशाह और गुप्ता इवेन्ट एवं टेन्ट के मालिक योगेन्द्र गुप्ता को बुलाकर वार्ता की। इस वार्ता से प्रेरित होकर व शहर में दिपोत्सव पर होने वाली सजावट की परम्परा को कायम रखने के उद्धेश्य से गुप्ता ने दिपोत्सव पर शहर में नि:शुल्क सजावट करने की सहमति प्रदान की। इस सहमति होने की जानकारी शहरवासियो को मिलते ही मायूसी खुशियो में बदल गई। योगेन्द्र गुप्ता ने उपखण्ड अधिकारी चौधरी को दी गई सहमति व शहर की परम्परा को कायम रखने को लेकर सजावट का कार्य शुरू करवा दिया।

सजावट के प्रथम चरण में व्यास सर्किल, सुभाष सर्किल, महावीर मार्ग सहित गांधी पार्क पर आकर्षक गेट बनने का कार्य प्रारम्भ हो गया। गुप्ता ने बताया कि दिपोत्सव पर शहर में होने वाली सजावट पूरी तरह से नि:शुल्क होगी। साथ ही सजावट व रोशनी आकर्षक व सुन्दर से सुन्दर करने का प्रयास किया जाएगा।



## विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा दिवस की तैयारियां

### जिले के पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स के साथ ऑनलाइन मीटिंग

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर समीक्षा गौतम ने नवंबर माह में आयोजित किए जाने वाले विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर 2024 के सफल आयोजन के लिए जिले के पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स के साथ सिस्को वेबैक्स के माध्यम से ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया। साथ ही उन्होंने पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा अक्टूबर माह में आयोजित विधिक जागरूकता शिविरों, रैलियों आदि के संबंध में रिपोर्ट ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बैठक से जुड़े पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स को बताया कि रालसा जयपुर के एक्शन प्लान अनुसार नवंबर 2024 में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 9 नवंबर 2024 को वृहत् स्तर पर विभिन्न सरकारी संस्थाओं के सहयोग से ग्राम पंचायतो, कारागृहों, विद्यालयो, महाविद्यालयो, शैक्षणिक संस्थाओं एवं अन्य सार्वजनिक



स्थलों पर विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने मीटिंग से जुड़े पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटियर्स को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर, 2024 के सफल आयोजन के लिए प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों एवं न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिकाधिक राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया।

## पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन की कार्यकारणी घोषित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** पंचायत समिति सभागार में मंगलवार को पंचायतीराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन राजस्थान की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारणी का विस्तार किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमचन्द माली ने बताया कि कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर विजयकुमार खंगार, बीरबल मीणा व शिवदयाल बैरवा, उपाध्यक्ष नरेन्द्रकुमार मीणा, सागरराम सौनी व गंगा मीणा, कोषाध्यक्ष रामावतार वर्मा, महासचिव सोनू कुमारी शर्मा व शिवजीलाल शर्मा, प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी सुनिलकुमार शर्मा, सचिव रामप्रसाद चौधरी व संगठन मंत्री के पद पर कल्पना शर्मा को मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारणी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुरेन्द्र चौधरी, लोकेशकुमार वर्मा, रामसहाय बैरवा, ममता शर्मा, राजाराम मीणा, सुशील खंगार, राजबाला, सुनिता गुर्जर, विनोद शर्मा, ललीता स्वामी, भावना मारोठिया, राजकुमारी पालीवल, मीरा चौधरी, रामनारायण मीणा, ओमप्रकाश वर्मा, लक्ष्मी शर्मा, रघुवीरप्रसाद मीणा, रेणु प्रजापति, पप्पूलाल बैरवा, मंजू गुर्जर, अनिता बैरवा, बनवारीलाल वैष्णव व विनोदकुमार बैरवा सहित कनिष्ठ सहायक एवं सभी ग्राम पंचायतों के मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद थे।

## इंडिया फ्रीडम रन 5 अन्तर्गत निकाली रैली

### स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान




दिनेश शर्मा

**ईसरदा/सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत अभियान के तहत राजकीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईसरदा में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया! कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच पुखराज गुर्जर ने की। इसमें गांव के गणमान्य नागरिक स्कूल स्टाफ गांव के खिलाड़ी वार्ड पंचों सहित गांव के कई लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को नियमित व्यायाम करने एवं स्वच्छता रखने का संदेश दिया गया। अभियान को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईसरदा के प्रधानाचार्य आसाराम मीणा एवं ग्राम विकास अधिकारी राधा कृष्ण गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर फिट इंडिया के तहत रैली के रूप में रवाना किया। रैली मेन बाजार होते हुए हाड़ी रानी की बावडी बनेठा दरवाजा सुरेली दरवाजा होते हुए वापस उच्च माध्यमिक विद्यालयपहुंची वहां पहुंची। यहां प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी बच्चों एवं गणमान्य नागरिकों को फिट रहने एवं स्वच्छ रहने की शपथ दिलवाई।

## 3 घंटे रहेगी बिजली बंद

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** विद्युत विभाग के तत्वावधान में बुधवार को दशहरा मैदान व जमात फीडर पर मरम्मत कार्य को लेकर 3 घंटे शहर में बिजली बंद रहेगी। विभाग के कनिष्ट अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि विद्युत लाईनों के रख रखाव व मरम्मत कार्य के चलते बुधवार सुबह 8 से 11 बजे तक विकास कॉलोनी, हनुमान नगर, जमात, इंडियन बैंक के पीछे, एफसीआई गोदाम के पीछे, शिवाजी कॉलोनी गली नम्बर 17, खेजडा वाली ढाणी, दशहरा मैदान, भर कुआं ताला, कीर कॉलोनी, गणेश नगर व पशु चिकित्सालय के आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

# शहर के मुख्य रास्तों से हटवाया अतिक्रमण

### दुकानों के बाहर सामान रखने व दुपहिया वाहनों को अव्यवस्थित खडा करने पर होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** दीपावली के त्यौहार को लेकर शहर में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने मुख्य रास्तों से अतिक्रमण हटवाया। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस ने बस स्टेण्ड, अहिंसा सर्किल व झिलाय रोड पर दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा रखे गए सामानों को हटवाकर अतिक्रमण हटवाया। साथ ही पुलिसकर्मियों ने दुकानदारों से दुकान के बाहर सामान नहीं रखने की हिदायत दी। इसी प्रकार झिलाय रोड पर लगे फल व सब्जी के ठेलों का निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित लगवाया व सडक पर नहीं आने के निर्देश दिए। पुलिस ने मुख्य सडक पर स्थित व्यवसायिक कटलो के बाहर सडक



पर लगे हुए दुपहिया वाहनों को हटवाया तथा दुकानदारों से अपने वाहन पार्किंग में ही लगाने के निर्देश दिए। डीवाईएसपी मिश्रा ने दुकानों के बाहर सामान रखने व दुपहिया वाहनों को अव्यवस्थित रूप से खडा करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इस दौरान यातायात निरीक्षक सांवरमल जाट व प्रहलाद सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जरूरी : शिवप्रकाश पारीक

### अपने व अपने परिजनों के जन्म दिवस पर लगाएं पौधे

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** कृषि मंडी में कृषि मंडी व्यापार मंडल के तत्वावधान में कृषि मंडी सदस्य व भाजपा नेता शिवप्रकाश पारीक का जन्मदिवस को लेकर पौधारोपण किया गया। कृषि मंडी सदस्य व भाजपा नेता शिवप्रकाश पारीक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करना जरूरी है। उन्होंने मंडी के सभी व्यापारियों एवं मजदूर संघ के पदाधिकारियों से अपने व अपने परिजनों के जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाए जिससे आने वाली पीढी को शुद्ध वातावरण मिल सकें। इस दौरान पूर्व भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष रामअवतार घाटी, पूर्व पार्षद योगेश जैन, पवन पारीक,



राजेंद्र नाटाणी, मुरारी शर्मा, सुनील अग्रवाल, व्यापार मंडल के प्रवक्ता बुद्धराम चौधरी, लड्डूलाल गोयल, मीठालाल शर्मा, सत्यदेव पारीक, राजू पहाड़ी, रवि पारीक, पप्पू कठमाना, शुभम् पारीक, संजय भाणजा सहित व कृषि मंडी व्यापारियों एवं मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने माला व साफा पहना कर शुभकामनाएं दी।

# बहरोड़ में सड़क किनारे जलाया कचरा, फैला प्रदूषण

## कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई, लोगों का सांस लेना हुआ मुश्किल

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** बहरोड़ सहित आसपास का ग्रामीण इलाका इन दिनों प्रदूषण की मार झेल रहा है। नगर परिषद के सफाई कर्मी सुबह सफाई करते हैं, लेकिन कचरे का ढेर समय पर उठाया नहीं जा रहा। जिससे वाहनों के आवागमन और तेज हवा के कारण कचरा उड़ता है। जिससे कर्मचारी खुद ही झाड़ू निकालने के बाद लगे कचरे के ढेर को आग लगा रहे हैं। इतना ही नहीं कॉलोनियों के खाली प्लाटों में जमा कचरे को दिन-रात बेरोकटोक आग लगाई जा रही है। जिससे वातावरणमें प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। बहरोड़ का इलाका एनसीआर क्षेत्र में आता है। यहां ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान की पहली पाबंदी पहले ही लागू हो चुकी है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे, तो और कड़ी पाबंदियां लग सकती हैं। जिससे जन जीवन पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

**जिला कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं :** कोटपूतली-बहरोड़ की जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एक सप्ताह पहले नगर परिषद पहुंची। जहां नप के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे कचरे को जलाए जाने पर रोक लगाए और सुनिश्चित करें कि कचरे का उठाव और उचित निपटान किया जाए। हालांकि अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। इसी का परिणाम है कि दुकानदार, मिस्त्री, फल-सब्जी विक्रेता और कॉलोनी के लोग खुलेआम कचरा जला रहे हैं। जिससे वातावरण दूषित होने के साथ फिजाएं जहरिली हो रही है। लोगों को दूषित सांस लेना मजबूरी बना हुआ है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनियों और खाली प्लॉटों में दिन-रात कचरा जलाया जा रहा है, जिससे न केवल हवा प्रदूषित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न प्रदूषित हा रहा ह, बाल्क स्वास्थ्य सबधा समस्याए भा उत्पन्न हो रही हैं। कई लोगों में सांस संबंधी बीमारियों और आंखों में जलन की शिकायत आ रही है।

यह स्थिति नगर परिषद की लापरवाही और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में जीआरएपी की और कड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य भी बाधित होंगे। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने कहा कि लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। हमारे कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए है की वो कचरा नहीं जलाएं। हमने एक टीम गठित कर दी है जो लगातार मूवमेंट करती है। शहर में कहीं भी किसी प्लॉट में कचरा जला रहा है या दुकानदार अपने प्रतिष्ठान के सामने कचरा जलाता मिला तो पेनल्टी लगाएंगे। ग्रेप की गाइड लाइन को प्रभावी तौर पर लागू करवाएगें।

## सेठ जी की मौत...



नमस्कार मित्रों आलेख का शीर्षक पढ़कर थोड़ा अजीबोगरीब लग रहा होगा लेकिन सत्य यही है कि वो सेठ जी मर गए हैं, इसलिए अब समाज भी मरेगा,कोई बचा नही सकता। पहले समय मे सेठ जी सूद पर पैसा देते थे तब उन सेठजी को भी पता था कि ईश्वर को मुँह दिखाना है इसलिए ब्याज भी इतना ही लेते जिससे सामने वाला मूल व ब्याज चुका सके। आज सेठ जी के मरने के बाद समाज मे पनपे सूदखोरों ने समाज के साथ देश की पूरी वित्त प्रणाली को हिलाकर रख दिया है। व्यपार बिना धन के संभव नहीं है इसलिए व्यपारी की मजबूरी रहती है पैसा लेना,अब उसकी मजबूरी का फायदा उठाने के लिए ये ब्याज माफिया 10 रुपये सैंकड़ा की दर से पैसे दे रहे हैं। आप जरा सोचिए 10 रुपये सैंकड़ा आखिर कोई देगा कहाँ से इसलिए कर्जे के तनाव में व्यपारी बडी संख्या में आत्महत्या कर रहे हैं। यही नहीं अब ये व्यसाय नामचीन बदमाशों के हाथों में चला गया है। कानपुर,इलाहाबाद, गुरुग्राम, मुंबई व दिल्ली में तेजी से बढ़ती व्यपारियों की आत्महत्याओ पर सरकारें कतई चिंतित नहीं हैं। एक बार इनकम टैक्स वाले भी तो जाने कि ये माफिया इतना कमा रहे हैं तो टैक्स कितना भर रहे हैं, या दो नम्बर का पैसा दो नम्बर में ही चल रहा है। यही नहीं देश की सेवा कर मैडल और पदक हासिल करने वाले ना जाने कितने ही पुलिस अधिकारियों के पैसे ये माफिया के जरीए चलाए जा रहे हैं। व्यपार की गति देने और अपने क्षेत्र के लोगों की अटकी में मदद करने वाले सेठ जी मरे नहीं बल्कि उनकी हत्या हुई है। अब ये ब्याज माफियाओं का राज है इसलिए व्यक्ति 4 लाख लेकर 6 लाख चुकाने के बाद भी 3 लाख बकाया का भय,डर,खौफ और पीड़ा का दंश झेल रहा है और सरकारें चुनाव करवाने में ही अपना समय बर्बाद कर रही हैं। यदि समाज मे व्यपारियो द्वारा बढ़ती आत्महत्या रोकने के लिए प्रयास नहीं किये गए तो एक तो ऑनलाईन व्यपार दूजा ये ब्याज माफिया बाजार को श्मशान बना देंगे। सरकारें इस ओर कदम इसलिए नही उठाएंगी क्योंकि नेताजी के पैसे भी तो इन माफियाओं के द्वारा चलाए जा रहे हैं। समाजिक विडम्बना है ये दोस्तों यदि समाज को सुरक्षित रखना है तो इस माफियाओं से सख्ती से पूछताछ हो कि यदि ये पैसा तेरा है तो तेरे पास आया कहाँ से?

और यदि ये पैसा इनका ही हैं तो फिर इन्हें ये पैसा कोर्ट के माध्यम से चैक के जरीए दिए जाने की कियावद् करनी ही होगी ताकि देश की वित्त व्यवस्था को सुधारा जा सके। फिर देखना कितने हुंडी खरीद कर बदमाशी से पैसे वसूलने वाले ऐसे गायब होते हैं जिसे गधे के सिर से सींग। ऐसे लोगों की रिटर्न्स चेक करवाई जाए जोकि देश की वित्तय व्यवस्थाओं को तार-तार कर रहे हैं। दिल्ली में तेजी से बंद होती दुकानें और व्यपारियों के तनाव के कारण हुई मौत के इस चक्र को रोकना होगा।

**अनन्त**
**रूपक शर्मा**
**दैनिक बढ़ता राजस्थान,अलवर**

# अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा अलवर द्वारा मनाया गया सामूहिक क्षमा मिलन कार्यक्रम





बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** 19 अक्टूबर शनिवार को पल्लीवाल जैन महासभा भवन में आयोजित अलवर शाखा द्वारा जैन धर्म का एक बड़ा संदेश देते हुए क्षमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पवन जैन (चौधरी) ने बताया कि इस आयोजन को दो सत्र में बड़ी ही धूमधाम से आयोजित किया गया सुबह के सत्र में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी तपेश जी जैन;आगराद्धएराष्ट्रीय महामंत्री श्री महेश जी जैन;जयपुरद्धएराष्ट्रीय अर्थ मंत्री श्री अनिल जी जैन(जयपुर) के मुख्य आतिथ्य में एवं देश के विभिन्न भागों से,महवा से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकीनन्दन जैन जयपुर से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आर सी जैन (रिटायर्ड सै)इंदौर से पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री राजीव रत्न जैन के साथ आगरा,आगरा ग्रामीण, मुरैना,दिल्ली, जयपुर, नौगाँवा ,खेड़ली ,महुआ आदि स्थानों के महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष एवं मंत्री भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत झंडारोहण से विजय कुमार विमल कुमार जैन द्वारा की गई जिस पर ड्रोन द्वारा अतिथियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।चित्र अनावरण भगवान सहाय अरविंद कुमार जैन द्वारा एवं दीपप्रज्वलन रमेश चंद नरेंद्र कुमार जैन द्वारा किया गया।खेलकूद प्रतियोगिता,मेहंदी प्रतियोगिता, चेयर प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रदीप जैन अंबेडकर द्वारा किया गया। शाखा मंत्री नरेन्द्र जैन के अनुसार अतिथियों का सम्मान शॉल उड़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर श्री सतीश दीवान एवं रविन्द्र जैन द्वारा किया गया।विभिन्न मंडलों द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम दिया गया जिसमे विशेष रूप से अभिषेक जैन ने अपने शानदार भजन प्रस्तुत करके समां बांध दिया जिसके प्रायोजक महेश जैन वरुण जैन एवं अनिल जैन कमित जैन रहें। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के त्यागी वृत्तियां द्वारा 5 दिन या इससे अधिक दिन का व्रत करने वालों को सम्मानित किया गया जिसका लाभ किशन चंद संजय कुमार जी जैन (पैट्रोल पंप) एवं पीतमचंद अरुण कुमार जैन (पार्षद) द्वारा लिया गया।

अंत में शाखा की संपूर्ण कार्यकारणी और समाज जनों ने कार्यक्रम को व्यवस्थित ओर भव्यता से कराने के लिए कार्यक्रम संयोजक को मालाओं से दुपट्टों से स्वागत किया और इसी प्रकार समाज हित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया । सभी ने सूर्यास्त से पूर्व भोजन कर रात्रि 7 बजे चंचल जैन के निर्देशन में भगवान की आरती की और 11 लक्की ड्रा निकाले गए ।

# दुकानदार अतिक्रमण स्वयं हटालें, अन्यथा होगी कार्यवाही : राठौड़

- प्रशासन ने अस्थाई अतिक्रमणकारियों से की अपील
- एक दुकानदार ने प्रशासन को तबादले दी खुली चुनौती



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र के बाजार में त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपखण्ड प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन ने अपील जारी की है। कार्यकारी उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में उपखण्ड प्रशासन,राजस्व प्रशासन,नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने अस्थाई अतिक्रमण हटाने की अपील की है। अपील करते हुए कार्यकारी उपखण्ड अधिकारी गजेन्द्रसिंह राठौड़ ने कहा कि दीपमाला त्यौहार हम सबके भाईचारे का त्यौहार है। त्यौहार को देखते हुए भीड़ का बढ़ना लाजिमी है। अत: आप सब दुकानदार प्रशासन का सहयोग करें, जिससे जाम की स्थिति नहीं बने जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के दौरान ही एक व्यापारी ने प्रशासन को तबादले की खुली चेतावनी भी दे डाली !व्यापारी ने कहा कि जब भी अभियान चलता है तो इधर से ही कार्यवाही क्यों होती है !आप आगे से अतिक्रमण हटवादो हम अपने आप हटा लेंगे। उल्लेखनीय है कि व्यापारी पूर्व में नगर पालिका द्वारा अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर तत्कालीन थानाधिकारी राजकुमार राजोरा का तबादला करवा चुका है !पूर्व में भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा सुभाष चौक से ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का शुभारम्भ किया था और मंगलवार को भी कोटपूतली रोड़ से ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू हुई है।स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि हमारा उद्देश्य आपको नुकसान पहुँचाना नहीं बल्कि आपको और आमजन को सुविधा देना है।सभी व्यापारी प्रशासन का सहयोग करें जिससे आमजन को असुविधा न हो और जाम की स्थिति नहीं बने। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि आपने तीन दिवस में अपील पर अमल नहीं किया तो प्रशासन को मजबूरन कार्यवाही करनी पड़ेगी।इस मौके पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर प्रसाद बालासिया, नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा।

# पेंशन प्रकरणों का जल्द करें निस्तारण : जिला कलेक्टर

## लगभग 12000 पेंशन के प्रकरण शेष पर जताई चिंता

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( डीग ) ( मुकेश सैनी )।** जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल ने मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान विशेष रूप से वीसी के माध्यम से पेंशन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करने के लिए एसडीएम एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को बैठक से जोड़ा गया। जिला कलेक्टर ने दो टूक शब्दों में अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित एसडीएम अपने ब्लॉक के बीडीओ, पटवारी सहित अन्य कर्मचारियों की सहायता लेते हुए पेंशन पेंडेंसी को उच्चतर प्राथमिकता के साथ पूर्ण करवाए। उन्होंने कहा कि समय से पेंशन मिल जाने से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदों की काफ़ी मदद होती है और ऐसी चीजें अधिकारियों को खुद ही समय पर करनी चाहिए। उन्होंने जानकारी दी की लगभग 1000 प्रकरण छोड़ दे तो सारे पेंशन के प्रकरण बीडीओ स्तर पर लंबित है। डिप्थीरिया बीमारी के संबंध में श्री कौशल ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश है कि प्रत्येक उपखंड स्तर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसडीएम के साथ बैठक कर सेंसिटाइजेशन, सर्वे एवं वैक्सीनेशन करना सुनिश्चित करें ताकि बीमारी को ओर फैलने से रोका जा सके।

जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि संवाई खेड़ा डिप्रेशन से गोवर्धन ड्रेन तक पानी लिफ्ट करने का कार्य जल्द ही पूरा करे। कलेक्टर ने अधिकारी को फटकार लगाई कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 अक्टूबर को भरतपुर में ली गई बैठक के बाद अभी तक गति के साथ कार्य क्यों नहीं किया गया? जिस पर एक्सईएन कृष्ण कुमार यादव ने जानकारी दी कि अब जल्द ही उक्त कार्य के लिए कार्यालय आदेश और टेंडर किया जाएगा।

कलेक्टर ने इस संबंध में एक्सईएन को टाइमलाइन के तहत कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 28 अक्टूबर को टेंडर करे और 20 नवम्बर तक हर हालत में कार्यालय आदेश जारी करे जिससे समय पर कार्य शुरू हो। इसी प्रकार एसई जेवीवीएनएल बनवारी लाल वर्मा को निर्देशित किया गया है कि रसिया 33 केवी जीएसएस का भी कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने वर्मा से जानकारी मांगी है कि 12 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री की भरतपुर में बैठक के बाद कुछ काम शुरू क्यों नहीं करवाया गया?

सिरथला 33 केवी जीएसएस के संबंध में पीडब्लूडी विभाग को तुरंत एनओसी जारी करने के निर्देश दिए गए है। वही डीग बायपास निर्माण के लिए कंसल्टेंट द्वारा पेश एलाइनमेंट को डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह एवं जिला कलेक्टर ने अप्रूव किया। अब भूमि अधिग्रहण के लिए विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# रोडवेज कर्मचारीयो ने वेतन, पेंशन व बोनस की मांग को लेकर अलवर बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाइज यूनियन एटक व आर एस आर टी सी रिटायर्ड एसोसिएशन के आव्हान पर मंगलवार को दोपहर 12 बजे अलवर बस स्टैंड पर वेतन ,पेंशन व बोनस की मांग को लेकर प्रदर्शन किया । विज्ञप्ति में बताया कि दोपहर 12 बजे अलवर व मत्स्य नगर आगार के सेवारत व सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारी बस स्टैंड पर एकत्रित हुए । नारेबाजी करते हुए दीपावली से पहले सितम्बर व अक्टूबर माह के वेतन एपेंशन के भुगतान की मांग की । कोविड के समय में जब जनता को उनके घर पहुंचाने बात आती हैं तो रोडवेज कर्मचारियों अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं ।

भर्ती परीक्षा हो एमेले में जनता की सेवा करना हो या फिर अपना त्योहार बच्चो के साथ नही मनाकर जनता को उनके परिवार के पास पहुंचाने की जिम्मेदारी उठाने वाले रोडवेज कर्मचारियों को भी बोनस व एक्सग्रेशिया का भुगतान दीपावली से पूर्व किया जावे । वर्षो निगम की सेवा करने के पश्चात रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों को उनके परिलाभो का भुगतान किया जावे । चालक-परिचालकों ने बताया कि उनकी ड्यूटी 15 .16 घंटे प्रतिदिन लगाई जा रही है जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए क्रू चेंज ए ओ डी आर या उनकी ड्यूटी अगले दिन कम से कम 9 से 12 घंटे बाद लगाने की व्यवस्था की जावे । रोडवेज कर्मचारियों ने कहा कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जावे ।

## फिट इंडिया में दौड़े युवा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( नि.स. )।** फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर क्रियान्वयन किया गया जिसमें आज इस कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बन्धबारैठा पर दौड का आयोजन हुआ जिसमें जनप्रतिनिधियों गणमान्य व्यक्ति खिलाड़ियों समस्त राजकीय कर्मचारी महिलाएं छात्र-छात्राएं ग्राम शहर से प्रतिनिधि इन सब ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें दौड में बालक प्रथम विजेता उमाशंकर द्वितीय नरसी तृतीय लवकुश व बालिकाओं की दौड़ में प्रथम भावना द्वितीय सोनम तृतीय वन्दना विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिसमें महेश शर्मा विकास अधिकारी ब्रजलाल महावर, दिनेश दत्तात्रेय ,,पकंज गुर्जर ,लक्ष्मण सिंह पीटीआई,सोहन सिंह , चन्दर गुरुजी शैलेष, ऊषा शर्मा व समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों के लिए ऑर्थोसिस वितरण शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर पर मंगलवार को ऑर्थोसिस वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मंथन द्वारा जयपुर के प्रसिद्ध आर्थोटिक्स एवं प्रोस्थेटिक्स विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर शर्मा को बुलाकर बच्चों का निरीक्षण करवा गया तथा चिन्हित चार बच्चों हेतु नाप लेकर ऑर्थोसिस बनवाए गए जिनका वितरण आज किया गया। डॉ. शशांक ने भी बच्चों को देखकर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि मंथन टीम के अथक प्रयास रंग ला रहे हैं, बच्चों में काफी सुधार है। ऐसे ही निरंतर सार्थक प्रयत्न बच्चों के जीवन को उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने बताया कि ऑर्थोसिस बच्चों को बैलेंस बनाने में सहायता करते हैं, जिससे बच्चे शीघ्र खड़ा होना तथा चलना सीख लेते है। इनकी मदद से ना सिर्फ गतिशीलता में वृद्धि होती है बल्कि परमानेंट विकलांगता को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। अत: समय समय पर मंथन द्वारा इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाते हैं।

# पीएम श्री स्कूल में हुई वाद विवाद भाषण प्रतियोगिता, एक देश एक चुनाव विषय पर विद्यार्थियों ने साझा किए विचार

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्य प्रकाश अग्रवाल)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बयाना में भारत के बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है एक देश एक चुनाव विषय पर विद्यार्थियों के मध्य एक वाद-विवाद भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। लगभग 37 विद्यार्थियों ने पक्ष तथा 24 विद्यार्थियों ने विपक्ष में अपनी अपनी बात तर्कों के साथ प्रस्तुत की। पक्ष के वक्ताओं ने विषय पर बोलते हुए बताया कि एक देश एक चुनाव होने से धन, समय एवं संसाधनों का अपव्यय बचेगा, भ्रष्टाचार और काले धन में कमी आयेगी, भारत की एकता व अखंडता में बढ़ोत्तरी होगी। वहीं विपक्ष के वक्ताओं ने पुरजोर ढंग से विरोध करते हुए कहा कि क्षेत्रीय मुद्दे गौण हो जाएँगे, एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक संसाधन कैसे जुटाए जाएँगे, चुनाव कई महीनों तक चलेगा और संवैधानिक बाधाओं की व्याख्या की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य श्रीधर सिंह गुर्जर ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में मानसिक तर्क शक्ति का विकास एवं संवैधानिक मूल्यों का विकास होता है। निर्णायक मण्डल द्वारा पक्ष में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कमश: नवीन, खुशबू वंशीवाल, ऋषि शर्मा एवं विपक्ष में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कमश: निहाल सिंह, पारस और लक्षिता माहौर का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरूण गुप्ता प्रभारी पीएमश्री ने किया।

# वेदांता करेगा राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश

## 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राजस्थान की महत्वाकांक्षा को बल मिलेगा

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़( प्रियंका दाधीच )।** वेदांता ने यू.के. में आयोजित राइजिंग राजस्थान रोड शो में भाग लिया, जिसका नेतृत्व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा किया गया। अनिल अग्रवाल चेयरमैन वेदांता समूह द्वारा राजस्थान में जिंक, आयल एण्ड गैस तथा रिन्यूएबल एनर्जी में पूर्व में किये गये 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझोतो पर चर्चा की। । इससे 2 लाख से अधिक रोजगार सृजन करने में सहायता मिलने के साथ ही कई क्षेत्रों में 500 से अधिक डाउनस्ट्रीम उद्योगों तथा आयात प्रतिस्थापन में सहायता मिलेगी। वेदांता हिंदुस्तान जिंक, जिंक की क्षमता को 1.2 एमटीपीए से बढ़ाकर 2 एमटीपीए करने, चांदी को 800 टन से बढ़ाकर 2,हजार टन करने तथा 1 एमटीपीए उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वेदांता ने उदयपुर क्षेत्र के आसपास गैर-लाभकारी आधार पर लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने की भी घोषणा की। इससे डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए विशाल औद्योगिक परिसरों का निर्माण होगा, क्योंकि जिंक और चांदी के सैकड़ों अनुप्रयोग हैं, जिनका उपयोग ऑटो, बिजली, बुनियादी ढांचे, रेलवे और अन्य क्षेत्रों में किया जाता है। वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि, राजस्थान उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां हाइड्रोकार्बन और जिंक, लेड, चांदी, सोना, तांबा, पोटाश, रॉक फॉस्फेट, संगमरमर, विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की बड़ी उपलब्धता है। हिंदुस्तान जिंक और केयर्न इन खनिजों में से प्रत्येक में एक्सप्लोरेशन प्रयासों का नेतृत्व करेंगे, निवेश प्रदान करते हुए मैन्यूफेक्चरिंग और प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करेंगे, स्मेल्टर बनाएंगे और शेल गैस और टाइट ऑयल की रिकवरिंग करेंगे।

# जिला स्तरीय बालिका एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार मे चल रही 68 वी जिला स्तरीय टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आज का समापन हुआ कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि समापन कार्यक्रम में अध्यक्षता सी बी ई ओ रमेश चंद वर्मा ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौतम जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष चौमहला एवं विशिष्ट अतिथि डूंगर सिंह पूर्व प्रधान प्रतिनिधि,पूर्व सरपंच राजेश नीमा, दिलीप मोरी मंडल महामंत्री,किशन सिंह , सुरेश चंद्र शर्मा दशरथ नंदन पांडे रहे।19 वर्षीय फर्स्ट चेम्पियनशिप प्रथम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरती सेकंड चैम्पियनशिप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर थर्ड चैम्पियनशिप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडी 19 वर्षीय बेस्ट एथलीट राधा कुंवर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर 17वर्षीय फर्स्ट चेम्पियनशिप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादरनगर सेकंड चैम्पियनशिप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडी थर्ड चैम्पियनशिप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाड़लिया 17 वर्षीय बेस्ट एथेलीट सीमा दांगी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी रही।

इस टूर्नामेंट में भोजन व्यवस्था भामाशाहो द्वारा की गई।सर्वप्रथम दिन किशन सिंह मदन सिंह नरसिंहगढ़ दूसरे दिन प्रहलाद सिंह कालू सिंह सरपंच गंगधार को सुबह एवं संजय दास बैरागी की तरफ से शाम को तीसरे दिन सुबह कान्हा राठौर की ओर से सुबह एवं शाम को पूर्व सरपंच राजेश नीमा की ओर से रखा गया चौथे दिन सुबह सुरेश चंद्र शर्मा एवं शाम को नरसिंह मित्र मंडल की ओर से आयोजित किया गया ।बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बंसीलाल राठौर ,दिलीप मोरी मनीष मिश्रा हीरा वर्मा एवं उनकी पूरी टीम कार्यक्रम का सहयोग रहा संचालन व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा एवं श्रीमती हर्षना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# सैनिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** सैनिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र स्कूल नम्बर 501 कर्नल पुष्पेन्द्र पाल सिंह (सेवानिवृत) एवं विशिष्ट अतिथि प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे।

स्कूल की उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि स्कूल के एथलेटिक ग्राउंड में मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली एवं मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्कूल के स्पोर्ट्स कैप्टेन कैडेट अनुराग थालोर ने सभी सदनों के छात्रों को शपथ दिलाई। इस प्रतियोगिता को चार वर्गों सीनियर ग्रुप ‘ए’, जूनियर ग्रुप ‘बी’, सब जूनियर ग्रुप ‘सी’ एवं गर्ल्स ग्रुप ‘डी’ में बाँटा गया है। इस प्रतियोगिता में ऊँची कूद, लम्बी कूद, भाला फेंक, तश्तरी फेंक, क्रिकेट बॉल थ्रो, ट्रिपल जम्प,100 मी,200 मी,400 मी,800 मी,3000 मी दौड़ आदि को शामिल किया गया है।

प्रतियोगिता की शुरुआत 100 मी दौड़ से हुई। मंगलवार को ग्रुप 'ए' सीनियर वर्ग की गोला फेंक में कुश हाउस का कैडेट शलोक पूनियां प्रथम, प्रताप हाउस का कैडेट नितिन द्वितीय एवं लव हाउस का कैडेट आशीष जाट तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप 'ए' सीनियर वर्ग की लंबी कूद में लव हाउस से कैडेट ऋषभ प्रथम, जयमल हाउस से कैडेट अनुराग थालोर द्वितीय एवं जयमल हाउस से कैडेट ऋतुराज तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप ‘बी’ जूनियर वर्ग की भाला फेंक में कुम्भा हाउस का कैडेट अभिमन्यु प्रथम, लव हाउस का कैडेट रविन्द्र द्वितीय एवं जयमल हाउस का कैडेट रोहित डबास तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप ‘बी’ जूनियर वर्ग की तश्तरी फेंक में लव हाउस से कैडेट करण कुमार प्रथम, लव हाउस से कैडेट शिवशक्ति द्वितीय एवं प्रताप हाउस से कैडेट रितिक तृतीय स्थान पर रहे।

सब जूनियर ग्रुप ‘सी’ की 100 मीटर दौड़ में कैडेट अंकित प्रथम, कैडेट हसन राजा द्वितीय एवं कैडेट अमन तृतीय स्थान पर रहे। और गर्ल्स ग्रुप ‘डी’ की 100 मीटर दौड़ में कैडेट ज्योति प्रथम, कैडेट अतुल्या द्वितीय एवं कैडेट काव्या पटेल तृतीय स्थान पर रही। और इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को होगा।

# बबलू कंस्ट्रक्शन का एक और घोटाला वार्ड न. 1 का पार्क हुआ अंधेरामय, पानी मे गए 80 लाख रूपये







बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** नगर पालिका निम्बाहेड़ा ने भ्रष्टाचार मे नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है , नगर पालिका निम्बाहेड़ा द्वारा वार्ड न 1 मे कुछ समय पहले हाउसिंग बौर्ड की बनी बॉउंड्री के अंदर पार्क विकसित किया था जिसका ठेका बबलू कंस्ट्रक्शन को दिया गया जिसमे करीब 80 लाख रूपये खर्च किये गए जिसमे पार्क को विकसित कर ओपन जिम, लाइट्स भी लगाई गई जो लाइट्स काफ़ी दिनों से बंद है जिससे पूरे पार्क मे अंधेरा छाया हुआ है । क्या बबलू कंस्ट्रक्शन द्वारा सारे विकास कार्यों मे ऐसे ही घटिया निर्माण ही किया गया जब पार्क विकसित जा रहा था तब भी हाउसिंग बौर्ड की बनी बाउंड्री के ऊपर बनाई जा रही दीवार भी उस समय भर भराकर गिर गई थी । वार्ड न. 1 के पार्क की सारी लाइट्स बंद होने से आम जन ने जा ना ही बंद कर दिया क्योंकि अंधेरा होने की वजह से कोई जहरीला जानवर भी हो तो किसी को दिखाई नहीं देगा और कोई दुर्घटना कारित हो सकती है इसका जिम्मेदार कौन होगा, इस सम्बन्ध मे नगर पालिका के सहायक अभियंता कैलाश सिंह देवल से बात करी तो उन्होंने बोला की नई लाइटो का टेंडर कर दिया गया है जिसकी लागत करीब 25 लाख है। जिस पर नगर पालिका के ठेकेदार ने लाइट्स बदलने की बजाय पूरे लाइटो के पोल ही उखाड़ कर नये पोल खड़े कर दिए जिस पर भी अभी तक लाइट्स नहीं लगी और पूरा पार्क मे अंधेरा व्याप्त है क्या नगर पालिका निम्बाहेड़ा द्वारा आम जनता के टेक्स का पैसा ऐसे लुटाती रहेगी। क्यूंकि लाइट्स चालू करने मे और सारे पोल को बदलने मे लागत लाखों मे बढ़ जाती है। क्या पालिका के तकनिकी अधिकारी इस काम मे माहिर हो चुके की पहले घटिया निर्माण कार्य करवाओ फिर दोबारा टेंडर निकालकर फिर लाखों रुपया खर्च करो और इन्हे चेंज किये गए पोल पालिका के किस काम आने वाले है या फिर इनको खराब मानकर भंगार मे रख दिया जायेगा आखिर आम जन के टेक्स का पैसा ऐसे ही बर्बाद होता रहेगा या फिर पालिका अपने कार्यों मे सुधार कर अच्छा कार्य कर पाएगी या फिर ये परीपाटी ऐसे ही चलती रहेगी ।

# खान सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ए एस आई इंडस्ट्रीज की सातलखेड़ी खदान पर ट्रेड टेस्ट हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( महेश कुमार )।** खान सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत होने वाले ट्रेड टेस्ट के दूसरे दिन मंगलवार को ए एस आई इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सातल खेड़ी खदान पर ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 45 प्रतिभागी क्षेत्र की विभिन्न खदानों से टेस्ट देने के लिए पहुंचे।

सातलखेड़ी माइंस मैनेजर राजेश मिश्रा ने बताया कि सतीश राठौर माइन्स मैनेजर मंगलम सीमेंट लिमिटेड मोड़क पीपी भटवाल इलेक्ट्रिक इंजीनियर, एस के शर्मा मैकेनिकल इंजीनियर ट्रेड टेस्ट लेने के लिए सातलखेड़ी खदान पहुंचे जहां डंपर / हॉलपेक ऑपरेटर , शॉवल ऑपरेटर, जेसीबी ऑपरेटर ,डोज़र ऑपरेटर, डीजल मैकेनिक, मेट/ ब्लास्टर से विभिन्न ट्रेड संबंधित व खदानों में सुरक्षित और सुरक्षा पूर्वक कार्य करने संबंधित सवाल जवाब किए गए वही सोमवार को बनास स्टोन बिरियाखेड़ी व गोल्डन स्टोन रुनजी में भी ट्रेड टेस्टों का आयोजन किया गया था।

# गोवर्धन नाथ मंदिर की जमीन का होगा सौंदर्यकरण

## विधायक कोष से 10 लाख रुपए का बजट किया पारित, पार्क के रूप में किया जाएगा विकसित

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता के प्रमुख आस्था के केंद्र गोवर्धन नाथ मंदिर की गुलाब बाड़ी में खाली पड़ी हुई जमीन को क्षेत्रीय विधायक द्वारा सौंदर्य करण कर विकसित किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र विधायक कंवरलाल मीणा द्वारा विधायक बजट से 10 लाख रुपए पालिका को दे दिया गया है।नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने बताया कि गोवर्धन नाथ मंदिर की खाली पड़ी हुई जमीन को क्षेत्र विधायक द्वारा सौंदर्य करण कर विकसित करने की पहल की गई है।

कि वार्ड 28 में कई वर्षों से खाली पड़ी गोवर्धन भगवान की बॉडी की चार दीवारी के लिए कंवरलाल मीणा द्वारा 10 लाख का बजट दिया गया है। इसको लेकर क्षेत्र विधायक द्वारा सौंदर्य करण कार्य करने की अनुशंसा की गई है।10 लाख रुपए की लागत से चारदीवारी का निर्माण नगर पालिका द्वारा करवाया जाएगा। इसके बाद में इसे पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। गुलाब बाड़ी के नाम से इस को वापस विभिन्न तरह के गुलाबों के पौधे लगाकर इसके साथ ही अन्य पौधे लगाकर पार्क का निर्माण करवाया जाएगा।

# छबड़ा मंडी में सुबह 10 से रात 9 बजे तक किसानों के माल का प्रवेश बंद

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा( नि.स. )।** ग्रेन मर्चेंट एसोशिएसन के अध्यक्ष किशन कालरा ने बताया कि छबड़ा मंडी में माल की आवक अधिक होने के कारण दिन में किसानों के भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली मंडी में प्रवेश करने के कारण तथा तुल चुके खाली ट्रैक्टर ट्राली बाहर निकलने के दौरान दिनभर मंडी में जाम लग जाता है जिससे भारी अव्यवस्था हो जाती हैं इसलिए मंगलवार से किसानों के सभी जींस के भरे हुए ट्रैक्टर ट्राली को मंडी में रात्रि 9.00 बजे से दूसरे दिन सवेरे 10.00 बजे तक प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है अर्थात प्रतिदिन सवेरे 10.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक मंडी प्रांगण में किसानों के माल का प्रवेश बंद रहेगा यह व्यवस्था आगामी सूचना तक जारी रहेगी।

# चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 में मंगलवार को अखिल भारतीय अंतर विद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ यह प्रतियोगिता परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था मुंबई द्वारा आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में बाल वाटिका प्रथम से लेकर कक्षा 12 तक के लगभग 400 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। इस स्तर पर चयनित प्रविष्टियाँ अंतिम निर्णय के लिए परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय, कैगा भेजी जाएंगी जहां से प्रत्येक वर्ग से प्रथम पाँच चयनित प्रविष्टियाँ परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई भेजी जाएंगी जहां पर गणतंत्र दिवस 2026 को इन प्रविष्टियों की प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रतियोगिता प्राचार्य दिलीप सिंह, उप प्राचार्य प्रमोद कुमार सिंह व प्रधानाध्यापक पवन कुमार के निर्देशन में आयोजित की गई जिसका सारा कार्यभार विद्यालय के आर्ट शिक्षक डी.आर. गोचर द्वारा अन्य स्टाफ सदस्यों के सहयोग से संभाला गया।

प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में कोटा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल के चित्रकला व्याख्याता मुकेश कुमार कसाना, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाड़ोलिया के चित्रकला व्याख्याता दिनेश चंद्र तथा ओम कोठारी टी.टी कॉलेज कोटा की चित्रकला असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मिली भाटिया उपस्थिति रहीं।

# आईटीआई में प्रवेश की तिथि 25 तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

**छबड़ा( नि.स. )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सत्र 2024-25,26 में प्रवेश की तिथि 25 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। संस्थान प्रभारी ने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षणार्थी राज्य सरकार के एकीकृत पोर्टल एसएसओ आईडी या ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरकर 26 अक्टूबर तक दस्तावेजों की स्वयं प्रमाणित प्रति के साथ संस्थान में जमा करवा सकते हैं।

संस्थान में व्यवसाय मैकेनिक डीजल, आरएसी, वायरमैन, वेल्डर, कोपा, फिटर में सीटें रिक्त हैं। योग्यता 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण व आयु न्युनतम 14 वर्ष रहेगी। महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क शून्य है।

# अंता क्षेत्र की ब्रांच माइनरों के काम में हो रहा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

## ठेकेदार की मर्जी से चल रहा है काम मौके पर नहीं रहता कोई भी कर्मचारी अधिकारी

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता मांगरोल में चंबल नहर की दाईं मुख्य नहर से निकल रहे ब्रांच माइनरों में सिंचाई विभाग कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है. जिसमें अधिकारियों की अनदेखी के चलते ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी कर मनमानी पूर्वक कार्य किया जा रहा है। देहलायड़ी लिफ्ट पर चल रहे निर्माण कार्य में पूरी तरह भ्रष्टाचार से हो रहा है निर्माण सामग्री में पूरी तरह डस्ट नाम मात्र सीमेंट मिला कर रब्बल पत्थरों से मन चाही चुनाई की जा रही है जिस तरह का निर्माण किया जा रहा हैं दाईं मुख्य नहर कुछ ही दिनों में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाएगा लिफ्ट से माइनर में पानी के प्रेशर से ही निर्माण दम तोड़ सकती हे आपको बता दे अंता मांगरोल में चंबल नहर की दाईं मुख्य नहर से निकल रहे माइनरों में सिंचाई विभाग द्वारा जीर्णोद्धार के लिये टाइल्स एवं लाइनिंग का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है. जिसमें अधिकारियों की अनदेखी के चलते ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी कर मनमानी पूर्वक कार्य किया जा रहा है. ठेकेदार एवं अधिकारियों की मनमर्जी से गुणवत्ता की अनदेखी कर टूटे-फूटे सीसी चौकी का उपयोग करने के साथ गिट्टी मिट्टी रेत युक्त सामग्री का उपयोग कर रहा है,ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता युक्त सामग्री के उपयोग करने के लिए कई बार कहा गया वहीं इसकी शिकायत भी अधिकारियों को मौके पर की गई पर कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है माइनर में दोनों तरफ दीवार के साथ-साथ पक्की सीसी बनाई जा रही है, जिसमें मिट्टी युक्त डस्ट का उपयोग कर टूटे-फूटे चौके लगाए गए हैं वह भी टुकड़ों के रूप में है। कई जगह पर साबुत चौके लगाए जाने हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा टुकड़ों के रूप में इन को लगाया जा रहा है, जिससे सरकार को लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है।

# मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के चुनाव सम्पन्न, शंभू मेघवाल अध्यक्ष, आशिक गोरी उपाध्यक्ष पद पर मनोनित

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** जिले के डग में पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन ब्लॉक शाखा डग जिला झालावाड़ का पंचायत समिति डग परिसर में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की संगठन के प्रदेश मंत्री गजेन्द्र आर्य, एवं चुनाव पर्यवेक्षक हेमंत मीणा मौजूद रहे, बैठक में उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से आयोजन किया गया, अध्यक्ष पद हेतु शंभूलाल मेघवाल, और आशिक गोरी का नाम प्रस्तावित किया गया, चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा चुनाव प्रक्रिया अमल में लाई गई, अध्यक्ष पद के लिए 17 वोट लाकर शंभू लाल मेघवाल को विजय घोषित किया गया, वहीं उपाध्यक्ष पद पर आशिक गोरी, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार नागर, महामंत्री रामेश्वरी सोनी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया, बैठक के दौरान पंचायत समिति डग के सभी वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक, मौजूद रहे वही नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, महामंत्री पद पर नियुक्त



हुए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, वही कर्मचारियों को आ रही समस्याओं पर विचार विमर्श कर उन पर त्वरित कार्यवाही करने का संकल्प लिया गया।

# हाईवे पर हादसे के बाद पुलिस ने चलाया जांच अभियान, डग्गामार वाहनों के काटे चालान

- ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी है ओवरलोड सवारियों को ले जाने का सिलसिला
- नागरिको का आरोप, प्रशासन और पुलिस किसी भी दुर्घटना को नहीं लेता गंभीरता से

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शनिवार की देर रात 19 अक्टूबर को बाड़ी शहर के सरमथुरा रोड हाइवे 11 बी पर सुन्नीपुर गांव के पास सड़क हादसा हुआ था। जिसमें एक स्लीपर कोच बस द्वारा शादी से लौट रहे टेंपो सवार 13 लोगों को कुचल दिया गया। उक्त हादसे में 12 की मौत हो गई एक बालक अभी भी जिंदगी और मौत के बीच जयपुर के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती है।वहीं घटना के दूसरे दिन तमाम अधिकारियों द्वारा घटना में मौत का शिकार हुए तीन परिवारों के परिजनों से मिल ढांढस बंधाया गया। इस दौरान शहर के नागरिकों द्वारा हाईवे 11बी पर हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की साथ में जिला प्रशासन से स्थानीय प्रशासन की नाकामियों से अवगत कराया था। ऐसे में कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और एसपी सुमित महरेड़ा ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। जिसके बाद सोमवार से बाड़ी शहर में सोमवार से पुलिस का वाहनों की चेकिंग को लेकर अभियान चलाया गया है। शहर के आधा दर्जन स्थानों पर थ्री



व्हीलर, लोडिंग वाहन, बिना नंबर बाइक, ट्रैक्टर और निजी बसों की जांच की जा रही है। जिसमें दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान काटे हैं वहीं एमवी एक्ट में 15 वाहनों को जप्त किया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी डग्गेमार वाहनों से जोखिम भरा सफ़र जारी है।

**चार स्थानों पर दो दर्जन से अधिक कार्यवाही :** कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि बाड़ी शहर में सोमवार से धौलपुर एसपी सुमित महरेड़ा के निर्देश पर सघन जांच अभियान चलाया है। जिसमें शहर के सैपऊ रोड,बसेड़ी रोड,धौलपुर रोड,सरमथुरा रोड पर पुलिस ने वाहनों की जांच की है। दो दर्जन वाहनों के चालान काटे हैं। 15 वाहनों को जप्त किया है। यह कार्यवाही मंगलवार को भी जारी रही है। सभी लोगों से समझाईश की जा रही है कि वे यातायात नियमों को फॉलो करें। जिससे कोई दुर्घटना नहीं हो।

**ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से दौड़ रहे डग्गेमार वाहन :** भले ही शहर में पुलिस और प्रशासन द्वारा वाहनों की जांच को लेकर अभियान चलाया हो और रूल्स फॉलो नही करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी डग्गेमार वाहनों से जोखिम भरा सफ़र जारी है। शहर के संतनगर रोड,सरमथुरा रोड,बसेड़ी रोड,सैपऊ रोड पर ग्रामीण क्षेत्र में इन डग्गेमार वाहनों को क्षमता से अधिक सवारियों के साथ तेज रफ्तार में दौड़ते हुए आसानी से देखा जा सकता है।

**लोगों का आरोप पुलिस और प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता किसी भी दुर्घटना को :** शहर के वरिष्ठ नागरिक पीतमचंद, दानसिंह, दिनेश मंगल, अजयपाल के साथ युवा अनिल गोयल, श्रीभगवान आदि ने आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रशासन किसी भी दुर्घटना को गंभीरता से नहीं लेता है। जब कोई बड़ा हादसा होता है तब एक-दो दिन के लिए कार्रवाही होती हैं। यदि लगातार जांच हो और ट्रैफिक पुलिस की नफरी बढ़ाई जाए तो कोई भी दुर्घटना भविष्य में नहीं होगी। आज सड़क दुर्घटना में तीन परिवारों के 12 लोग मारे गए हैं। जिनमें 8 बच्चे शामिल है। ऐसे में अब एक-दो दिन अभियान चलेगा। इसके बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा जो ठीक नहीं है।

## पुलिस ने बसेड़ी कस्बे में निकाला फ्लैग मार्च

### एसपी ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा, बिना नंबर के एक दर्जन से अधिक वाहन जब्त

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** एसपी सुमित मेहरड़ा सोमवार को बसेड़ी कस्बे के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने कस्बा के बयाना मोड़ से लेकर पुराना पुलिस थाना तक पैदल मार्च किया। एसपी के साथ पुलिसकर्मियों ने बाजार में फ्लैग मार्च निकालते हुए बिना नंबरी वाहनों और टेंपो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। बसेड़ी कस्बे में निकाले गए फ्लैग मार्च के दौरान एसपी ने मुख्य मार्गों पर दौड़ रही बिना नम्बरी बाइक व टेम्पो आदि वाहनों की मौके पर ही जांच की। ट्रैफिक रूल्स की पालना नहीं करने वाले वाहनों को जब्त कर पुलिस थाने पहुंचवाया। इसके साथ ही एसपी ने वाहन ड्राइवरों से यातायात नियमों के पालन की सलाह दी। फ्लैग मार्च निकालने के बाद एसपी ने कस्बे के व्यापारियों से संवाद कर जनसमस्याओं की जानकारी ली। व्यापारियों द्वारा कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए कस्बे में पुलिस गश्त व्यवस्था बढ़ाने व पुराने पुलिस थाना भवन में पुलिस चौकी खोले जाने की मांग रखी गई। जिस पर एसपी ने सभी समस्याओं के समाधान करने का आश्वासन दिया। बसेड़ी कस्बे में निकाले गए फ्लैग मार्च के दौरान एसपी लोगों की सुनवाई कर क्षेत्र में बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बसेड़ी कस्बे में एसपी के साथ निकाले गए फ्लैग मार्च के दौरान थाना प्रभारी रामवीर सिंह सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## ट्रक की टक्कर से पलटी आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली: नीचे दबने से किसान की हुई मौत, मुरैना की मंडी में जाते समय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सागर पाड़ा चौकी पर सोमवार देर रात ट्रक की टक्कर से आलू से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से उसमें सवार किसान की मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए मृतक का पोस्टमॉर्टम करा दिया है। कोतवाली थाने के एएसआई सुरेश चंद ने बताया कि देर रात को कौलारी थाना क्षेत्र के झारपुरा गांव का रहने वाला किसान राजेंद्र (40) पुत्र ओछाराम अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में आलू भरकर मुरैना मध्य प्रदेश की मंडी की ओर जा रहा था। रास्ते में अचानक सागर पाड़ा चौकी के पास पीछे से तेज गति से आते ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। जिसके नीचे दबने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित करने के बाद शव अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया गया। घटना के बाद मंगलवार सुबह परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने मामला करते हुए मृतक का पोस्टमॉर्टम करा दिया। एएसआई ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराने के बाद किसान का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया हैं। वहीं, पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है।

## दिव्यांगजनों को 23 अक्टूबर को वितरित किये जायेंगे सहायक उपकरण

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( नि.स. )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भरतपुर द्वारा जिले में दिव्यांगजनों हेतु 2 सितम्बर से 10 सितम्बर 2024 तक लगाये गये चिन्हिकरण शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों को 23 अक्टूबर 2024 को प्रात: 10 बजे से यूआईटी ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण उपलब्ध करवाये जायेंगे। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि जिला प्रशासन भरतपुर के सहयोग से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत सरकार की एडिप योजना के अन्तर्गत एवं इंडियन रेलवे फाईनेंस कॉरपोरेशर के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अन्तर्गत दिव्यांजन हेतु नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे।

## एसपी ऑफिस में लगाए गए 6 शहीदों के फोटो

### ऑन ड्यूटी शहीद हुए पुलिसकर्मियों को दिया सम्मान, धौलपुर एसपी की पहल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा की पहल पर एसपी ऑफिस में शहीदों के फोटो लगाए गए हैं। ऑन ड्यूटी काम करते हुए शहीद हुए सभी 6 पुलिसकर्मियों की फोटो को उनके सम्मान में ऑफिस के मुख्य हॉल में लगाया गया है। जिससे उनकी शहादत को हर वक्त याद रखा जा सके। मंगलवार को ऑफिस के मुख्य हॉल में धौलपुर पुलिस के शहीद हुए सभी शहीदों की तस्वीरें लगाई गई है। एसपी ने बताया कि जिला पुलिस में तैनात सभी 6 शहीद पुलिसकर्मी ऑन ड्यूटी काम करते हुए शहीद हुए थे। जिनके अविस्मरणीय बलिदान को याद रखने के लिए उनकी फोटो लगवाए गए हैं। एसपी ने बताया कि धौलपुर पुलिस के शहीदों में 18 अप्रैल 2004 को शहीद हुए एएसआई बाबूलाल, 6 मई 2008 को शहीद हुए एएसआई विमल कुमार शर्मा, 29 मई 2012 को शहीद हुए हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह दिवाकर, 14 जुलाई 2002 को शहीद हुए कांस्टेबल विजय सिंह, 13 दिसंबर 2012 को शहीद हुए कांस्टेबल राजेंद्र सिंह और 19 अप्रैल 2019 को शहीद हुए कांस्टेबल शशिकांत सिंह सिकरवार शामिल हैं। जिनके बलिदान को याद रखते हुए उनके फोटो लगवाए गए हैं। धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि जिला पुलिस के शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिस कड़ी में उनके फोटो लगवा कर उन्हें सम्मान दिया गया हैं।

## श्रीजसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला में बड़े झूलों का संचालन बंद, 26 अक्टूबर तक संचालित रहेगा मेला

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,(नि.स.)।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष श्रीजसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला भरतपुर डॉ. अमित यादव के निर्देशानुसार मेले में संचालित बड़े झूलों को तुरन्त प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किये गये हैं ताकि गीली मिट्टी के कारण कोई जनहानि नहीं हो और मेला यथावत 26 अक्टूबर तक संचालित रहे। संयुक्त निदेशक एवं मेला अधिकारी श्रीजसवंत प्रदर्शनी एवं पशुमेला डॉ. खुशीराम मीना ने बताया कि 21 अक्टूबर को शहर में आये आंधी तूफान व भारी वर्षा के कारण श्रीजसवंत नुमाईश मैदान में पानी भरने से मिट्टी गीली होने के कारण एक बड़ा झूला नाव पर गिरने व मेले में व्यापारियों के तम्बू व टैंटों के फटने सहित दुकानदारों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## कॉलेजों में अवैध वसूली को रोकने को लेकर डीसी को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदनगर इकाई धौलपुर के द्वारा जिले में संचालित हो रहे कॉलेज वीके त्यागी टीटी कॉलेज धौलपुर की द्वारा बनाए गए मापदंडों कीजांच करवाने एवं अवैध वसूली को रोकने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इस मौके पर नगर मंत्री नीरज शर्मा ने बताया जिले में वी के त्यागी टीटी कॉलेज, घंटाघर रोड़ पर संचालित हो रहा हैं। जिसमें महाविद्यालय यूजीसी द्वारा बनाए गए मापदंडों के अनुसार संचालित नहीं हो रहा हैं जिसमें बड़े पैमाने पर खामियां हैं। उन्होंने कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया कि महाविद्यालय यूजीसी के नियम अनुसार शिक्षकों की योग्यता (नेट, स्लेट, पीएचडी एमफिल आदि) नही है एवं सामान्य योग्यता के आधार पर शिक्षक महाविद्यालय में पढ़ा रहे हैं।

समस्त महाविद्यालय में केवल 2 शिक्षक है जो की बिलकुल भी पर्याप्त नही है। महाविद्यालय में पर्याप्त भवन की व्यवस्था ठीक नहीं है अत: उसी भवन में डीएलएड बीएड एवं विद्यालय संचलित होता है। महाविद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा निर्धारण नियमावली के अनुसार कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है जो की नियम के विरुद्ध है। महाविद्यालय स्तर की मूलभूत सुविधाएं एवम शैक्षणिक गतिविधि पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्षाएं, विषयों की लैब, कक्षाओं की बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवम खेल मैदान आदि के संचालन के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। महाविद्यालय के द्वारा कभी प्रागिक परीक्षाओं के नाम पर, महाविद्यालय किट के नाम पर, डोनेशन के नाम पर एवं अन्य गतिविधियों के नाम पर डरा धमकाकर छात्रों से मोटी-मोटी रकम वसूली जा रही है। जिला सोशल मीडिया संयोजक विष्णु भारद्वाज ने बताया कि समस्त गतिविधियां धौलपुर की उच्च शिक्षा को खोखला करने का कार्य कर रही हैं। जिससे छात्र परेशान है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महाविद्यालय के द्वारा छात्रों से शिक्षा के नाम पर मोटी-मोटी रकम भसूली जा रही है एक समान्य छात्र इसे वहन कर पाने में असमर्थ है। विद्यार्थी परिषद इसका पूरजोर विरोध करती है और यह मांग करती है की ऐसे सभी जो उक्त यूजीसी द्वारा मापदंडों के अनुसार महाविद्यालयों का संचालन नहीं कर रहे हैं, उन महाविद्यालय पर उचित विश्वविद्यालय एवं प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई कर तत्काल प्रभाव उनकी मानता रद्द करें।

## होली डांडा कीड़ी मोहल्ले के एक घर में चोरी की घटना

### चोरो ने मोबाईल और पर्स के साथ बक्से में रखे सोने चांदी के गहनों को किया पार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के गुमट चौकी क्षेत्र के होली डांडा कीड़ी मोहल्ले में सोमवार की देर रात चोरी की घटना का मामला सामने आया है। चोरों ने एक घर में घुसकर अंदर कमरे में रखे बक्से को पार किया और बाहर लाकर ताला तोड़कर चोरी की वारदात की है। बक्से में सोने चांदी के गहनों के साथ कुछ नगदी भी रखी हुई थी। जिसे चोर चुरा कर ले गए हैं साथ में पीड़ित का मोबाइल और पर्स भी चोरी हुआ है।

चोरी की घटना को लेकर होली डांडा कीड़ी मोहल्ला निवासी पीड़ित फूलसिंह जोनवाल पुत्र रामलाल जाटव ने बताया कि वह सोमवार की रात 11 बजे अपने मोबाइल पर किसी रिश्तेदार से बातचीत कर मोबाइल को चार्जिंग में लगाकर तबीयत खराब होने के चलते गोली खाकर अपनी बेटी के साथ कमरे में सो गए। घर के बाहर का दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान रात में चोरों ने घर में प्रवेश किया और कमरे में रखे बक्से के साथ चार्जिंग में लगे मोबाइल और पेंट की जेब में रखें पर्स को पार कर दिया। घटना की जानकारी उन्हें सुबह जागने पर



हुई। जब वे घर के बाहर निकले तो बक्सा घर से के बाहर ही टूटा पड़ा था। जिसमें रखा कीमती सामान गायब था। पीड़ित फूलसिंह जोनवाल ने बताया कि उनकी बेटी के लेडीज पर्स में बक्से के अंदर दो सोने की अंगूठी,एक सोने की लौंग के साथ चांदी का कुछ सामान रखा हुआ था साथ में बेटी के पर्स में 500 भी रखे थे और उनकी जेब में रखें पर्स में 900 थे साथ में जरूरी कागजात थे। जिनको चोर चुराकर ले गए हैं।

**घटना के बाद पीड़ित ने 100 नंबर पर लगाया फोन :** चोरी की घटना के वाद पीड़ित फूलसिंह द्वारा तुरंत पुलिस के 100 नंबर पर सूचना दी। जिसके कुछ देर बाद गुमट चौकी पुलिस ने मौके पर पहुच मामले की छानबीन की।

## व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर, ( नि.स. )।** जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित समस्त कांग्रेसी पदाधिकारीयो ने जिला प्रशासन से सोमवार शाम को हुई तेज बारिश एवं अंधड़ के कारण श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला स्थल हीरादास पर व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कल शाम तेज बारिश एवं अंधड़ से मेले में व्यापारियों के त्रिपाल तथा टीनशेड उड़ गए एवं दुकानों में पानी भर गया तथा एक बड़ा झूला भी गिर गया था। जिससे व्यापारियों विशेषकर खजला, खोमचा, सॉफ्टी तथा फुटपाथ पर बैठकर धंधा करने वाले छोटे व्यापारियों का अत्यधिक नुकसान हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला राजशाही समय से आयोजित होता आ रहा है। जिसमें केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि अन्य प्रान्तों से भी छोटे और बड़े व्यापारी धंधा करने आते हैं। सूपा ने कहा कि यदि प्रशासन ने व्यापारियों को सहायता प्रदान नहीं की तो भविष्य में लगने वाले इस जसवंत प्रदर्शनी मेले में व्यापारियों का आना कम हो जाएगा, इसलिए मिले का स्वरूप एवं गरिमा निरंतर बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापारियों से लिया गया दुकानों का किराया माफ करके इनके हुए नुकसान की उचित भरपाई करनी चाहिए। इसके अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं समस्त पदाधिकारीयों ने जिला प्रशासन से उन सभी संबंधित दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है,जिन्होंने लापरवाही पूर्वक बिना जांच किये बड़े झूलों तथा अन्य आयोजनों के लिए स्वीकृति प्रदान की है। प्रशासन से सहायता की मांग करने वालों में मुख्य रूप से चुन्नी कप्तान, जगदीश बंजी, राजीव



कुम्हेर,मनोज शर्मा, रामेश्वर सैनी, दयाचंद पचौरी,रोहित चौधरी, निरंजन जाटव, मनोज पटेल,दीपेंद्र बुरावई,बबीता शर्मा,राकेश पठानिया, हरीसिंह नागर, मेघसिंह सरपंच,अशोक लवानिया,बृजेश शर्मा, नरेंद्र चौधरी, गंगाराम पाराशर, रमेश धावई, अजयपाल



दारापुरिया, प्रेम प्रजापत, संजय चंदेला,अमित गौरावर ,प्रेमचंद शर्मा, उपेंद्र चंदेला,मुस्ताक अहमद, विजेंद्र चीमा, दामोदर डागुर, लोकपाल सिंह,अवधेश शर्मा, नदीम मलिक, सुखदेव चौधरी,शहीद खान सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

## चौपड़ा माइनर पर चला बुलडोजर... सिंचाई विभाग ने 3 पक्के मकान तोड़े, 14 चिन्हित

### कार्रवाई के दौरान नहीं पहुंचे नगर परिषद के अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग से हसीलदार, गिरदावर, सिं चाई विभाग से एक्सईएन और एईएन व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लेकिन नगर परिषद से कोई भी अधिकारी कार्रवाई के दौरान मौजूद नही रहा। लवानिया पैलेस के पास एक सरकारी अध्यापक ने नहर पर एक कमरा बनाकर अवैध अतिक्रमण कर रखा था। अतिक्रमण को हटाने पहुंची टीम ने कार्रवाई शुरु की तो उन्हीं कमरों में अध्यापक की पत्नी ने अवैध अतिक्रमण वाले कमरे में भैसों को बांध दिया। समझाइश करने के लिए तहसीलदार और जाब्ता पहुंचा। अध्यापक की पत्नी द्वारा टीम से अभद्रता की गई। वहीं अध्यापक के घर पहुंचने पर अवैध अतिक्रमण को हटाते देख गिरदावर से धक्का-मुक्की कर दी गई। जिसमें तहसीलदार अलका श्रीवास्तव के निर्देशन पर अध्यापक को पुलिस द्वारा पाबंद किया गया। भास्कर न्यूज। धौलपुर शहरी क्षेत्र में नहर पर हो रहे अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रशासन और सिंचाई



विभाग ने सख्ती करना शुरु कर दिया हैं।शहर में नहर पर अतिक्रमण होने के कारण शहर की 40 कॉलोनियों से अधिक में जलभराव की समस्या बनी हुई थी। सोमवार को राजस्व और सिंचाई विभाग ने चौपड़ा माइनर नहर से अवैध अतिक्रमण हटाते हुए 3 पक्के मकान धाराशाही कर दिए। सिंचाई विभाग के एक्सईएन राजकुमार सिंघल ने बताया की शहर में जलभराव की समस्या को लेकर कलेक्टर के निर्देशन पर कई नहरों पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है। जिसमें उर्मिला सागर से आने वाली 1300 मीटर की मुख्य चौपड़ा माइनर नहर पर 15 अक्टूबर को पैमाइश की गई थी। पैमाइश के दौरान 14 अवैध पक्के अतिक्रमणों को चिन्हित किया गया था। नोटिस जारी कर 3 दिन में अतिक्रमण हटाते के निर्देश दिए गए थे। जिसमें 8 पक्के कमरे और 6 टीन शैड व अन्य पक्के अतिक्रमण कर रखा था। सोमवार को तहसीलदार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए लवानिया पैलेस से हुंडावाल रोड तक 6 पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ा गया है।

## मुस्लिम बंजारा समाज के 25 जोड़े साथ हुए हमसफर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हसनपूरा बंजारों का मोहल्ला स्थित जयपुर शहर बंजारा विकास समिति की ओर से सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम बंजारा समाज के 25 जोड़ों ने एक साथ निकाह कुबूल किया। कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे से शुरू हुआ। दूल्हा सभी सादगी के साथ में मस्जिद पहुंचे। वहां उनका निकाह करवाया गया। सम्मेलन 2 दिन का कार्यक्रम रखा गया। पहले दिन सभी जोड़ों का निकाह करवाया गया और दूसरे दिन 23 तारीख को सामूहिक भोज का कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के सभी लोग शिरकत करेंगे समिति के सदर रफीक मुंदोरी ने कहा कम खर्चे में और फिजूलखर्ची से बचने का सबसे आसान रास्ता सामूहिक निकाह का होता है । उन्होंने कहा कि पिछले दो महीना की मेहनत की वजह से 25 जोड़ ही हो पाए अगली बार और मेहनत की जाएगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा जोड़े करवाए जाएंगे । समाज के सचिव नदीम अहमद ने कहा सामूहिक निकाह का मकसद अमीरी गरीबी मिटा कर सभी को एक प्लेटफार्म पर लाना है और इस्लाम के बताए हुए तरीके पर निकाह करवाना, फिजूलखर्ची शादी ब्याह में करते हैं। उनसे रोक कर उसकी शिक्षा पर लगाना है। जिससे समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता आए और समाज शिक्षित हो सके।

# ब्यावर जिला पत्रकार संघ ने डॉ. हंसराज मीणा व अवैध हॉस्पीटल चलाने वाले संचालक अनुज मीणा के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिला पत्रकार संघ ने जवाजा में तथाकथित अवैध हॉस्पिटल चलाने वाले संचालक अनुज मीणा व राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा पर पत्रकारों के साथ की गई मारपीट व गाली-गलौच जैसी घटनाओं को लेकर दर्ज कराये गये मुकदमों पर शीघ्र कार्यवाही करने व डॉ मीणा के खिलाफ आपराधिक मामलों की जांच करने सहित कई मुद्दों को लेकर जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम मंगलवार को ज्ञापन सौंपा गया। ब्यावर जिला पत्रकार संघ के महासचिव आनन्द सोनी ने बताया कि गत 15 अक्टूबर को जवाजा में राजकीय चिकित्सालय के डॉ. हंसराज मीणा के खिलाफ कुछ शिकायतों पर जब कुछ पत्रकार साथी उनसे उनकी राय जानने व उसकी पुष्टि करने की क्या वह अपने भतीजे के हॉस्पिटल पर बैठकर मरीजों को देखते हैं, और सरकारी दस्तावेजों का निस्तारण करते हैं, आदि कई मामलों पर पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछे। इस पर वह बजाए कुछ जवाब देने के बौखला उठे, पत्रकारों के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे इतना ही नहीं लात व घुसें तक चलाये। इस मामले को लेकर पत्रकारों ने जिला कलेक्टर को उसी दिन घटना की जानकारी देकर तत्काल प्रभाव से मामले की जांच के आदेश जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय गहलोत को आदेश दिये। उन्होने भी एक टॉस्क फोर्स गठित कर जांच करवा ली। चिकित्सालय संचालक अनुज मीणा के चिकित्सालय की जांच करवा ली। इसी के तहत जवाजा के थाने में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने मुकदमा संख्या 315 दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को बीएनएस 2023 की धारा 319 ( 2), 318 (4), 271 व 272 के तहत मामला दर्ज किया है। उसके अगले दिन ब्यावर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष विष्णु दत्त धीमान ने भी मार-पिटाई, गाली-गलौज व कवरेज के दौरान हस्तक्षेप करने के मामले को लेकर मुकदमा संख्या 316 दिनांक 18 अक्टूबर 2024 के तहत बीएनएस 2023 की धारा 115 (2), 126 (2), 324 (4) व 351 (2) है।महासचिव श्री सोनी ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री के नाम भेजे गये ज्ञापन में बताया कि पत्रकारों पर हुए हमले के विरोध में अभी तक डॉक्टर हंसराज मीणा के खिलाफ कोई विभागीय कार्यवाही नहीं होने से पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होने बताया कि डॉ. मीणा के हौंसले आज भी इतने बुलन्द है कि वह स्वयं व उसके साथियों द्वारा पत्रकारों को फोन पर धमकाया जा रहा है। और पत्रकारों की रैकी की जा रही है। उन्होने जानकारी देते हुए कहा कि ब्यावर जिला पत्रकार संघ किसी भी पत्रकार साथी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी डॉ. हंसराज मीणा व उसके साथियों की होगी। श्री सोनी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि डॉ हंसराज मीणा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाये। डॉ मीणा द्वारा जांच के दौरान अपने भतीजे के हॉस्पीटल माँ चामुँडा देवी 0101 हॉस्पीटल जवाजा में पूरे समय तक हस्तक्षेप कर अपने अनुसार जांच को अंजाम दिलवा रहा था। चूंकि जांच के दौरान कई चिकित्सकों को धमका भी रहा था जो जांच करने आये थे। इसी तरह कार्यवाही के दौरान हॉस्पीटल में मेडिकल लैब मिली उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई भीम का पता लिखा था लैटर पैड पर। भीम के पते की लैब का जवाजा में संचालित होना गंभीर है। इसका ना तो संचालक का पता और ना ही ब्यावर सी एम एण्ड एच ओ में इसका कोई लाईसेन्स या रजिस्ट्रेश है। इसकी भी जांच की मागं की है। सरकारी हॉस्पीटल के बैड व दवाओँ का उपयोग डॉक्टर के भतीजे अनुज मीणा के हॉस्पीटल में हो रहा था। उसकी भी जांच की जाये।इसी तरह भारी मात्रा में दवाओँ का जखीरा मौजूद था लेकिन कुछ ही दवाओं को सीज किया गया। इस सारे घटनाक्रम के घटित होने के बाद आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई जानकारी उपलब्ध कराना भी उचित नहीं है। जबकि पत्रकार द्वारा बार-बार उच्चाधिकारियों से उक्त मामले की जानकारी मांगी गई, लेकिन उपलब्ध नहीं करवाई गई। डॉ हंसराज मीणा द्वारा आज तक जो भी पोस्टमार्टम किये गये हैं उन सभी की जांच कराई जाए। कुछ ग्रामीणों से हमें सूचना मिली है कि हार्ड-अटैक से मृत्यु होने वाले व्यक्ति का भी पोस्टमार्टम कर सड़क दुर्घटना बता दी जाती है। ऐसी जानकारियां मिली है। यदि इस मामले की एस.ओ.जी. जांच करती है तो एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है। इस प्रकरण की जांच एसओजी से कराने की मांग करता है। डॉ मीणा का आपराधिक रिकोर्ड व सर्विस रिकॉर्ड को भी जांच में शामिल किया जाये। माँ चामुँण्डा देवी होस्पीटल एण्ड चेरीटेबल ट्रस्ट पड़ाव जवाजा की भी जांच करवाई जाये। इसमें भी कई तरह के घपले व अवैध लेन-देन की जानकारी मिली है। उक्त सभी मुद्दों को लेकर कार्यवाही की मांग की है। ब्यावर जिला पत्रकार संघ के महासचिव श्री सोनी ने इस पत्र की प्रति चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर, पुलिस महानिदेशक जयपुर, आयकर विभाग जयपुर, मेडिकल काऊंसिल ऑफ राजस्थान, मेडिकल काऊंसिंल राजस्थान व सभी मिडिया को उक्त घटनाक्रम की जानकारी उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।

## हाईवे पर टैंकरों से केमिकल चोरी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़( नि.स. )।** उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ स्थानों पर कथित रूप से टैंकर चालकों द्वारा होटल संचालकों से मिलकर केमिकल की चोरी की शिकायत की जा रही है। एक फैक्ट्री प्रतिनिधि ने बताया कि हाईवे स्थित मंगलवार से चित्तौड़गढ़ रोड पर और पारसोली से बस्सी के बीच बस्सी टोल के निकटवर्ती स्थान पर हाईवे से निकलने वाले कुछ केमिकल भरे टैंकरो से केमिकल निकालकर अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में संबंधित थानों पर शिकायत की गई। लेकिन टैंकरों से केमिकल चोरी का अवैध धंधा चल रहा है। जिला पुलिस प्रशासन से जांच करवा कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय ब्यावर ग्राम व आयुष्मान आरोग्य मंदिर ब्यावर ग्राम, ब्यावर खास की और से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर ग्राम एवं औषधालय में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया । विद्यार्थियों सहित कुल 650 लोगों को काढ़ा पिलाया गया । चिकित्सा अधिकारी डॉ नेहा शर्मा ने बताया कि विभाग के उपनिदेश डॉ हनुमान मीणा के निर्देशन में क्वाथ वितरण सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि पुखराज चौधरी जी , वरिष्ठ अध्यापक सुरेश कुमार मीणा , हेमेंद्र दगदी एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ, वरिष्ठ नर्स विमला कुमावत , जयललिता कुमारी , आशा अनिता एवं प्रेमलता उपस्थित रहे।

## जे.के.सीमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किया भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** जे. के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा के गौरवशाली 50 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में फाचर पंचायत के बांसा गांव के राजकीय विद्यालय में बांसा और नजदीकी ग्रामीणों के लिए भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर जे.के. सीमेन्ट निम्बाहेड़ा के कॉर्पोरेट सेफ्टी हेड आशुतोष श्रीवास्तव, हेड एचआर एवं आईआर प्रभाकर मिश्रा, टेक्निकल हेड राजेश सोनी, माइंस हेड यतेंद्र शर्मा सहित कई अधिकारीगण उपस्थित रहें। जे.के. सीमेन्ट हमेशा ही आस पास के गांवों एवं समाज के उत्थान और प्रगति के लिए सदैव तत्पर होकर कार्य किए है और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्य करते करेंगे।

## एनपीए, डिफिसिट व डिग्रिटल खातों के निपटारे के लिए एक मुश्त निपटारा योजना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा( नि.स. )।** राजस्थान वित्त निगम की ओर से एनपीए, डिफिसिट व डिग्रिटल खातों के निपटारे के लिए एकमुश्त निपटारा योजना 2023-24 शुरू की गई है। राजस्थान वित निगम के प्रबंधक ने बताया कि निगम की ओर से इकाई की मूल संपत्तियों के विक्रय के बाद शेष बकाया राशि के ऋण खातों का निपटारा ऋण स्वीकृत अवधि के अनुसार शेष मूल राशि का 30 प्रतिशत, 60 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 85 प्रतिशत व अन्य राशि पर किया जा सकता है।

# शोभालाल की हाईटेक नर्सरी की शोभा है टमाटर और मिर्च की खेती

## हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना से बढ़े उन्नति और समृद्धि की ओर कदम

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़( संजय खाबिया )।** बाजार में उतरते चढ़ते भाव न सिर्फ उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं बल्कि किसानों के लिये भी यह बड़ी चुनौती हैं। खेती में नवाचारों के माध्यम से अपने लागत मूल्य को कम कर एवं उत्पादन बढ़ाकर किसान काफी हद तक इसके प्रभावों से बच सकते हैं। इसी का उदाहरण हैं चित्तौड़गढ़ जिले की सुवानिया पंचायत के भवानीपुरा गांव के किसान शोभालाल। जिन्होने अपनी हाईटेक नर्सरी में टमाटर और मिर्च की खेती की जो कि आज उनकी नर्सरी की शोभा हैं। शोभालाल 2016 से ही टमाटर की खेती कर रहे हैं लेकिन उनका तरीका पारम्परिक रहा हैं जिसमें क्यारी पद्धति से पौधे लगाकर उत्पादन लिया जाता हैं। इस पद्धति में जहां खरपतवार और मौसमी बीमारियों से फसल की लागत बढती हैं वहीं दूसरी तरफ गुणवता में कमी से बाजार में उपज का उचित दाम नहीं मिल पाता हैं। शोभालाल भी इसी चुनौती के साथ टमाटर और मिर्च की खेती करते आ रहे थे। 2022 में उन्होने हिन्दुस्तान जिंक की समाधान टीम के सहयोग से टमाटर की उन्नत खेती की शुरुआत की। जिससे उन्हे ड्रीप और मल्चिंग के प्रयोग से खरपतवार और मौसमी बीमारियों के प्रकोप को कम करने में मदद मिली। कम पानी में अधिक उत्पादन करने की यह तकनीक शोभालाल के लिये वरदान साबित हुई। समाधान परियोजना के तहत हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर द्वारा आसपास के क्षेत्र में किसानों को उन्नत खेती के लिये प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण से लेकर उन्नत खाद-बीज देने का कार्य किया जाता हैं। साथ ही समय समय पर प्रगतिशील किसानों के खेतों का अवलोकन कराकर भी अन्य किसानों को उन्नत खेती के प्रति प्रेरित किया जाता है।

शोभालाल ने नर्सरी में पौधे तैयार करने से लेकर उत्पादन तक का प्रशिक्षण समाधान परियोजना से प्राप्त किया। 3 वर्षों से उन्नत खेती कर रहे शोभालाल टमाटर, खीरा ककड़ी और शिमला मिर्च सहित ब्रोकली जैसी महंगी सब्जियों की खेती कर आमदनी को लगातार बढ़ा रहे हैं। आज शोभालाल के खेत पर उच्च गुणवता की सब्जियां पैदा हो रही हैं जिसकी बाजार में अच्छी मांग होने से भाव अच्छा मिल जाता हैं।

## कोटपा एक्ट की पालना नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों पर चालान काटकर की जुर्माना राशि की वसूली



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा( नि.स. )।** प्रदेश में चलाए जा रहे 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी के निर्देशन में जिले में गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्यवाही जारी है। जिले में सोमवार व मंगलवार को कोटपा एक्ट 2003 की पालना नही करने पर लगभग 5 प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करते पाए जाने पर 20 व्यक्तियों के चालान काटकर 650 रूपये की जुर्माना राशि वसूल की गयी। सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत बीडी, सिगरेट, तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले व्यापारियों को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू उत्पाद बेचना दण्डनीय अपराध है, का चेतावनी बोर्ड नहीं लगाने पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के तहत चालान बनाए जा रहे हैं। सभी प्रतिष्ठानों के बाहर उक्त बोर्ड का डिस्पले करने, तम्बाकू उत्पादों को बेचने के लिए लटकाकर रखने तथा बीडी-सिगरेट एवं तम्बाकू उत्पादों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष विज्ञापन नहीं करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत जिला स्तरीय गठित टीम में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष कुमार शर्मा व घनश्याम सिंह सोलंकी द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 व धारा 6 के अंतर्गत उल्लंघन करते पाए जाने पर अब तक 45 व्यक्तियों के चालान काटकर 2250 रू. जुर्माना राशि की वसूली की गई।

# मोबाइल टावर से आरआयू नेटवर्क डिवाइस चुराने वाली गैंग का खुलासा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने मोबाइल टावर से आरआयू नेटवर्क डिवाइस चुराने वाली गैंग का खुलासा करते हुए आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भीलवाडा, राजसमन्द, चितौड़गढ़ में तथा राजस्थान व मध्यप्रदेश की 100 से अधिक वारदातों का भी खुलासा किया है। इनके कब्जे से 15 लाख रुपये व 6 डिवाइश भी पुलिस ने जब्त की है। प्रताप नगर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि 13 सितंबर 2024 को थाने पर इण्डस कम्पनी के सिक्योरिटी सुपरवाईजर राजेन्द्र सिंह ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मानसरोवर झील के पास एयरटेल कम्पनी का टॉवर लगा है। जिस पर लगे आरआरयू चोर चुरा ले गये। इस रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जिले में बढ़ती मोबाइल टावर की आरआरयू डिवाइस चोरी की वारदातों पर अंकुश के लिए एएसपी पारस जैन के निर्देशन व डीएसपी सिटी मनीष बड़गुर्जर के सुपरविजन में एक टीम गठित की। पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरु की। साईबर सेल ने सभी घटनास्थल के 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरो एवं बीटीएस के विश्लेषण से वारदात में शामिल गैंग के मुख्य सरगनाओ सहित सभी आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार के प्रयास शुरू किए। कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार इस गैंग से 06 आरआरयू (नेटवर्क डिवाईस) बरामद किये गये।

# मोबाइल वाहन को न्यायाधीश राशमी पृथा फौजदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी क्षैत्र के ग्रामीणों को कानूनी सामान्य जानकारी एवं विधिक साक्षरता के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को सिविल न्यायाधीश राशमी पृथा फौजदार की अगुवाई में मोबाईल वेन वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि मोबाइल वैन वाहन द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल अधिकार अभियान, नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार, पीड़ित प्रतिकर आदि संबंधी क्षेत्र के आम चौराहों एवं चौपालो पर प्रप्रत्र एवं साहित्य वितरित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।साथ ही आमजन को नालसा हेल्पलाइन टोल फ्री नं. 15100 सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों में लोक अदालत की भावना व मध्यस्थता से आपसी समझौता करने की सलाह दी गयी। जिससे समय व धन की बचत हो सके।उक्त मोबाइल वैन वाहन द्वारा मंगलवार को ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी क्षैत्र की ग्राम पंचायत राशमी, उपरेड़ा, लालपुरा, सांखली, पहुंना में प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान न्यायालय राशमी परिसर में निखिल रोहिला, सुमेर सिंह, मुकेश गाडरी, रामनरेश मीणा, मोहित सोनी, राजू रेगर, गोवर्धन प्रजापत, पुष्पा सुखवाल आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मौसम परिवर्तन के साथ कपासन क्षैत्र में बढ़ रहा वायरल बीमारियों का प्रकोप

## प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपजिला चिकित्सालय पर उपचार हेतु पहुंच रहे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** कपासन -क्षैत्र में मौसम परिवर्तन के साथ मौसमी एवं वायरल बीमारियों के प्रकोप तले प्रतिदिन सैकड़ों मरीज उपजिला चिकित्सालय कपासन पर उपचार लाभ ले रहे है। गौरलतब है कि उपखंड क्षेत्र कपासन में ग्रीष्मकाल बाद मौसम परिवर्तन के साथ क्षैत्र में मौसमी एवं वायरल बीमारियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिये हैं।जिसके तहत नगर के राजमार्ग स्थित उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर प्रतिदिन बुखार, सर्दी, झुकाम इत्यादि वायरल बीमारियों से ग्रसित मरीजो को चिकित्साकर्मियों द्वारा आवश्यक परामर्श के साथ उपचार लाभ प्रदान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उपजिला चिकित्सालय केंद्र कपासन पर मंगलवार को चिकित्सा अधिकारी डॉ. नितिन कलाल आदि चिकित्सकों सहित वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी नारायणलाल रेगर, भूरालाल कुमावत, अशोक त्रिपाठी, नर्सिंग अधिकारी जयंत जोशी, शारदा स्वर्णकार, गायत्री मुंडेतिया, नारायणलाल सेन, सीमा चौधरी, कन्हैयालाल, लेब टेक्नीशियन अरशद खान,गायत्री गर्ग, भोलेशंकर, एक्सरे वार्ड के हेमंत वर्मा आदि चिकित्सा कार्मिकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गयी। इधर चिकित्सा प्रभारी डॉ. नितिन कलाल ने दैनिक बढ़ता राजस्थान संवाददाता को संपर्क में कहाकि क्षेत्रीय आमजन अपने घर एवं प्रतिष्ठानों के इर्दगिर्द अस्वच्छता एवं गंदे पानी का जमाव नहीं होने दे, वाहन उपयोग दौरान मुंह व कानों को ढकना, गर्म व ताजा खाना, पानी को उबालकर पीना तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर समीपवर्ती राजकीय चिकित्सालय पहुंच कर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार लेवे।

# गौशाला संचालन समिति के प्रतिनिधियों ने कपासन विधायक जीनगर को ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान




**कपासन( नि.स. )।** -गौशाला संचालन समिति के प्रतिनिधि मंडल द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर,नगर पालिका अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया को क्षेत्रीय गौशालाओं संबंधी आवश्यक विकास कार्यों से अवगत कराया गया।युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा ने बताया कि नगर में स्थित श्री जेलेश्वर महादेव गौशाला समिति,श्री ब्रम्हाणी माता गौशाला एवं आचार्य श्री नानेश रूपरेखा श्रीराम गौशाला के प्रतिनिधियों द्वारा विधायक अर्जुनलाल जीनगर को गौशाला संचालन में आवश्यक विकास कार्यों को नगर पालिका के माध्यम से पूर्ण कराने हेतु ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहाकि भाजपा सरकार एवं नगर पालिका कपासन बोर्ड गौमाता की सेवा के लिए सदैव संकल्पबद्ध है। विधायक जीनगर द्वारा गौशालाओं में विकास कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

# पुणे टेस्ट की पिच होगी स्लो टर्निंग ट्रैक : काली मिट्टी का हुआ है इस्तेमाल, फिर तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकता है भारत

पुणे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पुणे में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट की पिच स्लो टर्नर हो सकती है। ईएसपीएन की रिपोर्ट के मुताबिक पिच के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल हुआ है। इस वजह से बेंगलुरु की तुलना में पुणे में कम बाउंस देखने को मिल सकता है। पुणे टेस्ट 24 अक्टूबर से शुरू होगा।

बेंगलुरु में पहले टेस्ट मैच में मिली हार की वजह से रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम पर सीरीज़ जीतने और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फ़ाइनल के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत बनाए रखने का दबाव है। इसके लिए भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दोनों टेस्ट मैच जीतना जरूरी है।

बेंगलुरु में बादल और बारिश ने बिगाड़ा था खेल पुणे में भारतीय टीम तीन स्पिनर्स के साथ उतर सकती है। ऐसे में एक बार फिर से रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव की तिकड़ी एक साथ खेल सकती है।

बेंगलुरु के लिए भी टीम ने कुछ इसी प्रकार की स्ट्रैटिजी तैयार की थी लेकिन बादल छाए रहने (ओवरकास्ट कंडीशंस) और बीच बीच में बारिश होने के चलते एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पहले दो दिनों में तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो गई थी। इसी वजह से भारत पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हो गया था। पुणे में अब तक 2 टेस्ट मैच हुए महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम, पुणे में खेला जाने वाला यह तीसरा टेस्ट होगा। यहां पहला टेस्ट 2016-17 में खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन टी ब्रेक होने से पहले 333 रनों के बड़े अंडर से भारत को हराया था। इस मैच की पिच में छोटी दरारें थीं और पिच ने पहले दिन से ही टर्न लेना शुरू कर दिया था। मैच में 40 में से 31 विकेट स्पिनर्स ने चटकाए थे, जिसके बाद मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने पिच को खराब रेट किया था।




पुणे में दूसरा टेस्ट 2019 में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था, जिसमें विराट कोहली ने दोहरा शतक लगाते हुए 254 रन की पारी खेली थी। भारत ने मैच को पारी और 137 रन से जीता था। इस मैच में भी स्पिनर्स को पहले दिन से ही टर्न मिलने लगा था।

रिपोर्ट के मुताबिक टॉस के लगभग एक घंटे बाद ही पिच से सीम मूवमेंट खत्म हो जाएगी। ड्राई सरफेस होने के चलते यहां रिवर्स स्विंग मिल सकती है। ऐसी सिचुएशन में टॉस एक बार फिर महत्वपूर्ण हो सकता है। टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना पसंद कर सकती है।

महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में भारत का हाईएस्ट स्कोर 601 रन महाराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में अब तक 2 मैच हुए हैं। इसमें भारत ने ही सबसे ज्यादा और सबसे कम रन बनाया है। इसमें हाईएस्ट स्कोर 601 रन है जो भारत ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली इनिंग में बनाया था, वहीं लोएस्ट स्कोर 105 रन है जो भारत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था।

दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम में वॉशिंगटन सुंदर शामिल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे और तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड में बदलाव हुआ है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने रविवार को यह जानकारी दी। सुंदर दूसरे टेस्ट से पहले पुणे में टीम से जुड़ेंगे। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में में 8 विकेट से हार झेलनी पड़ी है। स्क्वॉड में आर अश्विन, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव तीन स्पिनर पहले से मौजूद हैं।

## इमर्जिंग एशिया कप...भारत ने यूएई को 7 विकेट से हराया

### अभिषेक शर्मा की फिफ्टी, रसिख सलाम को 3 विकेट; बदोनी का शानदार कैच




ओमान।

इंडिया ए ने इमर्जिंग एशिया कप के अपने दूसरे मैच में यूएई को 7 विकेट से हरा दिया। सोमवार को ओमान के अल अमरात क्रिकेट ग्राउंड में यूएई के कप्तान बासिल अहमद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की तरफ से अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी लगाई जबकि रसिख सलाम ने 3 विकेट लिए।

भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाजी की और यूएई को 16.5 ओवर में 107 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया। इंडिया ए की तरफ से रसिख सलाम ने सबसे ज्यादा तीन विकेट, जबकि रमनदीप ने दो विकेट लिए। 108 रन के टारगेट को भारत ने 10.5 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आयुष बदोनी ने चौका लगाकर मैच जिताया।

राहुल चोपड़ा ने हाफ सेंचुरी लगाई यूएई की शुरूआत खराब रही। टीम ने अपने पहला विकेट पारी के पहले ओवर में मंयक कुमार के रूप में गंवा दिया। एक समय टीम का स्कोर 35 रन पर 4 विकेट था। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए राहुल चोपड़ा ने 50 गेंदों पर 50 रन की पारी खेली। पारी में उन्होंने 3 चौके और दो छक्के लगाए।

उनके अलावा कप्तान बासिल अहमद ने 12 गेंदों पर तेजी से 22 रन की पारी खेली। टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

आयुष बदोनी शानदार कैच लपका यूएई की पारी के 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर मोहम्मद जबादुल्ला ने लॉन्ग ऑफ की तरफ हवाई शॉट खेला। यहां खड़े आयुष बदोनी ने हवा में छलांग लगाकर शानदार कैच पकड़ा।

इंडिया ए ने पावरप्ले में 74 रन बनाए 108 रन का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन पहले ही ओवर में 8 रन के निजी स्कोर पर उमीद साफी रहमान का शिकार बने। प्रभसिमरन के आउट होने के बाद अभिषेक शर्मा और कप्तान तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 बॉल पर 72 रन जोड़े।

अभिषेक शर्मा की हाफ सेंचुरी ओपनर अभिषेक शर्मा ने मात्र 20 गेंदों पर हाफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके 4 छक्के लगाए। उन्होंने 24 बॉल पर 58 रन की पारी खेली। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 बॉल पर 21 रन की पारी खेली।

## पंत और गिल पुणे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे : पंत पहले टेस्ट में चोटिल हो गए थे, गिल की गर्दन में अकड़न की शिकायत



नई दिल्ली

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत और बैटर शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। पहले टेस्ट के दूसरे दिन पंत के घुटने में चोट लग गई थी। वहीं गिल की गर्दन में अकड़न की शिकायत थी। वे पहले टेस्ट में नहीं खेले थे।

भारत के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डोशेट ने मंगलवार को कहा- ऋषभ काफी ठीक हैं। मुझे लगता है कि रोहित (शर्मा) ने दूसरे दिन इस पर बात की थी। घुटने के मूवमेंट में उन्हें थोड़ी परेशानी हो रही थी, लेकिन उम्मीद है कि वे पुणे टेस्ट में खेलने के लिए फिट होंगे।

पंत के उसी घुटने में चोट लगी, जिसकी सर्जरी हुई थी बेंगलुरु में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट के दूसरे दिन पंत के घुटने में चोट लगी थी, जिसके बाद वे मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने कीपिंग की थी। हालांकि पंत ने चोट लगने के बाद कीपिंग नहीं की, लेकिन भारत की दूसरी पारी में बैटिंग के लिए मैदान पर उतरे थे। उन्होंने 99 रनों की पारी खेली थी। पंत के उसी घुटने पर चोट लगी थी, जिसकी कार एक्सीडेंट के बाद सर्जरी हुई थी।

### पहले टेस्ट के दूसरी पारी में पंत का प्रदर्शन

पहले टेस्ट में नहीं खेले थे गिल डोशेट ने गिल की फिटनेस पर कहा, गिल ने पिछले सप्ताह बेंगलुरु में नेट में बैटिंग की थी। उन्हें थोड़ी दिक्कत हो रही है, लेकिन मुझे लगता है कि वे दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे।

रोहित ने पहले टेस्ट के बाद पंत की इंजरी पर अपडेट दिया था बेंगलुरु टेस्ट के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पंत की इंजरी पर कहा था- उनके घुटने की बड़ी सर्जरी हुई थी। यह जरूरी है कि हम इस बारे में थोड़ा सावधान रहें कि वह कहां है और वह हमारे लिए क्या है। जब वह बैटिंग कर रहा था, तो सहज होकर नहीं भाग रहा था। जब आप कीपिंग कर रहे होते हैं, तो आपको हर गेंद पर अपने घुटने के साथ उठना-बैठना होता है। हमने सोचा कि उनके लिए आराम करना और अगले मैच के लिए 100 प्रतिशत फिट होना ठीक होगा।

## साक्षी मलिक के खुलासों से छिड़ा जुबानी दंगल : विनेश फोगाट ने पूछा- कौन सा लालच

### बबीता फोगाट के समर्थन में उतरे हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष

रोहतक।

ओलिंपिक में महिला रेसलिंग में देश को पहला मेडल दिलाने वाली पहलवान साक्षी मलिक की ओर से अपनी ऑटोबायोग्राफी विटनेस में किए गए खुलासों को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस विवाद में पहलवानों और उनके पारिवारिक मेंबरों के साक्षी पर पलटवार के बीच हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने दोनों पक्षों को आरोप-प्रत्यारोप से बचने की सलाह दी है।

साक्षी मलिक ने अपनी बुक में दावा किया कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने लालच में आकर एशियाई गेम्स-2023 के ट्रायल्स में छूट ली। इससे भारतीय कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष और क्क्क के पूर्व सांसद बृजभूषण के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट को लेकर शुरू किए गए पहलवानों के आंदोलन की छवि खराब हुई।

साक्षी ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में यह दावा भी किया कि रेसलरों के आंदोलन के पीछे दंगल गर्ल के नाम से मशहूर क्क्क नेता बबीता फोगाट का हाथ था। जंतर-मंतर पर धरने की परमिशन हरियाणा भाजपा के नेता तीर्थ राणा ने ही दिलाई। कांग्रेस का इस पूरे प्रोटेस्ट से कोई संबंध नहीं था। उधर विनेश फोगाट ने साक्षी की ओर से किए गए खुलासों पर बिना नाम लिए सोशल मीडिया पर लिखा- जो कुछ भी आप सुनते हैं, उस पर विश्वास मत करो। एक कहानी के हमेशा तीन पहलू होते हैं। आपका, उनका और सच।

यही नहीं, इस पोस्ट के बाद विनेश ने मीडिया से बातचीत में कहा- न तो मुझे किसी ने ये बातें लिखित में दी हैं और न ही मैं किसी का मन पढ़ सकती हूं। अच्छी बात ये है कि एक अच्छे काम के लिए हमने लड़ाई लड़ी। वह लड़ाई चल रही है। जब तक दोषी को सजा नहीं दिला देते, लड़ाई जारी रहेगी। साक्षी मलिक के विनेश-बजरंग के मन में लालच आ जाने से जुड़े दावे पर विनेश ने कहा- किस चीज का लालच, आप उन्हीं से पूछिए। खिलाड़ी होने के नाते अगर खिलाड़ियों, अपनी बहनों के लिए बोलना लालच है तो इस लालच को मैं अच्छा मानती हूं। अगर देश के लिए ओलिंपिक तक जाकर मेडल लाने का लालच हमारे अंदर है तो वह मरते दम तक रहेगा।

## कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को नुकसान

### हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग सहित 9 खेल बाहर

एडिनबरा।

2026 में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स से बैडमिंटन, शूटिंग, क्रिकेट, हॉकी, स्क्वॉश, टेबल टेनिस, कुश्ती, ट्रायथलन और आर्चरी को बाहर कर दिया गया है। ग्लासगो कॉमनवेल्थ में केवल 10 इवेंट ही होंगे।

इसमें एथलेटिक्स, स्वीमिंग, आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स, ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, वेटलिफ्टिंग, बॉक्सिंग, जूडो, बाउल्स और बास्केटबॉल शामिल हैं। ये सभी इवेंट चार स्थानों पर होंगे। इसके अलावा पैरा खिलाड़ियों के इवेंट होंगे।

पहले यह कॉमनवेल्थ गेम्स ऑस्ट्रेलिया में होने थे। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने आयोजन से इनकार कर दिया। इसके बाद गेम्स को ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में कराने का फैसला लिया गया।

बर्मिंघम में हुए थे 19 खेल पिछले कॉमनवेल्थ गेम्स (2022 में) इंग्लैंड के बर्मिंघम में हुए थे। इसमें 19 खेल शामिल थे। भारत ने यहां 12 खेलों में मेडल हासिल किए थे। आर्चरी और शूटिंग को बर्मिंघम गेम्स में शामिल नहीं किया गया था।

हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग में भारत ने अब तक 286 मेडल जीते हॉकी, कुश्ती, बैडमिंटन, शूटिंग में भारत ने अब तक 286 मेडल जीते हैं, जिनमें 149 गोल्ड शामिल है। बैडमिंटन में भारत ने 31 मेडल जीते हैं। इनमें 10 गोल्ड, 8 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल हैं। वहीं, शूटिंग में भारत ने अब तक 135 मेडल अपने नाम किए। इनमें 63 गोल्ड, 44 सिल्वर और 28 ब्रॉन्ज शामिल है।




कुश्ती में भारत ने कुल मिलाकर 114 मेडल जीते हैं। इनमें 49 गोल्ड, 39 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज शामिल है। मेंस हॉकी में भारत ने अब तक 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। विमेंस टीम ने इतिहास रचते हुए 2002 में गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी टीम कॉमनवेल्थ में 3 मेडल जीत चुकी हैं।

हॉकी 1998 से कॉमनवेल्थ खेलों का हिस्सा फील्ड हॉकी 1998 से राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा रही है। इसमें ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला टीमों का दबदबा हमेशा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने सात बार (1998, 2002, 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022) गोल्ड मेडल जीते हैं। वहीं, महिला टीम ने चार बार गोल्ड मेडल और एक बार सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

भारतीय पुरुष टीम 2010, 2014 और 2022 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर सिल्वर मेडल जीती। वहीं, भारतीय विमेंस टीम ने 2002 में गोल्ड मेडल जीता था। विमेंस हॉकी टीम 2006 में सिल्वर और 2022 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही थी।

बर्मिंघम खेलों में जीते थे कुल 61 पदक 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल 61 मेडल जीते थे, जिनमें से 22 गोल्ड मेडल थे। भारतीयों ने कुश्ती (12), वेट लिफ्टिंग (10), एथलेटिक्स (8), मुक्केबाजी और टेबल टेनिस (7-7) में सबसे ज्यादा पदक जीते थे। इस कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने सिल्वर मेडल जीता था।

## साउथ अफ्रीका को पहली पारी में 202 रन की लीड : काइल वीरेन का शतक

### तैजुल इस्लाम को 5 विकेट, बांग्लादेश दूसरी पारी में 53/2

मीरपुर।

मीरपुर टेस्ट के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश के खिलाफ पहली पारी में 202 रन की बढ़त ले ली है। मंगलवार को प्रोटियाज टीम 308 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम ने अपने कल के स्कोर 140 रन से आगे खेलना शुरू किया और विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वीरेन के शानदार शतक और वियान मुल्डर की फिफ्टी के चलते टर्निंग ट्रैक पर 308 रन बनाए।

बांग्लादेश की तरफ से तैजुल इस्लाम ने 5 विकेट लिए। जबकि हसन महमूद को 3 और मेहदी हसन मिराज को 2 विकेट मिले। दूसरी पारी में बांग्लादेश ने 2 विकेट खोकर 53 रन बना लिए है। अभी भी वो साउथ अफ्रीका से 149 रन पीछे है। दूसरे सेशन का खेल जारी है। काइल वीरेन और वियान मुल्डर की शतकीय साझेदारी पहली पारी में बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही। टीम ने अपने 6 विकेट 108 रन पर गंवा दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए काइल वीरेन और वियान मुल्डर ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों ने मिलकर 119 रन जोड़े। वीरेन ने शानदार शतक लगाते हुए 114 रन की पारी खेली। वहीं मुल्डर ने 54 रन बनाए।

पहले दिन का खेल... इससे पहले बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 106 रन पर ऑलआउट हो गई है। मुकाबले के पहले दिन बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी।

टीम की ओर से ओपनर महमुदुल हसन जॉय ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। टीम के 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। ओपनर शादमान इस्लाम 0, मोमिनुल हक 4, कप्तान नजमुल हसन शांतो 7, मुश्फिकुर रहीम 11, लिटन दास 1 और मेहदी हसन मिराज 13 रन बनाकर आउट हुए। कगिसो रबाडा, वियान मुल्डर और केशव महाराज को 3-3 विकेट मिले।






रबाडा के सबसे कम गेंदों में 300 विकेट पूरे कगिसो रबाडा ने मुश्फिकुर रहीम को बोल्ड किया। इस विकेट के साथ ही वे सबसे कम गेंद में 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। रबाडा ने 11817 गेंद में 300 विकेट पूरे किए। उन्होंने पाकिस्तान के वकार यूनस का रिकॉर्ड तोड़ा। वकार को 300 विकेट लेने में 12602 गेंद लगी थीं।

मुल्डर ने शुरुआती तीन ओवर में विकेट झटके बांग्लादेश को एक रन के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा, तब शादमान को मुल्डर ने ऐडन मार्करम के हाथों कैच कराया। मुल्डर ने अपने पहले स्पेल के अगले दो ओवर में मोमिनुल और शांतो को पवेलियन भेज दिया। तब स्कोर 3 रन था।

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया। जाकिर अली इस मैच से डेब्यू कर रहे हैं। इस मुकाबले में शाकिब अल हसन को मौका नहीं दिया गया है। कानपुर टेस्ट के दौरान शाकिब ने मीरपुर टेस्ट में अपने करियर का समापन करने की इच्छा जाहिर की थी।

उन्होंने कहा था कि यदि मैं साउथ अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर टेस्ट खेल पाता हूं तो वह मेरे करियर का आखिरी टेस्ट होगा, नहीं तो कानपुर टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय ए टीम घोषित

### ईशान किशन की वापसी, ऋतुराज को मिली कमान

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय ए टीम घोषित कर दी है। 15 सदस्यीय टीम में टीम इंडिया से बाहर चल रहे ईशान किशन को भी शामिल किया गया है।

ऋतुराज गायकवाड़ को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीमों के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है और इससे पहले दोनों टीमों की ए टीमें दो मैच खेलेंगी।

इंडिया ए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैकॉय और मेलबर्न में दो फर्स्ट क्लास मैच खेलेगी, फिर पर्थ में भारत की सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मुकाबला खेलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच पहला टेस्ट 31 अक्तूबर से तीन नवंबर तक खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट सात से 10 नवंबर तक होगा। इसके बाद पर्थ में 15 से 17 नवंबर के बीच इंट्रा स्क्वायड मुकाबला खेला जाएगा।

ईशान को 2024 में सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से कर दिया गया था बाहर फरवरी 2024 में घरेलू क्रिकेट को तरजीह न देने की वजह से ईशान को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था। उस समय बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टीम इंडिया में नहीं खेल रहे क्रिकेटरों को चेतावनी दी थी कि राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए टीम से बाहर चल रहे क्रिकेटर घरेलू क्रिकेट में भाग लें। पिछले साल दिसंबर से टीम इंडिया से बाहर चल रहे ईशान ईशान किशन ने पिछले साल दिसंबर में साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल होने के बाद अपना नाम वापस ले लिया था। उन्होंने निजी कारणों के चलते नेशनल टीम से ब्रेक लिया था। ईशान ने 2 महीने तक कोई कॉम्पिटिटिव क्रिकेट नहीं खेला और अब फरवरी में डीवाई पाटिल टी-20 टूर्नामेंट से वापसी कर ली।

ईशान को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की टीम में भी नहीं चुना गया। उन्हें बाहर करने के सवाल पर हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि ईशान ने अब तक खुद को अवेलेबल नहीं किया है। अगर वह वापसी करना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में अच्छा परफॉर्म करना होगा।

ईशान ने फिर भी अपनी घरेलू टीम झारखंड से एक भी रणजी ट्रॉफी का मैच नहीं खेला। दूसरी ओर, उन्होंने बड़ोदा में पंड्या ब्रदर्स (क्रुणाल और हार्दिक) के साथ प्रैक्टिस करना शुरू कर दिया। ईशान रणजी ट्रॉफी में झारखंड टीम की कर रहे हैं अगुआई ईशान मौजूदा रणजी ट्रॉफी में झारखंड टीम की कप्तानी कर रहे हैं। ईशान ने दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और वह ईरानी कप में मुंबई के खिलाफ शेष भारत टीम का भी हिस्सा थे।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय ए टीम ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उपकप्तान), साई सुदर्शन, नितीश कुमार रेड्डी, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, बाबा इंद्रजीत, ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, खलील अहमद, यश दयाल, नवदीप सैनी, मानव सुथार, तनुष कोटियान।

# पैसों के लिए बिना क्रेडिट फिल्में लिखीं : स्पीकर भी ढोए, सब्र टूटा तो 'स्वर्ग' के पोस्टर पर लिखा नाम; भावुक हुए नो-एंट्री, वेलकम के डायरेक्टर

इनकी फिल्म वेलकम का एक डायलॉग है. सड़क से उठाकर स्टार बना दूंगा। यह डायलॉग इनकी खुद की जिंदगी पर लागू होता है।

हम बात कर रहे हैं डायरेक्टर अनीस बज्मी की। एक मध्यम वर्गीय परिवार से आने वाले अनीस आज इंडस्ट्री के टॉप डायरेक्टर हैं। हालांकि, यहां तक सफर तय करने के लिए इन्होंने सालों लंबा संघर्ष किया है।

अनीस संघर्ष के दिनों में फिल्म के सेट पर स्पीकर ढोते थे। हालांकि, इनके अंदर राइटिंग का हुनर था, जिसकी वजह से देर-सबेर इन्हें फिल्में लिखने का मौका मिल गया। इन्होंने कई फिल्मों की कहानी लिखी, जिसके लिए इन्हें क्रेडिट भी नहीं मिला। 5-6 फिल्में लिखने के बाद 1990 में आई फिल्म स्वर्ग के लिए पहली बार इन्हें क्रेडिट मिला। सिर्फ 25 साल की उम्र में इन्होंने स्वर्ग जैसी फिल्म की कहानी लिख दी थी।

अनीस को लिखने का बहुत शौक था, लेकिन इसमें उलझकर रहना नहीं चाहते थे। राज कपूर के अंडर इन्होंने डायरेक्शन की बारीकियां सीखी थीं। 1995 में पहली बार इन्होंने फिल्में डायरेक्ट करनी शुरू कीं। इसके बाद इन्होंने नो एंट्री, वेलकम और रेडी सहित कई सुपरहिट फिल्मों का डायरेक्शन किया।

### संघर्ष से लेकर सफलता की कहानी, खुद अनीस की जुबानी..

पिता के साथ मुशायरों में जाते थे, वहां पान, बीड़ी और सिगरेट लाने का काम करते थे अनीस कहते हैं, 'ऊपर वाला संघर्ष भी उसी को देता है, जिसको वो लायक समझता है। संघर्ष को लेकर रोना-धोना नहीं चाहिए। मेरे वालिद यानी पिताजी एक शायर थे। वे मुझसे गजलें और नज्में लिखवाते थे। वहां से मुझे उर्दू की समझ हो गई। आठवीं और नौवीं तक आते-आते मैं पिताजी के साथ मुशायरों में जाने लगा। वहां और भी शायर आते थे। मैं उनके लिए पान, बीड़ी और सिगरेट लाता था।' छोटे भाई की बात करने गए थे, इन्हें मिल गया काम अनीस ने आगे कहा, 'आप भले ही मुझे एक डायरेक्टर या राइटर के तौर पर जानते होंगे, लेकिन मैंने करियर की शुरुआत एक्टर के तौर पर की थी। दरअसल, छोटे भाई के लिए बात करने गया था और मौका मुझे मिल गया। सामने से कहा गया कि तुम्हारा भाई तो छोटा है, तुम काम करोगे तो बताओ? खैर, मुझे पैसों की जरूरत थी, इसलिए मैंने हां बोल दिया।'

पैसों की जरूरत थी, इसलिए छोटे-मोटे काम किए एक्टिंग में हाथ आजमाने के बाद अनीस को लगा कि वे इसके लिए नहीं बने हैं। उन्होंने फिर आर्ट, एडिटिंग और साउंड डिपार्टमेंट में भी काम किया। इस तरह डायरेक्शन और राइटिंग में काम करने से पहले इन्होंने छोटे-मोटे कई काम किए। उस वक्त पैशन फॉलो करने से ज्यादा इन्हें पैसों की जरूरत थी।

हर साल रेंट बढ़ता था, इससे बचने के लिए 30 से ज्यादा घर बदले संघर्ष के दिनों में अनीस ने 30 से ज्यादा घर बदले। वे एक घर में 11 महीने से ज्यादा नहीं रुकते थे। हर एक साल पर रेंट बढ़ जाता था। अनीस के पास इतने पैसे नहीं होते थे। अनीस ने सबसे पहले मुंबई के मीरारोड पर एक कमरे का घर खरीदा था। राज कपूर से मिले, वहां से सितारे खुलने लगे इंडस्ट्री में छोटे-मोटे काम करने के बाद अनीस बज्मी एक राइटर से मिले। उस राइटर ने उन्हें राज कपूर से मिलवाया। अब यहां से अनीस बज्मी के सितारे खुलने लगे। उन्होंने कहा, 'राज साहब के अंडर में मैंने डायरेक्शन की बारीकियां सीखीं। उनकी फिल्म प्रेम रोग (1982) में मैं उनका असिस्टेंट था। इसके बाद मैं अलग-अलग डायरेक्टर्स के साथ काम करने लगा। कुल 15 डायरेक्टर्स के साथ मैंने बतौर असिस्टेंट काम किया था।' कहानियां लिखते थे, लेकिन क्रेडिट नहीं मिलता था कुछ वक्त असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर



काम करने के बाद अनीस बज्मी ने फिल्मों की कहानियां लिखनी शुरू कीं। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने कई फिल्मों के लिए घोस्ट राइटिंग भी की। मतलब कहानी इन्होंने लिखी, लेकिन नाम किसी और का गया। इस बारे में अनीस कहते हैं, 'मैं उन फिल्मों का नाम नहीं लूंगा। यह बात सच है कि मैंने बहुत सारी फिल्मों के लिए घोस्ट राइटिंग की है। मुझे उस काम के लिए पैसे मिले थे। हालांकि 6-7 फिल्मों के लिए लिखने के बाद एक वक्त ऐसा भी आया कि मेरे सब्र का बांध टूट गया।'

## अनूप जलोटा बोले-सलमान को बिश्नोई मंदिर जाकर माफी मांगनी चाहिए

### कहा- भले ही काले हिरण की हत्या न की हो, परिवार की सेफ्टी के लिए यह जरूरी



सिंगर अनूप जलोटा ने कहा कि भले ही सलमान खान ने काले हिरण की हत्या न की हो। लेकिन उन्हें बिश्नोई मंदिर में जाकर माफी मांग लेनी चाहिए। उन्हें परिवार और करीबियों की सेफ्टी के लिए यह कदम उठा लेना चाहिए।

एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- मेरी सलमान से छोटी सी रिक्वेस्ट है कि वह अपनी, फैमिली और करीबी दोस्तों की भलाई के लिए मंदिर में जाकर माफी मांगें। मुझे यकीन है कि वे उनकी माफी स्वीकार कर लेंगे। सलमान को जाना चाहिए और फिर सुरक्षित जीवन जीना चाहिए। यह मामले को उलझाने का समय नहीं है। चाहे उन्होंने मारा हो या नहीं, सलमान को माफी मांगनी चाहिए। झगड़े में फंसने से किसी को कुछ नहीं मिलेगा।

### अनूप बोले- मामले को सुलझा लेना चाहिए

अनूप ने आगे कहा- मैं बस इतना कहता चाहता हूं कि यह समय इस बात में पड़ने का नहीं है कि किसने मारा और किसने नहीं। किसी को यह समझना चाहिए कि सलमान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की कथित तौर पर हत्या की गई है। अब फोकस मसले को सुलझाने पर होना चाहिए। कुछ दिन पहले राइटर, एक्टर और फिल्म प्रोड्यूसर सलीम खान ने कहा था कि उनके बेटे सलमान ने कभी काले हिरण का शिकार नहीं किया। उनकी माफी की कोई वजह ही नहीं है। लगातार धमकियां मिलती रहीं, इससे हमारी आजादी छिन गई। सलीम खान बोले थे- सलमान जानवरों से प्यार करता है उन्होंने आगे कहा था, सलमान ने क्या कोई गुनाह किया है? आपने देखा है? आपको मालूम है? आपने जांच-पड़ताल की है? हमने तो कभी बंदूक भी इस्तेमाल नहीं की। सलमान ने कहा मैं तो था भी नहीं उस टाइम, उसको नहीं शौक जानवर मारने का...वह जानवरों से मोहब्बत करता है।'

## करण जौहर को ठग सुकेश ने लिखा लेटर : जैकलीन के लिए धर्मा प्रोडक्शंस में हिस्सेदारी खरीदना चाहता है; खुद पर लगे आरोपों को नकारा

200 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने करण जौहर को लेटर लिखा है। लेटर में उसने जैकलीन के लिए धर्मा प्रोडक्शन में हिस्सेदारी खरीदने की इच्छा जताई है। उसने खुद पर लगे सभी आरोपों को झूठा करार दिया है। सुकेश ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस में 50-70 परसेंट की हिस्सेदारी लेने का प्रस्ताव रखा। सुकेश की पीआर टीम की तरफ से शेयर किए गए लेटर में कहा गया है कि करण जौहर इस प्रस्वात को एक्सेप्ट कर लेते हैं, तो डील 48 घंटे के अंदर पूरी हो जाएगी।

### सुकेश बोला- उसके इरादे ईमानदार थे

लेटर में यह भी लिखा गया कि धर्मा प्रोडक्शंस इन्वेस्टमेंट की तलाश में था और सुकेश की कंपनी एलएस होल्डिंग्स का लक्ष्य कंपनी की ग्रोथ में मदद करना है। सुकेश ने यह भी कहा कि शायद हालिया विवादों के कारण उसका प्रस्ताव असामान्य लग सकता है। लेकिन उसने जोर देकर कहा कि उसके इरादे ईमानदार थे।

### जैकलीन को अपनी लाइफ का प्यार बताया

लेटर में सुकेश ने करण जौहर की तारीफ भी की। उसने करण को अद्भुत इंसान कहा। वहीं जैकलीन को अपनी लाइफ का प्यार बताया। उसने आगे कहा- मेरे लिए फिल्में सिर्फ एक बिजनेस नहीं हैं, बल्कि एक जुनून और भावना है। मैं व्यक्तिगत रूप से फिल्मों का शौकीन हूं।

### रिपोर्ट्स में दावा- रिलेशनशिप में थे जैकलीन-सुकेश

बताते चलें कि सुकेश चंद्रशेखर बीते कुछ सालों से जेल में बंद है। उस पर 200 करोड़ रुपए की ठगी के आरोप लगे हैं। जांच में सामने आया कि सुकेश चंद्रशेखर और जैकलीन फर्नांडिस रिलेशनशिप में हैं। सुकेश ने रिलेशनशिप में रहते हुए जैकलीन को कई कीमती तोहफे दिए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन को भी जांच के दायरे में लिया गया था। जैकलीन के अलावा सुकेश ने नोरा फतेही को भी कई तोहफे दिए थे। उनसे भी ईडी द्वारा पूछताछ की गई थी।





### धर्मा प्रोडक्शंस में 50% हिस्सेदारी खरीदेंगे अदार पूनावाला

अदार पूनावाला की सेरेन प्रोडक्शंस करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस और धर्माटिक एंटरटेनमेंट में 50त्न हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। ये डील 1,000 करोड़ रुपए में होगी। 21 अक्टूबर को कंपनी ने इसकी जानकारी दी।

इस डील के बाद करण जौहर की धर्मा में करीब 50% हिस्सेदारी बचेगी। अभी जौहर के पास धर्मा की 90.7% और उनकी मां हीरू के पास 9.24% हिस्सेदारी है। डील के बाद भी करण जौहर कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन बने रहेंगे। अपूर्व मेहता भी सीईओ बने रहेंगे।

## सलमान खान के सपोर्ट में उतरे सिंगर मीका सिंहः कहा- भाई, तू फिकर न कर; एक्टर को लॉरेंस गैंग से मिल रही हैं धमकियां

सलमान खान को लॉरेंस गैंग से मिल रहीं धमकियों के बीच सिंगर मीका सिंह एक्टर के सपोर्ट में आगे आए। एक लाइव शो के दौरान उन्होंने सलमान के लिए कुछ लाइन्स डेडिकेट की। उन्होंने कहा- भाई मैं भाई तू फिकर न कर। अपुन को बता दे कभी हो गयी फंटर। सलमान की कई फिल्मों के गानों को मीका ने दी है अपनी आवाज मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान के साथ मीका सिंह बहुत स्ट्रॉन्ग बॉन्ड शेयर करते हैं। मीका ने एक्टर की फिल्मों के कई गानों को अपनी आवाज भी दी है। इस लिस्ट में जुम्मे की रात, आज की पार्टी, 440 वोल्ट जैसे गाने शामिल हैं। सलमान के पीछे पड़ा है लॉरेंस लॉरेंस गैंग से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। कुछ समय पहले उनके घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग भी की गई थी। हाल की में एक्टर के करीबी और एनसीपी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई में 12 अक्टूबर को हत्या कर दी गई थी।

## खुद के बच्चे ना होने पर अनुपम खेर हुए इमोशनल : बोले- बच्चों की कमी खलती है, उनकी परवरिश करता तो ज्यादा खुशी होती




अनुपम खेर ने साल 1985 में एक्ट्रेस किरण खेर से शादी की थी। दोनों की लव लाइफ काफी चर्चा में रही थी। हाल ही में अब अनुपम ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की। उन्होंने कहा भले ही पत्नी किरण खेर के बेटे सिकंदर खेर को अपना नाम दिया। लेकिन, उन्हें कभी-कभी अपने बच्चों की कमी खलती है।

दरअसल, एक पॉडकास्ट में अनुपम खेर से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने खुद के बच्चे ना होने की कमी खलती है? इसपर अनुपम ने कहा, बिल्कुल, मुझे अपने खुद के बच्चे ना होने की कमी खलती है। ऐसा पहले नहीं होता था, लेकिन पिछले 8-10 सालों से मुझे अकेलापन फील होता है। मैं सिकंदर के साथ बहुत खुश हूं। लेकिन अगर मैं अपने बच्चों को छोटे से बड़े होते हुए देखता तो शायद वो खुशी अलग ही होती। ये बात मैं ईमानदारी से कह रहा हूं। ये मेरी जिंदगी में कोई ट्रेजडी नहीं है। अनुपम खेर ने आगे कहा, मैं अपनी जिंदगी में ज्यादातर समय बिजी रहा हूं, लेकिन अब 50-55 साल की उम्र में मुझे एक खालीपन फील हुआ। ऐसा इसलिए भी हुआ था क्योंकि किरण और सिकंदर अपनी-अपनी लाइफ में बिजी हो गए थे।

बता दें, अनुपम ने अपनी पहली पत्नी मधुमालती और किरण ने अपने पहले पति बिजनेसमैन गौतम बैरी को तलाक देने के बाद 1985 में एक दूसरे से सादी की थी। जब दोनों की शादी हुई थी तब किरण के बेटे सिकंदर चार साल के थे।

## अब चुलबुल पांडे भी देंगे सिंघम का साथ

### सिंघम अगेन में सलमान खान का कैमियो कन्फर्म; अक्षय और रणवीर सिंह भी नजर आएंगे




रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में सलमान खान की एंट्री अब कन्फर्म हो गई है। फिल्म में वह चुलबुल पांडे के रूप में सिंघम का साथ देते नजर आएंगे। पिछले कुछ समय से सलमान के कैमियो को लेकर सस्पेंस बना हुआ था, लेकिन अब यह स्पष्ट हो गया है। इसके अलावा, फिल्म में सलमान खान, अक्षय कुमार के साथ कई अन्य बड़े सितारे भी नजर आएंगे।

दरअसल, हाल ही में चर्चा थी कि सिंघम अगेन में साउथ सुपरस्टार प्रभास और सलमान खान का कैमियो हो सकता है। जहां सलमान खान को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है, तो वहीं प्रभास के कैमियो को लेकर अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।

मल्टीस्टारर फिल्म है 'सिंघम 3' बता दें, 'सिंघम 3' में अजय देवगन डीसीपी बाजीराव सिंघम बनकर लौट रहे हैं। वहीं इसमें 'सूर्यवंशी' अक्षय कुमार और 'सिंबा' रणवीर सिंह का भी अहम रोल होगा। इसके अलावा करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी इस फिल्म में नजर आएंगे।

'भूल भुलैया 3' से होगा फिल्म का क्लैश यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर थिएटर्स में रिलीज होगी, जहां इसका क्लैश कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' से होगा।

'सिकंदर' की शूटिंग में बिजी हैं सलमान खान सलमान इन दिनों एआर मुरुगदास के साथ फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में बिजी हैं। यह फिल्म अगले साल ईद पर रिलीज होगी। इसमें सलमान के अपोजिट पहली बार रश्मिका मंदाना नजर आएंगी।

## बिग बॉस 18 के सेट पर सिंघम अगेन का प्रमोशन : सलमान खान के साथ शूट करेंगे अजय देवगन-रोहित शेट्टी; भाई अरबाज भी होंगे मौजूद

पिछले हफ्ते बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार एपिसोड में कोई भी बॉलीवुड सेलिब्रिटी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए नहीं आया। इसकी वजह थी शो के होस्ट सलमान खान की सुरक्षा को लेकर चिंता, जो हाल में लॉरेंस गैंग के खतरों के कारण बढ़ गई थी। कहा जा रहा है कि इस वजह से विद्या बालन और कार्तिक आर्यन भी अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के लिए शो में नहीं आए थे।

अब हालात सामान्य होते दिख रहे हैं। इस शुक्रवार, बिग बॉस 18 के सेट पर फिर से हलचल होगी। अभिनेता अरशद वारसी और अरबाज खान अपनी फिल्म बंदा सिंह चौधरी का प्रमोशन करने के लिए शो में आएंगे। साथ ही, रोहित शेट्टी और अजय देवगन भी अपनी नई फिल्म सिंघम अगेन के प्रमोशन के लिए आएंगे। दोनों फिल्म का प्रमोशन एक ही दिन होगा। अरशद और अरबाज अपनी फिल्म के मजेदार किस्से शेयर करेंगे। वहीं, रोहित शेट्टी और अजय देवगन अपने एक्शन सीन और फिल्म के पीछे की बातें करेंगे। ये दोनों एपिसोड एक को शनिवार और दूसरे को रविवार को दिखाए जाएंगे।

पिछले हफ्ते (19 अक्टूबर) को वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान उदास नजर आए थे। यह दुख उनके करीबी दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को गोली मारकर हत्या के कारण था। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ने ली, जिसने कहा कि बाबा और सलमान की दोस्ती इसकी वजह थी।

सलमान को जान से मारने की धमकी भी मिली है, जिससे वह बहुत परेशान हैं। फिर भी, उन्होंने अपने काम की जिम्मेदारी समझते हुए शो के सेट पर आने का फैसला किया। शो के दौरान, सलमान ने कहा कि वह किसी से मिलना नहीं चाहते थे और यहां आना नहीं चाहते थे। उन्होंने बताया कि उन पर कई आरोप लगे हैं और वह अपने परिवार की परेशानियों को समझते हैं।

धमकी मिलने के बाद, मुंबई पुलिस और सलमान की पर्सनल सिक्योरिटी टीम ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। अब सलमान हमेशा बॉडीगार्ड्स से घिरे रहते हैं। बिग बॉस के सेट पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



## लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 : जनवरी 2025 में होगी वापसी, बिग बॉस 18 को करेगा रिप्लेस, शो के फॉर्मेट में बदलाव होंगे

रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स अगले साल जनवरी 2025 में अपने सीजन 2 के साथ लौटेगा। ये शो सलमान खान होस्टेड बिग बॉस 18 को रिप्लेस करेगा। आम तौर पर बिग बॉस का शो 100-106 दिनों तक चलता है, तो ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि लाफ्टर शेफ्स का नया सीजन जनवरी के बीच में शुरू होगा। पहले ऐसी खबरें आई थीं कि लाफ्टर शेफ्स के सीजन 2 को कुछ कारणों से रोक दिया गया था। लेकिन अब चैनल ने इसे आगे बढ़ने का सिग्नल दे दिया है। और इसका प्री-प्रोडक्शन भी शुरू हो चुका है। इस शो को ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट बना रहा है, जो पहले सीजन का भी प्रोड्यूसर था।

बता दें, लाफ्टर शेफ्स सीजन 1 का आखिरी एपिसोड 4 अक्टूबर को टेलीकास्ट हुआ था। इसे ऑडियंस से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। शो में अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, भारती सिंह, अर्जुन बिजलानी, जन्नत जुबैर, रीम शेख, अंकिता लोखंडे-विकी जैन जैसे टीवी के कई बड़े चेहरे थे, जो अलग-अलग कॉमेडी टास्क करते थे। शो को मिलाजुला रिस्पॉन्स मिला था।

### सीजन 2 में नया क्या होगा?

शो के फॉर्मेट में कुछ बदलाव होने की संभावना है ताकि ये पहले से ज्यादा मजेदार और एंगेजिंग बन सके। सीजन 2 में कौन-कौन से एक्टर्स नजर आएंगे, इस पर अभी कोई ऑफिसियल जानकारी नहीं आई है। लेकिन उम्मीद है कि कुछ पुराने चेहरे लौटेंगे और साथ में कुछ नए एक्टर्स भी नजर आ सकते हैं।

### लाफ्टर शेफ्स शो का फॉर्मेट

इस शो में प्रतिभागियों को खास कुकिंग टास्क दिए जाते हैं, जिन्हें मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी जज करते हैं। इनके साथ भारती सिंह भी होती हैं, जो ऑडियंस को एंटरटेन करती हैं। हर हफ्ते, कंटेस्टेंट को तय मानकों के अनुसार अलग-अलग खाना तैयार करनी होती हैं, जिनकी जज हरपाल और भारती करते हैं। शो का खास पहलू ये है कि जो भी कंटेस्टेंट या जोड़ी सबसे सही और टेस्टी डिश बनाती है, उसे स्टार्स दिए जाते हैं। हर हफ्ते के एपिसोड के अंत में, जिस जोड़ी के पास सबसे ज्यादा स्टार्स होते हैं, उन्हें लाफ्टर शेफ्स ऑफ द वीक का खिताब दिया जाता है।



अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## एक लाख पार पहुंची चांदी की कीमत; 80,300 हुआ 10 ग्राम सोने का भाव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भारत में दीपोत्सव का पर्व नजदीक आने के साथ ही सोने और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी आ गई है। मंगलवार को सोने की कीमत में 300 रुपए जबकि चांदी की कीमत में 500 रुपए की तेजी आई। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 80 हजार 300 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख 300 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार दीपावली तक स्टैंडर्ड सोने की कीमत जहां 82 हजार रूपए के आंकड़े को पार कर सकती है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में एक लाख 5 हजार रुपए पर पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया- अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा पाठक और चुनावों की वजह से कीमती धातुओं में निवेश बढ़ा है।

वहीं, भारतीय बाजार में भी त्यौहारी और वेडिंग सीजन करीब आ गया है। जिसकी वजह से हर दिन सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। ऐसे में दीपावली तक 10 ग्राम सोने की कीमत 82 हजार रुपए के आंकड़े पर पहुंच सकती है। जबकि चांदी की कीमत एक लाख पांच हजार रुपए को तक जा सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80 हजार 300 रुपए पर आ गई है। जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 75 हजार रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 61 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 48 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

## लॉरेंस का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को देंगे 1.11 करोड़

### क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष बोले-सुरक्षा की भी जिम्मेदारी; गोगामेड़ी की पत्नी ने कहा-ये निजी बयान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज सिंह शेखावत ने लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को 1 करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया है। राज शेखावत ने गुजरात से वीडियो जारी कर यह घोषणा की।

राज शेखावत ने कहा- मुझे सिर्फ इतना पता है कि हमारे परम आदरणीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या लॉरेंस बिश्नोई ने कराई थी। ऐसे में जो पुलिसकर्मी लॉरेंस का एनकाउंटर करेगा। उस पुलिसकर्मी को करणी सेना की तरफ से इनाम के तौर पर एक करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपए दिए जाएंगे। हमें सुरक्षित और भय मुक्त भारत चाहिए। उन्होंने एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी के परिवार की सुरक्षा का दायित्व लेने की बात भी कही है।

इस मामले पर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी शीला शेखावत ने कहा- राज सिंह शेखावत ने लॉरेंस के एनकाउंटर को लेकर जो बयान दिया गया है। वह उनका निजी पक्ष है। विधिक प्रक्रिया के तहत एनकाउंटर या इस तरह की कोई घटना नहीं हो सकती, जिसकी उन्होंने मांग की है। हम सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के विचारों पर काम करते हैं। हम लोग अन्य के खिलाफ लड़ते हैं। न कि इस तरह लड़ाई लड़ें। हालांकि करणी सेना के कुछ कार्यकर्ताओं के मन में क्या हो। इस बारे में तो मैं भी ज्यादा नहीं कह सकती हूं।

### ठाणे में हिट एंड रन केस

## मर्सिडीज की टक्कर से 21 साल के लड़के की मौत, आरोपी फरार; महाराष्ट्र में 6 महीने में चौथा मामला

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में मर्सिडीज कार ने 21 साल के लड़के को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दर्शन हेगड़े के तौर पर हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना 20 अक्टूबर की रात में हुई। हादसा तब हुआ, जब दर्शन खाना खरीदने के बाद घर लौट रहे थे। नासिक हाईवे की ओर जा रही मर्सिडीज ने उसे टक्कर मारी और ड्राइवर मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने कार को जब्त कर लिया, लेकिन आरोपी ड्राइवर अब तक फरार है। उसकी पहचान अभिजीत नायर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र में 6 महीने में हिट एंड रन का ये चौथा मामला है। पुलिस ने केस दर्ज किया पुलिस ने बताया कि नउपाड़ा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2), 281 और 125 और मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## उपचुनावों में बीजेपी सातों सीट हारेगी : नेता प्रतिपक्ष जूली

### कहा- पीएम से पीकेसी-ईआरसीपी के शिलान्यास की तैयारी आचार संहिता का खुला उल्लंघन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दावा किया है कि सात सीटों पर हो रहे उपचुनावों में बीजेपी एक भी सीट नहीं जीतेगी। सभी सातों सीटों पर बीजेपी हारने जा रही है। जनता बीजेपी को हराने क मन बना चुकी है। बीजेपी सरकार के मंत्री केवल बातें कर रहें हैं, काम किया नहीं। हिम्मत है तो सरकार के 10 महीने के कामों पर ही चुनाव लड़कर दिखा देना। कुछ काम हुआ ही नहीं, जनता इन्हें हराएगी। जूली ने कहा- उपचुनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां दौरे पर आकर ईआरसीपी के शिलान्यास का प्रोग्राम बनाने की बातें चल रही हैं। ईआरसीपी कांग्रेस सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। हम इसके शिलान्यास के खिलाफ नहीं है। पीएम 13 नवंबर के बाद ही इसका शिलान्यास करें। उपचुनावों के बीच शिलान्यास करना नैतिक रूप से गलत है। आचार संहिता का उल्लंघन है। मैंने इसे लेकर पीएम को लेटर भी लिखा है।

जूली ने कहा- राज्य की भाजपा सरकार जयपुर के समीप दादिया गांव में जनसभा की आड़ में 27 अक्टूबर को पीकेसी ईआरसीपी का शिलान्यास कराना चाहती है। जयपुर जिले में आचार संहिता लागू नहीं है, लेकिन जयपुर के पड़ोस के कई जिलों में उपचुनाव हैं। इस जनसभा और प्रस्तावित शिलान्यास का मकसद उपचुनाव में राजनीतिक लाभ उठाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय यदि चुनाव के बीच इस शिलान्यास की अनुमति देता है तो इससे प्रधानमंत्री की गरिमा पर सवाल खड़ा होता है। मतदान से पहले शिलान्यास नहीं हो। इस बारे में कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग को अवगत कराएगी और चुनाव आयोग से दखल की मांग करेगी। जूली ने कहा- चुनाव आयोग इस पर संज्ञान ले कि राज्य सरकार और बीजेपी राज्य में उप - चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास कराकर मतदाताओं को प्रभावित करना चाहते हैं।

# वक्फ बिल पर जेपीसी मीटिंग में भिड़े भाजपा-टीएमसी सांसद

## कल्याण बनर्जी ने बोतल फोड़ी, चेयरमैन की ओर फेंकी; एक दिन के लिए सस्पेंड

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** वक्फ बिल पर मंगलवार को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी और भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच जमकर बहस हुई। इस दौरान बनर्जी ने सामने रखी कांच की बोतल उठाई और टेबल पर दे मारी। पीटीआई के मुताबिक, उन्होंने टूटी बोतल जेपीसी के चेयरमैन भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की ओर भी फेंकी, हालांकि वे बच गए। बनर्जी के इस बर्ताव पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने नियम 347 के तहत उन्हें सस्पेंड करने की मांग की। 9-7 की वोटिंग के बाद उन्हें एक दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया। बनर्जी बैठक छोड़कर चले गए।

बोतल तोड़ने से बनर्जी के अंगूठे और उंगली में चोट लगी है। उन्हें फर्स्ट ऐड दिया गया। 4 टाके लगे हैं। घटना के बाद कुछ देर के लिए मीटिंग रोक दी गई। बनर्जी पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर से सांसद हैं। भाजपा और टीएमसी सांसद के बीच हुई इस तीखी नोक-झोंक के दौरान सेवानिवृत्त जजों और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों समेत कई जानी-मानी हस्तियां भी मीटिंग में सुझाव देने के लिए मौजूद थीं। वक्फ (संशोधन) बिल 8 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था और विपक्ष की आपत्ति के बीच इसे जेपीसी को सौंपा गया था। कमेटी को अगले संसद सत्र के पहले हफ्ते में अपनी रिपोर्ट लोकसभा को सौंपनी है।

कल्याण अचानक उठकर बोलने लगे तो भाजपा सांसद ने टोका संसद में मंगलवार को भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति रिटायर्ड जजों और वकीलों की एक टीम के विचार सुन रही थी। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने सवाल किया कि विधेयक में उनकी क्या हिस्सेदारी है।

कल्याण बनर्जी अपनी बारी से पहले बोलना चाहते थे। वे पहले ही तीन बार बोल चुके थे और फिर से मौका चाहते थे। लेकिन भाजपा सांसद ने इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों के बीच तीखी





नोकझोंक हुई। दोनों ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। कल्याण के इस तरह से हस्तक्षेप करने पर बीजेपी सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय ने उन्हें टोका। इस पर कल्याण ने अचानक बोतल उठाई और पटक दी, जिससे कांच उनके ही हाथ में लग गया। इसके बाद उन्होंने टूटी बोतल चेयरमैन की ओर फेंकी।

### पेट्रोलिंग समझौता : आर्मी चीफ बोले

# भरोसा जमने में वक्त लगेगा

### सीमा पर गश्त इसका जरिया, इसके बाद अगला स्टेप; चीन बोला- मिलकर विवाद सुलझाएंगे


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग समझौते के बाद मंगलवार को चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपना सीमा विवाद मिलकर सुलझाएंगे।

इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को इस समझौते को अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा- सबसे पहले दोनों देशों को दोबारा विश्वास पैदा करना होगा। इसके लिए सैनिकों का एक-दूसरे को देखना और बातचीत करना जरूरी है। पेट्रोलिंग के जरिए इसके लिए सही माहौल मिलेगा।

भारत और चीन ने एक दिन पहले 21 अक्टूबर को पेट्रोलिंग पर सहमति जताई थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत और चीन में सीमा पर पेट्रोलिंग सिस्टम को लेकर समझौता हुआ है। इससे मई, 2020 (गलवान टकराव) से पहले की स्थिति वापस आएगी। यह सकारात्मक है।

आर्मी चीफ बोले- बफर जोन मैनेजमेंट, डी-एस्केलेशन जरूरी भारत और



चीन के बीच समझौता होने के बाद आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा, हम दोबारा भरोसा हासिल करने की प्रोसेस में हैं। इसमें वक्त लगेगा।

सेनाओं का पीछे हटना, बफर जोन मैनेजमेंट भी इसके लिए अहम है। हम भरोसा कैसे पैदा करेंगे? जब हम एक-दूसरे को सुन सकेंगे और एक-दूसरे को संतुष्ट कर सकेंगे। हम यह भरोसा जता पाएंगे कि जो बफर जोन बनाए गए हैं, हम उसमें जाएंगे।

पेट्रोलिंग से आपको ये प्रोसेस करने में आसानी होगी। दोनों पक्षों को एक-दूसरे को समझाने का मौका मिलेगा। एक बार भरोसा जम गया तो इसके बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

क्या है भारत-चीन समझौता पूर्वी लद्दाख में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर अप्रैल 2020 की स्थिति बहाल करने के लिए चीन और भारत राजी हो गए हैं। यानी अब चीन की आर्मी उन इलाकों से हटेगी, जहां उसने अतिक्रमण किया था।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को बताया था कि भारत-चीन के सीमावर्ती इलाकों में पेट्रोलिंग के साथ 2020 के बाद उठे मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ है। इस पर दोनों देश कदम उठाएंगे।

अप्रैल 2020 में चीन ने एक सैन्य अभ्यास के बाद पूर्वी लद्दाख के 6 इलाकों में अतिक्रमण किया था। 2022 तक 4 इलाकों से चीन की सेना पीछे हट गई। दौलत बेग ओल्डी और डेमचोक पर भारतीय सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही थी।

## विधान सभा अध्यक्ष से राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात



**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करके राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाये। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और संतुष्टि का आधार भी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य निर्वहन ही है। देवनानी मंगलवार को विधान सभा में राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी का परिचय लिया। देवनानी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य सेवा में चयन होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का पवित्र स्थल है।

## मदन राठौड़ बोले-टिकट कटने पर निराशा, कोई बागी नहीं रहेगा

### कहा- कांग्रेस में कलह से उम्मीदवार तक नहीं तय हो पा रहे, हमसे क्या सवाल करेंगे?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि बीजेपी में कहीं कोई नाराजगी नहीं है। सभी एकजुट हैं। सातों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। कई बार टिकट की उम्मीद होती है, लेकिन जब टिकट नहीं मिलता है। थोड़ी बहुत निराशा और नाराजगी होती है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने की बात सामने आती है। सब एकजुट हो जाते हैं।

उन्होंने कहा- मैं सोच समझकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि हमारी पार्टी में कहीं पर भी किसी भी सीट पर कोई बगावत नहीं है। सभी सातों सीटों पर हम मजबूत हैं, एकजुट हैं और तय मान कर चलिए कि हम सभी सातों सीट जीतने जा रहे हैं। राठौड़ जयपुर बीजेपी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए राठौड़ ने कहा- कांग्रेस नेताओं के बयानों से उनकी कमजोरी साफ झलक रही है। हमारी पार्टी में 6 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए, सिर्फ एक सीट पर उम्मीदवार घोषित होना बाकी है। उसकी भी जल्द घोषणा हो जाएगी, लेकिन कांग्रेस तो अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा ही नहीं कर पा रही है। कांग्रेस में आपसी कलह इस कदर है कि उनके किसी भी एक सीट पर भी आपसी सहमति नहीं बन रही है। इसलिए कांग्रेस हम पर बयानबाजी करने की जगह अपनी पार्टी को संभाले। कांग्रेस हमसे क्या सवाल कर रही है। हम तो हमारे सभी तैयारी पूरी करके बैठे हैं।

### सत्ता और संगठन में कोई दिक्कत नहीं

विधायक गोपाल शर्मा के कांग्रेस नेताओं की चलने के बयान पर राठौड़ ने कहा- सरकार सबका ध्यान रखकर काम करती है। कानून सम्मत व्यवहार करती है। किसी को अगर कहीं कुछ लगा है, वह अपनी बात को समझाएं और बताए। हम उस पर भी ध्यान देंगे। जहां तक हमारे विधायक गोपाल शर्मा की बात है तो वे गंभीर और समझदार है। हो सकता है उनके कुछ कहने सुनने में कोई गलतफहमी हुई हो। सबका सम्मान है। सत्ता और संगठन में कहीं पर भी कोई दिक्कत नहीं है। जहां तक ऐसा हुआ या हो सकता है तो यह सब काल्पनिक बात है। सरकार में कई बार काम तत्काल नहीं होता। थोड़ा समय लगता है तो विधायक भी धैर्य रखेगा। अब विधायक से जनता मांग करती है तो विधायक सरकार से मांग करते हैं। जो विधायक ने मांग की वह काम पूरा होगा, थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन काम होगा।

### गोबरधन योजना में कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त की जारी

# अमित शाह ने की आरसीडीएफ की सराहना

### राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया




बढ़ता राजस्थान

जयपुर। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गोबरधन योजना के अन्तर्गत आ रहे क्रान्तिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए राजस्थान में डेयरी विकास कार्यकम की सराहना की है। उन्होंने भीलवाड़ा मे लागू की जा रही गोबरधन योजना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोबर उठाने वाली महिलाऐं अब कार्बन क्रेडिट जमा कर अतिरिक्त आय पैदा कर रही हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कार्बन क्रेडिट के मुद्रीकरण के लिये डेयरी क्षेत्र में प्रथम बार की गई इस प्रकार की पहल दुग्ध उत्पादकों के लिये अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादको को चूल्हे के लिये गैस, खेत के लिये खाद और कार्बन क्रेडिट के रूप में अतिरिक्त आय मिल रही है। अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के आणंद में एनडीडीबी के टी.के. पटेल सभागार में एनडीडीबी के हीरक जयन्ती वर्ष और त्रिभुवन दास पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यह सम्बोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रीमती श्रुति भारद्वाज और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी श्रीमती माया देवी कुमावत को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया।

आरसीडीएफ की एमडी श्रीमती भारद्वाज ने इस अवसर पर राजस्थान राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादकों की ओर से शाह को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत की कामना भी की। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ. एस.पी. सिंह बघेल, गुजरात के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री राघव जी भाई पटेल, सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव सुअलका उपाध्याय और एनडीडीबी के चैयरमेन डॉ0 मीनेश शाह भी उपस्थित थे।

फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने बताया कि एनडीडीबी के सहयोग से भीलवाड़ा दुग्ध में पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से छोटी क्षमता के बॉयोगेस संयंत्र लगवाये गये है। इन बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों की रसोई गैस की जरुरत के साथ-साथ खेतों के लिये उच्च गुणवत्ता का जैविक खाद भी उपलब्ध हो जाता है। अब इससे एक कदम और आगे बढ़कर बायोगैस प्लान्टों के माध्यम से मिथेन उत्सर्जन द्वारा कार्बन क्रेडिट्स अर्जित किये जा सकते हैं जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। इसी कार्बन क्रेडिट के ऐवज में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा भीलवाड़ा के दुग्ध उत्पादकों को पहली किस्त दी गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com